✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 257 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में सर्पेन्टाइन नाले पर भूमिगत नाला के साथ चार लेन सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री ने की सात निश्चय पार्ट-3 के तहत सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

# दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित करें बेहतर चिकित्सा सुविधा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में सात निश्चय पार्ट- 3 के तहत 'सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष 'सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट चिकित्सा केन्द्र एवं जिला अस्पतालों को अति विशिष्ट चिकित्सा केन्द्र के रूप में जल्द से जल्द विकसित करें। उन्होंने कहा कि नए मेडिकल कालेज एवं



अस्पतालों में बेहतर पढ़ाई एवं इलाज के लिए लोक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करें। साथ ही प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के अस्पतालों को राज्य में अस्पतालों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों को अलग से प्रोत्साहन की व्यवस्था करें। सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने की नीति शीघ्र लायें। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि लोगों को सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। सभी का जीवन आसान और सुविधापूर्ण हो, इसके लिये पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव हिमांशु शर्मा, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शेरिंग वाई भूटिया सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली बिल के बकाए पर ब्याज माफ करेगी सरकार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में आज बिजली उपभोक्ताओं को लेकर ऊर्ज़ा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बड़ी राहत की घोषणा है। बिजेंद्र प्रसाद यादव के सामने ध्यानकर्षण के दौरान सत्ता पक्ष के कई सदस्यों ने बिजली बिल पर लग रहे चक्रवृद्धि ब्याज को माफ करने की मांग की। बिजेंद्र यादव ने चक्रवृद्धि ब्याज माफ करने को लेकर आश्वासन दिया है। ऐसे में लाखों उपभोक्ताओं को पुराने बिजली बिल में बड़ी राहत मिल सकती है। जदयू विधायक शुभानंद मुकेश ने गरीबों के पुराने बिजली ब्याज को माफ कर मूल राशि को किस्तों में जमा करने की सुविधा की मांग की। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि नीतीश सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली दी है लेकिन पुराने बिजली बिल के कारण गरीबों को इसकी सुविधा नहीं मिल रही है। उनके बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। ऊर्ज़ा मंत्री बिजेंद्र यादव कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है और बकाए के लिए किस्तों में राशि जमा करने की सहूलियत



दी जा रही है। हालांकि एक साथ सभी बकाए को फ्री कर दिया जाय, सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। लोग बिजली जलाते हैं और बिल नहीं देते हैं तो ऐसे में मुश्किल है कि सरकार बिजली बिल माफ कर दे। कई विधायकों की ओर से ब्याज माफ करने की मांग के बाद मंत्री बिजेंद्र यादव ने बड़ा आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं के बकाए राशि में ब्याज का पैसा माफ करने के लिए सरकार विचार करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नवादा के तत्कालीन सीओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही का निर्णय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के एक अंचल अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। नवादा के तत्कालीन अंचल अधिकारी शिव शंकर राय वर्तमान में पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं। इन पर आरोप है कि नवादा सदर अंचल अधिकारी रहते इन्होंने दाखिल खारिज के 619 मामलों को एक बार अस्वीकृत किया, इसके बाद इसी दस्तावेज पर फिर से स्वीकृत कर दाखिल खारिज अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

### कोचिंग की छत से गिरकर छात्रा की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नीट छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला अभी सुलझा भी नहीं था की एक और मामला पटना में सामने आ गया है। इस वक्त की बड़ी खबर पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र से सामने आ रही है, जहां कोचिंग की छत से 12वी की एक छात्रा के गिरने से मौत हो गयी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू की। घटना पटना एम्स गोलंबर के पास स्थित हरी नगर कॉलोनी की है। छात्रा की पहचान फुलवारीशरीफ निवासी 17 वर्षीया पिंकी कुमारी के रूप में हुई है।

### राजस्व उप निरीक्षक शिवपत राम निलंबित

**गढ़वा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए भंडरिया अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व उप निरीक्षक शिवपत राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश पर की गई। मामला 3 फरवरी को आयोजित जनता दरबार में मिली एक लिखित शिकायत के बाद सामने आया था।

### घर से टहलने निकले स्कूल क्लर्क लापता

**गढ़वा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रमना थाना क्षेत्र अंतर्गत परसवान निवासी अविनाश कुमार 11 फरवरी की सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे,लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, बावजूद इसके अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।अविनाश कुमार, स्वर्गीय पच्चू बैठा के पुत्र हैं और बाना हाई स्कूल में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। परिवार के अनुसार उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे चिंता और बढ़ गई है। पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

## सीबीआइ ने नीट छात्रा मौत मामले में दर्ज की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आधिकारिक तौर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एजेंसी ने इस प्रकरण को स्पेशल केस के रूप में दर्ज करते हुए केस नंबर 7एस/26 आवंटित किया है। प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही मामले की जांच में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई की टीम अब राज्य पुलिस और गठित विशेष जांच दल से अब तक की जांच से जुड़े सभी दस्तावेज, साक्ष्य और केस डायरी अपने कब्जे में लेगी। इसके आधार पर आगे की विस्तृत जांच की रूपरेखा तैयार की जाएगी। माना जा रहा है कि सीबीआई की टीम जल्द ही पटना पहुंचकर संबंधित अधिकारियों और गवाहों से पूछताछ शुरू कर सकती है। यह मामला सामने आने के बाद से ही राजनीतिक रूप ले चुका था। विपक्षी दलों ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सदन से लेकर विधानसभा परिसर तक इस मुद्दे को लेकर लगातार हंगामा और प्रदर्शन होते रहे। मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सभी पहलुओं की गहराई से जांच कराने की मांग तेज होती गई थी। बढ़ते राजनीतिक दबाव और जनभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार से इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया था।

## अपराध नियंत्रण के लिए सरकार प्रयासरत : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। सरकार अपराध नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह बात गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष द्वारा उठाये गये सवाल पर कही। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को विधान परिषद में अपहरण के आंकड़ों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में राज्य में अपहरण शीर्ष के अंतर्गत 19 हजार 768 मामले दर्ज किए गए। यह जानकारी उन्होंने राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में दी। सदन में आंकड़े सामने आने के बाद सदस्यों के बीच चर्चा तेज हो गई। गृह मंत्री ने कहा कि सभी मामलों को गंभीरता से दर्ज किया गया है। साथ ही उन्होंने आंकड़ों का विस्तृत वर्गीकरण भी प्रस्तुत किया। सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि कुल दर्ज मामलों में 14 हजार से अधिक मामले शादी की नीयत से घर से भगाने के थे। इन मामलों को भी कानूनी प्रक्रिया के तहत अपहरण की श्रेणी में दर्ज किया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कारणों और पारिवारिक



असहमति के चलते ऐसे मामले सामने आते हैं। हालांकि इन मामलों की प्रकृति अन्य गंभीर आपराधिक अपहरण से अलग होती है। गृह मंत्री ने बताया कि वास्तविक आपराधिक मंशा वाले मामलों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को अलग दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है। गृह मंत्री ने सदन को बताया कि केवल 158 मामलों में ही फिरौती या हत्या की नीयत से अपहरण किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। गंभीर अपराधों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। सरकार का दावा है कि संगठित अपराध पर नियंत्रण के प्रयास जारी हैं। इस संबंध में पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। सम्राट चौधरी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार यदि गुमशुदा व्यक्ति की 24 घंटे में बरामदगी नहीं होती है तो अपहरण का मामला दर्ज करना अनिवार्य है। इसी प्रक्रिया के कारण अपहरण के मामलों की संख्या में वृद्धि दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि यह कानूनी प्रावधान पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। अब्दुल बारी सिद्दीकी के सवाल पर सरकार ने स्पष्ट किया कि आंकड़ों को संदर्भ सहित देखा जाना चाहिए। गृह मंत्री ने भरोसा दिलाया कि कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। सरकार अपराध नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### ट्रिपल मर्डर के आरोपित को फांसी की सजा

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में दिवाली के दिन अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या करने वाले को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। जज ने इस क्राइम को हीनियस माना है। मामला छह साल पुराना है। बताया जाता है कि विकास कुमार ने मचहा गांव में जमीन के लिए अपने भाई-भाभी, और भतीजी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनके एक भतीजे पर भी गोलियां बरसाईं लेकिन निशाना चूक गया। शिवम ने भागकर अपनी जान बचाई। गुरुवार को एडीजे-3 के न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह ने विकास कुमार को फांसी की सजा सुनाई। आरोपी को बेऊर जेल से बेगूसराय जेल लाया गया था। इसके बाद आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई की गई। दरअसल अदालत ने सजा के लिए बुधवार 11 फरवरी की तारीख निर्धारित की थी लेकिन आरोपी विकास कुमार के बेऊर जेल से समय पर नहीं आने के कारण आज सजा सुनाई गई।

## राजस्व विभाग में 46 लाख आवेदन लंबित : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को विधानसभा में विभाग की लंबित फाइलों की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि विभाग के पास कुल 46 लाख आवेदन लंबित हैं। इनमें से अकेले 40 लाख आवेदन परिमार्जन से संबंधित हैं। यह जानकारी प्रश्नकाल के दौरान दी गई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन नाम और पिता के नाम की त्रुटियों से जुड़े हैं। तकनीकी और अभिलेखीय गड़बड़ियां प्रक्रिया में देरी का कारण बन रही हैं। बरौली विधायक मंजीत कुमार सिंह ने असर्वेक्षित भूमि का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि सितंबर 2024 में पटना उच्च न्यायालय ने असर्वेक्षित जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटा ली थी। इसके बावजूद कई जिलों में दाखिल-खारिज की प्रक्रिया नहीं हो



पा रही है। उन्होंने अररिया, अरवल, बांका, बेगूसराय, जमुई और जहानाबाद समेत कई जिलों का उल्लेख किया। सूबे के कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय और मधेपुरा में भी यही स्थिति है। सारण, सिवान और गोपालगंज सहित अन्य जिलों में भी लोग परेशान हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि असर्वेक्षित भूमि का खाता-खेसरा निर्धारित नहीं होने के कारण दाखिल-खारिज में परेशानी आ रही है। भूमि अभिलेखों के अभाव में स्वामित्व सत्यापन जटिल हो जाता है। इसी वजह से आवेदन लंबित रह जाते हैं। सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए हैं। 29 अक्टूबर 2024 को सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को सर्वे का निर्देश जारी किया गया है। सर्वे प्रक्रिया तेज कर विवादों को कम करने की कोशिश की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विषय में महाधिवक्ता से भी परामर्श किया गया है। सरकार जमीन विवादों से मुक्ति के लिए गंभीर और संवेदनशील है। परिमार्जन से जुड़े आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का प्रयास हो रहा है। तकनीकी त्रुटियों को सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लंबित मामलों के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई होगी। सरकार का लक्ष्य है कि भूमि से जुड़े विवादों को कम कर पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** किशनपुर थाना अंतर्गत नेमनवा चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 327ए पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे तेज रफ्तार ने दो युवकों की जान ले ली। दो बाइकों के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए हाईवे पर 30 मिनट तक यातायात ठप हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और




ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेजा। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी। थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह मानी जा रही है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है।

## बिहार के ग्रामीण इलाकों की बदलेगी पुलिसिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ग्रामीण इलाकों की पुलिसिंग को और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गृह विभाग ने 11 जिलों में नियुक्त ग्रामीण एसपी के क्षेत्राधिकार और अधिकार स्पष्ट करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, थानों की निगरानी और प्रशासनिक कार्रवाई की जिम्मेदारी अधिक व्यवस्थित और जवाबदेह तरीके से तय की गई है। पुलिस महकमा ने राज्य में बेहतर और मुस्तैद पुलिसिंग के लिए राज्य में 11 जिलों में निर्धारित ग्रामीण एसपी (पुलिस अधीक्षक) के क्षेत्राधिकार को निर्धारित करते हुए उनके अधिकार स्पष्ट कर दिए गए हैं। इससे संबंधित अधिसूचना गृह विभाग ने जारी कर दी है। इसके अनुसार, 2022 में गठित ग्रामीण एसपी के 11 अलग-अलग पदों के अधीन आने वाले अनुमंडल और उनके अंतर्गत आने वाले थानों की संख्या का निर्धारण किया गया है। संबंधित जिलों के एसपी कार्यालयों के शाखाओं का बंटवारा एसपी (ग्रामीण) और अन्य के बीच करेंगे। गृह विभाग ने सितंबर 2022 में बिहार पुलिस सेवा संवर्ग के अंतर्गत 181 पदों का सृजन किया गया था। इसमें ग्रामीण एसपी के 11 पद भी शामिल हैं। अब इनके अधिकार और कार्य क्षेत्र का भी निर्धारण कर दिया गया है। अपने क्षेत्र के अधीन आने वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, कांडों की समीक्षा एवं अपराध नियंत्रण के साथ ही सभी महत्वपूर्ण विषयों से जिला एसपी को अवगत कराना। अपने अधीन थानों की अपराध पंजी, दैनिक प्रतिवेदन, पेट्रोलिंग चार्ट समेत अन्य का नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण करना। अपने क्षेत्राधिकार पदस्थापित दारोगा और उनके नीचे के पदाधिकारी (सिपाही और हवलदार) को निलंबित कर सकते हैं। पुलिस लाइन के पदाधिकारियों का निलंबन जिला एसपी से विमर्श करने के बाद कर सकते हैं। सप्ताह में कम से कम एक बार पुलिस परेड में भाग लेंगे। पुलिस सभा में मौजूद रहेंगे।

## भागलपुर-दुमका रेलमार्ग का दोहरीकरण शीघ्र : जीएम

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने आज यहां कहा कि मालदा रेलमंडल के बिहार एवं झारखंड स्थित भागलपुर-दुमका और रामपुरहाट -दुमका रेलमार्ग का दोहरीकरण शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने गुरुवार को भागलपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि दोनों रेलखंडों के दोहरीकरण के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा रही है और जल्द से जल्द निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। दोहरीकरण होने के बाद इस रेलखंडों पर सभी ट्रेनों का परिचालन सुचारु रुप से होगा और यात्रियों को नई ट्रेनों की सौगात भी मिलेगी। श्री देउस्कर ने बताया कि इस रेलमंडल में भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए प्रारंभिक कार्य जल्द शुरु किया जा रहा है। तीसरी लाइन के चालू होने से भागलपुर-किऊल मुख्य रेलमार्ग पर यात्री ट्रेनों के दबाव



में कमी आने के साथ साथ मालवाहक ट्रेनों का परिचालन निर्बाध रुप से हो पाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि मालदा मंडल के भागलपुर-दुमका, दुमका-रामपुरहाट, बांका-भागलपुर, साहेबगंज-भागलपुर और जमालपुर-भागलपुर रेल मार्ग पर सभी ट्रेनों का परिचालन बेहतर तरीके से हो रहा है। इन रेल मार्गो के रखरखाव में सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि मालदा रेलमंडल के साहेबगंज, जमालपुर, गोड्डा, देवघर और मालदा स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार वृद्धि की जा रही है। खासकर, भागलपुर स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि जल्द मिलने वाली है। जिससे यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध होगी। श्री देउस्कर ने बताया कि होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व रेलवे की ओर से बड़ी संख्या में ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। वहीं यात्रियों की भीड़ में वृद्धि की संभावना को देखते हुए करीब एक दर्जन अतिरिक्त ट्रेन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ताकि होली में अपने घर आने वाले यात्रियों को परेशानी नहीं हो सके। मौके पर पूर्व रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री) उदय शंकर झा एवं मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।

### बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स के लिए बिहार का चयन

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आज 01 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में स्पोर्ट्स स्टार एसेस डेलीगेशन ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डेलीगेशन ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि बिहार को स्पोर्ट्स स्टार एसेस अवार्ड्स 2026 में बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स चुना गया है। डेलीगेशन ने बताया कि बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा खेल की तरक्की के लिये किये जा रहे कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर तारीफ हो रही है। नेशनल लेवल पर स्पोर्ट्स डेवलपमेंट में बिहार की लगातार तरक्की को नेशनल जूरी टीम ने माना है। यह अवार्ड एक जानी-मानी नेशनल जूरी ने दिया है, जिसके चेयरमैन सुनील गावस्कर हैं और इसमें अभिनव बिंद्रा, विश्वनाथन आनंद, अंजलि भागवत, अपर्णा पोपट और एमएम सोमैया जैसे जाने-माने स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इसके लिये बिहारवासियों की तरफ से धन्यवाद दिया और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

CMYK

# पूर्व रेलवे के जीएम ने किया दुमका, बांका व भागलपुर स्टेशन का व्यापक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने हावड़ा, आसनसोल एवं मालदा मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण रेल खंडों का व्यापक उच्च स्तरीय निरीक्षण किया। गुरुवार को दिनभर चलने वाले इस निरीक्षण विंडो-ट्रेलिंग के तहत रामपुरहाट से दुमका तक किया गया। उन्होंने स्टेशन-वार निरीक्षण करते हुए चल रही अवसंरचना परियोजनाओं, परिचालन सुरक्षा में सुधार तथा अमृत भारत स्टेशन योजना की प्रगति की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्षों, मंडल रेलवे प्रबंधकों और वरिष्ठ मंडल अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक का यह दौरा पश्चिम बंगाल और झारखंड को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर केंद्रित रहा। उन्होंने दुमका रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया जिसमें रनिंग रूम और क्रू बुकिंग लॉबी शामिल थे। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत भी की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यात्रियों की सुरक्षा लोकोमोटिव पायलटों और गार्डों के हाथों में है। उन्होंने अधिकारियों को रनिंग रूम में स्वच्छता और विश्राम सुविधाओं के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना-मुक्त संचालन के लिए कर्मचारियों का अच्छी तरह से आराम करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री देउस्कर ने देवघर रेलवे स्टेशन, पिट लाइन तथा चल रहे दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उनके दौरे का एक महत्वपूर्ण भाग जसीडीह बाईपास लाइन के निरीक्षण के लिए समर्पित था। श्री देऊस्कर ने जसीडीह बाईपास को रणनीतिक प्राथमिकता बताया। यह लाइन यातायात को सुचारू बनाने और भीड़भाड़ कम करने के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ट्रेनों को भीड़भाड़ वाले जसीडीह जंक्शन से बायपास करने की अनुमति देता है। उन्होंने इंजीनियरिंग टीम को निर्धारित समयसीमा के भीतर दोहरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# अखिल रेल हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल का परचम

## प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर रचा गौरवपूर्ण इतिहास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के तत्वावधान में आयोजित प्रथम अखिल रेल हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर गौरवपूर्ण इतिहास रचा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारतीय रेल वित्त प्रबंधन संस्थान, सिकंदराबाद में आयोजित की गई जिसमें भारतीय रेल के विभिन्न जोनों एवं उत्पादन इकाइयों की कुल 28 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में लगभग 84 प्रतिभागियों ने अपनी ज्ञान-प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पूर्व मध्य रेल की विजेता टीम में लेखा विभाग के सहायक वित्त सलाहकार (बजट) राकेश रंजन लाल तथा इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (ड्राइंग एवं डिजाइन) आमिर परवेज एवं कार्यालय अधीक्षक शशिकांत सिंह शामिल थे। टीम के प्रबंधक के रूप में विनय कृष्ण, वरिष्ठ अनुवादक (राजभाषा) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाइनल चरण में छह टीमों के मध्य हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में पूर्व मध्य रेल की टीम ने अपने गहन ज्ञान, त्वरित उत्तर देने की क्षमता तथा उत्कृष्ट

# साल में सातवीं बार और हफ्ते में तीसरी बार बम धमकी, पटना सिविल कोर्ट खाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित सिविल कोर्ट परिसर में एक वर्ष के भीतर सातवीं बार और इसी सप्ताह तीसरी बार बम ब्लास्ट की धमकी मिलने से बुधवार को अफरा-तफरी मच गई। ई-मेल के जरिए धमकी मिलने के बाद एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया जिससे अदालती कामकाज पूरी तरह ठप रहा। प्रातः न्यायालय का कार्य शुरू होने से पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय के आधिकारिक ई-मेल पर संदेश प्राप्त हुआ जिसमें 11:45 बजे कोर्ट परिसर में पांच बम धमाके किए जाने की चेतावनी दी गई थी। ई-मेल मिलते ही सिविल कोर्ट के प्रभारी निबंधक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और जिला अधिवक्ता संघ के सचिव को अवगत कराते हुए सुरक्षा कारणों से परिसर खाली कराने का अनुरोध किया। सूचना के बाद सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता और आमजन को कोर्ट परिसर से बाहर निकाल दिया गया। किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। वकीलों ने भी परिसर स्थित अपने बैठने की जगह खाली कर दी और न्यायालय से बाहर चले गए। इसके बाद पटना पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की सघन तलाशी शुरू की। भोजनावकाश से पूर्व व्यापक जांच के बावजूद कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय परिसर में प्रवेश की अनुमति तो दे दी गई, लेकिन इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ की ओर से अपने एक साथी महिला अधिवक्ता डॉ. इंदिरा राज लक्ष्मी की संदिग्ध मृत्यु को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक के कारण अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य में भाग नहीं लिया, जिससे अदालतों में कामकाज नहीं हो सका। गौरतलब है कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी का यह सिलसिला लगातार बढ़ रहा है।

# बिहार की कृषि को हाई वैल्यू फसलों पर केंद्रित करना जरूरी : राम कृपाल यादव

## बामेती में 'प्रगतिशील एवं लाभकारी कृषि पद्धतियां' पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बामेती, पटना के सभागार में गुरुवार को 'बिहार में प्रगतिशील एवं लाभकारी कृषि पद्धतियां' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल ने की। इस अवसर पर भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद के प्रोफेसर एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. अशोक गुलाटी ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र की भावी रणनीतियों, किसानों की आय वृद्धि और निर्यात संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार में कृषि के बदलते स्वरूप, बाजार की मांग और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर व्यापक चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि धान और गेहूं में आत्मनिर्भरता के बाद अब राज्य की कृषि नीति को दलहन, कैश क्रॉप और हाई-वैल्यू फसलों के उत्पादन एवं निर्यात की ओर केंद्रित करने की आवश्यकता है। कृषि के विविधीकरण से किसानों की आय में सतत और संरचित वृद्धि संभव होगी। उन्होंने बताया कि दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बिहार को 97 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रीय दलहन परामर्श एवं रणनीति कार्यक्रम के तहत राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही जिलावार फसल चक्र की वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार कर स्थानीय जलवायु, मृदा गुणवत्ता और बाजार की मांग के अनुरूप खेती को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की कृषि को प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए एरिया-स्पेसिफिक और जोन-स्पेसिफिक खेती की स्पष्ट रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने हरा चना उत्पादन के विस्तार पर विशेष बल देते हुए कहा कि इसकी आपूर्ति अन्य राज्यों तक सुनिश्चित कर किसानों को बेहतर बाजार और मूल्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने उद्यानिकी क्षेत्र में बदलाव को किसानों की आय वृद्धि के लिए आवश्यक बताया। आईसीआरआईईआर के प्रोफेसर डॉ. अशोक गुलाटी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और निर्यात को गति देने के लिए मजबूत वैल्यू चेन का निर्माण जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था और सड़क आधारभूत संरचना में हुए सुधार से कृषि विपणन और निवेश को बढ़ावा मिला है। उन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दक्षिणी बिहार में दलहन और उत्तरी बिहार में गन्ने से इथेनॉल उत्पादन की संभावनाओं तथा लीची जैसे उत्पादों की ब्रांडिंग पर भी बल दिया।

# टैलेंट हंट और संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम और संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश के नेताओं के साथ अहम बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नेताओं को आवश्यक निर्देश दिया और नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम को लेकर आवेदनों की अद्यतन जानकारी ली और उसमें गति देने के लिए जिलेवार समीक्षा की गई। बैठक में बिहार कांग्रेस कनेक्ट के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, असितनाथ तिवारी, राजीव मेहता, प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, मिन्नत रहमानी, रवि कुमार, विमलेश तिवारी सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। साथ ही संगठन सृजन को लेकर बैठक का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी को विस्तृत जानकारी दी और आने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर वैद्यनाथ शर्मा, अरविन्द लाल रजक, डा. कमलदेव नारायण शुक्ला, मनोज शर्मा, केशर कुमार सिंह, संजय महाराज, सुधीर शर्मा, अरविन्द कुमार चौधरी, मृणाल अनामय, डा. अमन कुमार, रंजीत कुमार वाल्मीकी, मिथिलेश निषाद, नदीम अंसारी, पंकज यादव, डा. सत्येन्द्र कुमार, शिवम राज, राज कुमार, रामशंकर कुमार पान, विनोद कुमार विद्यार्थी, चन्द्रभूषण राजपूत सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# एआइसीसी ने बिहार में संगठन सृजन के लिए नियुक्त किए जिलावार ऑब्जर्वर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने बिहार में संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर जिलावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इस आशय की सूची जारी करते हुए सभी एआईसीसी ऑब्जर्वर को उनके जिले का आवंटन कर दिया गया है। संगठन सृजन कार्यक्रम में कुल 29 वरिष्ठ नेताओं की नियुक्ति की गई है। इसमें पश्चिम चम्पारण के लिए निलांशु चतुर्वेदी, पूर्वी चम्पारण -हिम्मत सिंह पटेल, शिवहर और सीतामढ़ी के लिए संजय चोकर, मधुबनी -अखिलेश शुक्ला, सुपौल एवं सहरसा के लिए विनोद सुलतानपुरी, अररिया एवं किशनगंज के लिए अफताब अहमद, पूर्णियां एवं मधेपुरा के लिए संजय कपूर, कटिहार- अरूण यादव, दरभंगा- संगीता वेनीवाल, मुजफ्फरपुर -मानस चौधरी, गोपालगंज -मकसूद खान, सिवान-मलेन्दर राजन, सारण-सत्यनारायण पटेल, वैशाली डा. रागनी नायक, समस्तीपुर -अब्दुल हनान, बेगूसराय -ममन खान, खगड़िया एवं मुंगेर के लिए राव दान सिंह, भागलपुर एवं बांका के लिए देवाशीष पटनायक, लखीसराय एवं जमुई के लिए समीना शेक, नालन्दा- रणविजय लोचव, पटना ग्रामीण-2 -भजन लाल जाटव, पटना शहर एवं पटना ग्रामीण-1 -अशोक सिंह, भोजपुर -अम्बा प्रसाद, बक्सर एवं कैमूर के लिए राजेश कछप, रोहतास-श्वेता सिंह, अरवल एवं जहानाबाद के लिए नीतू वर्मा सोई, औरंगाबाद-राजेश ठाकुर, गया-योगेश दीक्षित, नवादा एवं शेखपुरा के लिए जयशंकर पाठक को निम्नलिखित जिला आवंटित किया गया है।

# विपक्ष के नेता को बजट सत्र से गायब रहना लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए ठीक नहीं : संजय सरावगी

## हार के बाद विपक्ष के नेता को जबरदस्त 'शॉक'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के बिहार बजट सत्र में शामिल न होने को लेकर कहा कि विपक्ष के नेता लगातार सदन से अनुपस्थित रहे हैं यहां तक कि बजट सत्र जैसे महत्वपूर्ण सत्र में भी नजर नहीं आए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि विपक्ष के नेता लगातार गैरहाजिर रहे हैं। ऐसा लगता है कि उनकी रुचि खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीखें चुनाव परिणाम आने से पहले ही तय हो गई थीं। सरकार बनने के बाद पहले सत्र में भी विपक्ष के नेता अनुपस्थित रहे। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए ठीक नहीं बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद विपक्ष के नेता को जबरदस्त 'शॉक' लगा है। इनका सूपड़ा साफ हो गया। एक सीट से बच गए। एक सीट कम आती तो विपक्ष के नेता भी नहीं बनते। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को सदन में रहकर सरकार को राज्य के हित में कुछ सुझाव देना चाहिए था, लेकिन इन लोगों को कोई मतलब नहीं है। बिहार की जनता भी सब देख रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर केवल अभद्र बातें करना इन्हीं लोगों का काम रह गया है। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है। आर्थिक विकास में बिहार ने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा विकास के पैमाने पर जो आंकड़ा आना चाहिए, उन सभी आंकड़ों में बिहार देश के परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ता हुआ दिखाई पड़ रहा है। विपक्ष को इससे कोई मतलब नहीं है।

# 41वां रामकृष्ण परमहंस स्मृति अन्तर्जालीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रामकृष्ण परमहंस महान आध्यात्मिक गुरु, दक्षिणेश्वर काली मंदिर के अद्भुत पुजारी, अद्वैत दर्शन के पुरोधा, स्वामी विवेकानंद को ईश्वर से साक्षात्कार करानेवाले, मानवसेवा ही ईश्वर सेवा के प्रबल समर्थक एवं मां काली अनन्य भक्त थे। ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने निरन्तर 41वें महामानव रामकृष्ण परमहंस स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व संयुक्त निदेशक (पेंशन) एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के संरक्षक धर्मेंद्रपति त्रिपाठी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न महामानव थे। उनका अद्भुत चरित्र था। मुख्यातिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डा. मिथिलेश झा ने कहा कि संस्कृत भाषा के लिए निरन्तर 41वां शिविर का संचालन मां काली की कृपा से ही संभव हो रहा है। मुख्य वक्ता गंगा देवी महिला महिला महाविद्यालय पटना एवं अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा ने विस्तार से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, जगत नारायण लाल महाविद्यालय खगौल की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ अवन्तिका कुमारी, एम एल टी महाविद्यालय सहरसा की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की डा नीरा कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, विमलेश कुमार पांडेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# मगही फिल्म निर्माताओं को मुफ्त में मिलेगी ऑनलाइन ट्रेनिंग

## 14 फरवरी को तीन घंटे का दिया जाएगा प्रशिक्षण, आगे भी होगी कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मगही कनेक्शन के तत्वावधान में मगही फिल्म निर्माण के इच्छुक आमजन को मुफ्त में ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। बॉलीवुड फिल्म निर्देशक अभिलाष शर्मा सभी लोगों को ऑनलाइन फिल्म निर्माण की बारीकियां सिखाएंगे। मगही फिल्म मेकर्स को बताया जाएगा कि अपनी पहली शॉर्ट फिल्म कैसे बनाएं। 14 फरवरी को शाम छह से नौ बजे तक तीन घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, आगे भी कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इस आशय की जानकारी देते हुए मगही कनेक्शन के संयोजक विजेता चंदेल ने बताया कि फिल्म महोत्सव के तहत चल रही फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मात्र 20 दिन शेष हैं। यदि कोई व्यक्ति मगही भाषा में फिल्म बनाना चाहते हैं, लेकिन शुरुआत नहीं कर पा रहे तो अभिलाष शर्मा द्वारा आयोजित 3 घंटे की मुफ्त ऑनलाइन वर्कशॉप उनके लिए बेहतरीन अवसर है। यह वर्कशॉप विशेष रूप से उन नवागंतुकों के लिए डिजाइन की गई है जिन्होंने कभी फिल्म नहीं बनाई। इसका उद्देश्य फिल्म मेकिंग के डर को दूर करना और पहली फिल्म को सीखने की प्रक्रिया के रूप में प्रोत्साहित करना है– परफेक्ट फिल्म का दबाव नहीं, बल्कि शुरू करने और पूरा करने की हिम्मत सिखाना है। यह वर्कशॉप मगही फीचर फिल्म 'स्वाहा' के निर्देशक अभिलाष शर्मा द्वारा ली जाएगी जिनका फिल्ममेकिंग का अनुभव राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। वर्कशॉप पूरी तरह निःशुल्क है। रजिस्ट्रेशन के लिए मगही महोत्सव के सोशल मीडिया पेज पर अपनी सहमति व्यक्त करनी है। मगहीभाषी अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप में प्रशिक्षणार्थी सीखेंगे कि फिल्म का आइडिया रोजमर्रा की जिंदगी, यादों और भावनात्मक पलों से कैसे निकाला जाए? आइडिया और कहानी के बीच फर्क, सादगी की महत्वता तथा कहानी की शुरुआत-बीच-अंत को कैमरे से कैसे दिखाया जाए, यह सरल तरीके से समझाया जाएगा। इसके बाद शूटिंग-योग्य स्क्रिप्ट लिखना, बेसिक निर्देशन, कम किरदारों-स्थानों में प्रभावी फिल्म बनाना, कैमरा फ्रेमिंग, मूवमेंट और नॉन-एक्टर्स के साथ काम करने के आसान तरीके सिखाए जाएंगे।

# सोनालीका ने लांच की नई गोल्ड सीरीज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सोनालीका ने किसानों के भरोसे के 30 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए लांच की बिल्कुल नई 'गोल्ड सीरीज, जो ब्रांड की मूल सोच' जब किसान आगे बढ़ता है, देश आगे बढ़ता है' का सशक्त प्रतीक है। सोनालीका की ओर से पेश की गई बिल्कुल नई सोनालीका 'गोल्ड सीरीज' एक प्रभावशाली कदम है जिसमें कंपनी ने दो नए फ्लैगशिप ट्रैक्टर - गोल्ड डीआई 745 और गोल्ड डीआई 55 लॉन्च किए हैं। यह नई ट्रैक्टर सीरीज उन्नत इंजीनियरिंग और बेहतर प्रदर्शन का मिश्रण है जो उद्योग मानकों को नई ऊंचाई देते हुए किसानों को आज के लिए आत्मविश्वास और भविष्य के लिए आश्वासन प्रदान करती है।

# शिव भक्तों की सेवा में तैनात रहेंगे स्वयंसेवक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महाशिवरात्रि के मौके पर बैकुंठधाम गौरीशंकर मंदिर में लाखों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं। प्रेम यूथ फाउंडेशन के मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार ने बताया कि गौरीशंकर मंदिर एशिया में एक मात्र मंदिर है जहां भगवान भोलेनाथ के साथ माता पार्वती साथ हैं और एक बार दर्शन मात्र से 1200 शिव पर जलाभिषेक का पुण्य प्राप्त होता है। गौरी शंकर मंदिर पटना से सटे खुसरूपुर प्रखंड के बैकठपुर पंचायत में स्थापित है जहां कालांतर में बैकुंठवन हुआ करता था। माता पार्वती जिस स्थान से फूल लाती थी वह आज फुलवरिया गांव के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान श्री राम जनकपुर जाने के क्रम में यहां पूजा अर्चना किया और गंगा पार जाकर रात्रि विश्राम किया जो आज वैशाली जिला में राघोपुर के नाम से जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण जरासंध वध से पहले पांडवों के साथ पूजा अर्चना कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। बैकठपुर मंदिर को पर्यटक मानचित्र पर स्थापित करने की जरूरत है।

## केवाइपी भुगतान पर सरकार ने दिखाई सख्ती, 28 फरवरी तक भुगतान अनिवार्य

# लापरवाह अधिकारियों का रोका गया वेतन : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत लंबित भुगतानों को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी सख्त निर्देशों का स्वागत करते हुए केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने कहा है कि यह आदेश प्रशिक्षण केंद्र संचालकों के लंबे संघर्ष का परिणाम है, किंतु इसकी वास्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब इसे जमीनी स्तर पर पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए। आनंद रंजन झा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के बावजूद महीनों से भुगतान रोके जाने के कारण राज्य भर के केवाईपी प्रशिक्षण केंद्र गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इसका सीधा असर केंद्र संचालकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षण व्यवस्था पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार कौशल विकास मिशन की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और छवि भी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि 28 फरवरी 2026 तक सभी लंबित भुगतानों का अनिवार्य रूप से निष्पादन किया जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में भुगतान नहीं होता है तो संबंधित लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मियों का वेतन रोके जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है। आनंद रंजन झा ने कहा कि विभागीय कार्यालयों को शनिवार के दिन भी खोलने, संबंधित पदाधिकारियों से लिखित प्रमाण पत्र लेने तथा प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने जैसे निर्देश यह संकेत देते हैं कि सरकार अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने के मूड में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवाईपी केंद्रों ने सभी नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्य संपन्न किया है, छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं और सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी की गई है।

# ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सर्व धर्म प्रार्थना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के श्राद्ध दिवस के अवसर पर बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि और ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सर्व धर्म प्रार्थना, सूत्र यज्ञ व 'खादी वस्त्र नहीं विचार' विषय पर संगोष्ठी गांधी घाट, पटना में प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि / ग्राम निर्माण मंडल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है जिसमें महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और गांधी जी के भजन के साथ सर्वधर्म प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष, प्रभाकर कुमार ने कहा कि बिहार सरकार पूरे बिहार में खादी के बिक्री पर समान रूप से रिबेट लागू करें, खादी पुनरुद्धार योजना हुबहू लागू हो, खादी संस्थाओं का ऋण माफ किया जाए।

# क्षेत्रीय कार्यालय पटना में राजभाषा की तिमाही बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इएसआइसी, पटना में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 204वीं बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यालय प्रमुख एवं क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा की गई तथा बैठक का संचालन सहायक निदेशक (राजभाषा) अजीत कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में कार्यालय में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर सार्थक चर्चा की गई तथा इसमें आ रही समस्याओं पर विस्तार से विचार किया गया एवं इसके निराकरण के लिए आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में राजभाषा नीति से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे - धारा 3(3), राजभाषा नियम 1976 के नियम 3 एवं नियम 5 का अनुपालन, वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 एवं जांच बिंदुओं का अनुपालन, शाखा कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति, प्रशिक्षण, कार्यशाला इत्यादि से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की गई । एवं अध्यक्ष द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए यथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही शाखाओं/शाखा कार्यालयों की सराहना की गयी तथा जिन शाखाओं/शाखा कार्यालयों का प्रदर्शन लक्ष्यानुरूप नहीं था उन्हें सकारात्मक रूप से लक्ष्य प्राप्ति के हर संभव प्रयास करने की सलाह दी गयी।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा के विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## बच्चे न केवल देश के भविष्य बल्कि वे समाज में बदलाव के सबसे बड़े वाहक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संकल्प के साथ आयोजित सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के सम्मान में गुरुवार को समाहरणालय रोहतास में जिलाधिकारी उदिता सिंह के कार्यालय कक्ष में भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध, पेंटिंग, स्लोगन और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे न केवल देश का भविष्य हैं, बल्कि वे समाज में बदलाव के सबसे बड़े वाहक भी हैं। सड़क सुरक्षा सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का मूल मंत्र है। यदि बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक होंगे तो वे अपने अभिभावकों और समाज को भी जागरूक कर सकेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना केवल कानून नहीं, बल्कि सुरक्षा कवच है। पुरस्कृत छात्र अब सड़क सुरक्षा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपने परिवार और आसपास के लोगों को जागरूक करेंगे। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान पर संत जोसेफ स्कूल से राजनंदिनी, रुचिता कुमारी, सोनाक्षी मौर्या, राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी की छात्रा लक्ष्मी कुमारी, आशि कुमारी, नंदिनी कुमारी है। दूसरे स्थान पर संत जोसफ स्कूल से रोहन कुमार, सोनाक्षी कुमारी, साक्षी कुमारी, सृष्टि मौर्या, पीयूष कुमार, अंजलि कुमारी, तन्नु कुमारी, अभिषेक शर्मा है। तीसरे स्थान पर आस्था कुमारी, श्रेया कुमारी, लकी सिंह, दिवाकर कुमार, प्रिया कुमारी, सृष्टि कुमारी, चांदनी कुमारी, साक्षी सुमन और समर कुमार रहे। कार्यक्रम में एमवीआई के.के. त्रिपाठी, गुड्डू कुमार, संत जोसफ स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, परिवहन विभाग के पदाधिकारी के साथ स्कूलों के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई कि वे यातायात नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

# पांच सौ लीटर शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये प्रभारी निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, प्रधान आरक्षी शेख अस्फुद्दीन सिद्धिकी, प्रधान आरक्षी सरफराज अहमद हुसैन, प्रधान आरक्षी रमाशंकर सिंह, आरक्षी शैलेश कुमार व आरक्षी अभिमन्यु सिंह के द्वारा डिहरी ऑन सोन स्टेशन के पास डीएफसीसीआइएल लाइन के मालगाड़ी से 16 बोरे व 2 बैग में शराब तस्करी कर अवैध शराब ले जा रहे तीन व्यक्तियों मनोज चौधरी, उम्र-36 वर्ष, पे. स्व. रामचलितर चौधरी, साकिन- केशव मार्केट भुईया टोला कोचढ़ वार्ड संख्या 14, थाना- बारून, जिला औरंगाबाद (बिहार), उपेंद्र कुमार उम्र- 33 वर्ष, पे0 मूरली चौधरी, साकिन-केशव मार्केट भुइया टोला कोचढ़ वार्ड संख्या-14 थाना- बारून, जिला- औरंगाबाद (बिहार) व विनोद कुमार, उम्र- 14 वर्ष पे. कृष्ण बिन्द, साकिन- हसनपुर, थाना-गोह, जिला- औरंगाबाद (बिहार) को पकड़ा गया तथा 2 व्यक्ति जितेंद्र चौधरी उर्फ नटवा पे0- महेन्द्र चौधरी तथा जितेंद्र साव उर्फ तेली पे. कामेश्वर साव दोनों निवासी लाल बंगला त्रिलोकीनगर थाना डालमियानगर, जिला रोहतास(बिहार) मौके से फरार होने में सफल हो गए। मौके पर कागजी कार्यवाही करते हुये कुल 2 लाख 26 हजार आठ सौ तेइस रुपए मूल्य का 466 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया तथा एक महिला चिन्ता देवी उम्र करीब 40 वर्ष पति स्व. विनोद भुइयां, साकिन- केशव मार्केट भुइयां टोला वार्ड संख्या-14, थाना-बारूण, जिला-औरंगाबाद, बिहार को 1822/- रुपए मूल्य का 40 लीटर टनाका देशी शराब के साथ डिहरी ऑन-सोन प्लेटफार्म संख्या-04/05 से गिरफ्तार किया गया जिसने पूछने पर बताया कि वो झारखंड से शराब लेकर आ रही है। समस्त कागजी कार्यवाही करने के बाद बरामद 2 लाख 27 हजार 645 रुपए मूल्य का 506 लीटर अवैध शराब के साथ चार शराब तस्कर को विधिक कार्यवाही करने वास्ते उत्पाद थाना सासाराम को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही से इलाके में शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया।

# डिहरी-डालमियानगर में बैंक हड़ताल से सभी शाखाएं बंद, कर्मियों ने की नारेबाजी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एआइबीइए एवं फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के आह्वान पर विभिन्न मांगों के समर्थन में डिहरी-डालमियानगर क्षेत्र की लगभग सभी बैंक शाखाएं बंद रहीं। हड़ताल के कारण दिन भर बैंकिंग कार्य प्रभावित रहा और ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सुबह के समय बैंक कर्मियों एवं अधिकारियों ने शहर में घूम-घूम कर सभी शाखाओं को बंद करवाया तथा अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगें बैंकिंग क्षेत्र और आम ग्राहकों के हित में हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में सरकारी बैंकों एवं बीमा कंपनियों को मजबूत करना, बीमा उद्योग में 100 प्रतिशत एफडीआई पर रोक लगाना, साधारण बीमा कंपनियों का एकीकरण, बैंकों में पर्याप्त संख्या में स्टाफ की बहाली, आउटसोर्सिंग एवं ठेका नियुक्ति पर रोक, कॉरपोरेट हाउस से सख्ती से ऋण वसूली तथा साधारण ग्राहकों पर लगाए जाने वाले सेवा शुल्क में कमी शामिल हैं। इस हड़ताल में यूनिट सेक्रेटरी साबिर आलम, रोहित रमन, राजीव कुमार पासवान, अमित कुमार, ममता कुमारी, हर्षिता कुमारी, रामप्रवेश, संदीप कुमार, अजय राम, संजीत कुमार, प्रिंस कुमार, आकाश कुमार सहित कई बैंककर्मी शामिल रहे। यूनियन के पूर्व स्टेट उपाध्यक्ष का. नागेश्वर महतो के मार्गदर्शन में हड़ताल को सफल बताया गया। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

# भभुआ में ट्रेड यूनियन ने मांगों को लेकर दिया धरना

## आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी दर्जा, 25 हजार वेतन की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मुख्यालय भभुआ में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन के जिला संयोजक उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में संयुक्त धरना प्रदर्शन किया गया। ट्रेड यूनियन के आह्वान पर आयोजित इस धरने में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की वर्षों पुरानी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गई। उपेंद्र कुमार ने बताया कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लंबे समय से स्वास्थ्य, पोषण और ग्रामीण विकास योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें अभी तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। उन्होंने मांग किया कि इन्हें तत्काल राज्य कर्मी का दर्जा प्रदान किया जाए। वर्तमान में महंगाई के बावजूद इन कार्यकर्ताओं को बेहद कम मानदेय दिया जा रहा है जिसे बंधुआ मजदूरी के समान बताया गया। यूनियन की प्रमुख मांग है कि इन्हें कम से कम 25,000 रुपये मासिक वेतन मिले। इसके अलावा पुराने 44 श्रम कानूनों को बहाल करने, नए श्रम संहिता को वापस लेने, मनरेगा कानून को पुराने रूप में लागू करने, सरकारी संस्थाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और आठवें वेतन आयोग को लागू करने की मांग भी रखी गई। उपेंद्र कुमार ने चेतावनी दी कि यदि सरकार समय रहते इन मांगों को नहीं मानी तो व्यापक चक्का जाम आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। धरने में बड़ी संख्या में आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए और सरकार से त्वरित कार्रवाई की अपील की।

# अशोक कुमार राम बने आरएलएम अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने पटना स्थित कैम्प पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बिहार प्रदेश की नई कमिटी की घोषणा की। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ दलित नेता अशोक कुमार राम को पुनः दूसरी बार अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अशोक कुमार राम ने बताया कि वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह विधायक माधव आनंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक आलोक कुमार सिंह एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए उत्तरदायित्व पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं धारदार बनाएंगे।

# बिहार सरकार की उपेक्षा से क्षेत्र के लोगों में निराशा

## बैठकों के बाद भी हाई स्कूल के सपनों पर फिर गया पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मौजूदा बिहार सरकार के गठन के बाद होने वाले कैबिनेट की बैठक में पूरे बिहार से जिस तरह के कामों के मांग एवं चर्चा पर विभिन्न तरह के मुद्दे छाए रहे तो वही रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के लोगों ने इस क्षेत्र में सरकार के द्वारा विशेष कार्य न किए जाने का आरोप भी लगाया है। मालूम हो कि डिहरी-डुमरांव राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या- 120 के सौंदर्यीकरण तथा अनुमंडल क्षेत्र में पड़ने वाले बाईपास के त्वरित निष्पादन की न तो कोई चर्चा हो पाई है, न हीं ठोस आश्वासन मिल पाया है वहीं क्षेत्र के एकमात्र प्रखंड मुख्यालय दावथ पर न तो हाई स्कूल और डिग्री कॉलेज आदि की कोई व्यवस्था होने का भरोसा या संकेत दिखाई दे रहा है। ज्ञात हो कि कई अवसरों पर क्षेत्र के समाजसेवियों ने प्रखंड मुख्यालय पर एक हाई स्कूल बनाने की मांग की, परंतु जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह सफलीभूत नहीं हो सका। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सत्यनारायण प्रसाद ने कहा कि हमारे पूर्वजों के द्वारा दी गई जमीन काफी मात्रा में उपलब्ध है। इसके बावजूद यहां हाई स्कूल आज तक नहीं बन पाया जिसके कारण यहां के बच्चे 5 से 6 किलोमीटर दूर आठवीं कक्षा के बाद पढ़ने के लिए जाते हैं जो आज के युग में विडंबना ही है। प्रसिद्ध समाजसेवी मनोज कुमार सिंह 'गांधी' ने यह आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार इस प्रखंड के शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रही है, केवल ढिंढोरा पीटा जाता है। वही इस पंचायत के प्रथम भूतपूर्व मुखिया नंद बिहारी सिंह ने भी कहा कि गांव के लोगों की त्याग कही जाएगी जिन्होंने इस गांव के शिक्षा के विकास के लिए पहले से विद्यालय के लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं कराई, बल्कि विद्यालय भी बनाए और उस प्रखंड मुख्यालय पर एक हाई स्कूल की व्यवस्था नहीं होना, यहां के लोगों के बच्चों के शिक्षा की उपेक्षा है।

# कैमूर की वादियों में आस्था का प्राचीन केन्द्र : मां तुतला भवानी सिद्धपीठ

**चितरंजन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**सासाराम।** कैमूर पहाड़ियों की हरित वादियों, घने जंगलों और गगनभेदी जलप्रपात के बीच स्थित मां तुतला भवानी मंदिर न केवल आस्था का केन्द्र है, बल्कि यह बिहार के गौरवशाली इतिहास और पौराणिक परंपरा का सजीव प्रमाण भी है। रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में स्थित यह सिद्धपीठ सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है जहां प्रकृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मां तुतला भवानी मंदिर का इतिहास 12वीं शताब्दी से जुड़ा है। ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार 19 अप्रैल 1158 ईस्वी को राजा प्रताप धवल देव ने इसी स्थल पर मां जगद्धात्रि महिषमर्दीनी अर्थात मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करवाई थी। राजा प्रताप धवल देव एक प्रसिद्ध खरवार शासक थे जिनके शासनकाल से संबंधित शिलालेख आज भी मंदिर परिसर में मौजूद हैं और इस स्थान के गौरवशाली अतीत की कहानी कहते हैं। मंदिर में स्थापित शिलापट्टों से इस ऐतिहासिक घटना की पुष्टि होती है। मंदिर कछुआ नदी के किनारे एक ऊंची पहाड़ी के नीचे स्थित है जहां मां महिषमर्दीनी की प्रतिमा चबूतरे पर विराजमान है। यह क्षेत्र तुतराही या तुतला धाम के नाम से भी जाना जाता है। कछुआ नदी, जो तुतला भवानी झरने का मुख्य स्रोत है, घाटी से होकर बहती है। नदी में आयरन की अधिकता के कारण कभी-कभी इसका पानी लाल रंग का दिखाई देता है जिसके चलते स्थानीय लोग इसे खुनी नदी भी कहते हैं। हालांकि इसका आधिकारिक और प्रचलित नाम कछुआ या कछुआर नदी ही है। इतिहासकार श्याम सुंदर तिवारी के अनुसार इस स्थल पर अत्यंत प्राचीन शिलालेख भी मौजूद हैं जिनमें से एक 8वीं सदी की शारदा लिपि में अंकित है। यह शिलालेख इस क्षेत्र की प्राचीनता और ऐतिहासिक महत्ता को और भी सुदृढ़ करता है। मंदिर दो ऊंची पहाड़ियों के बीच हरी-भरी घाटी में स्थित है जहां पास ही लगभग 180 फीट ऊंचा जलप्रपात स्थित है जो पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भर देता है। श्रद्धा और विश्वास के दृष्टिकोण से मां तुतला भवानी मंदिर का विशेष महत्व है। नवरात्र के दौरान यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर हो जाता है। श्रद्धालु न केवल मां के दर्शन करते हैं, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस स्थल का भी आनंद लेते हैं। वर्तमान समय में वन विभाग द्वारा मां तुतला भवानी मंदिर क्षेत्र को एक प्रमुख इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए यहां सड़क, पुल, झूला ब्रिज सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे यह स्थल अब धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बन गया है। मां तुतला भवानी मंदिर आज भी इतिहास, आस्था और प्रकृति के त्रिवेणी संगम के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है जहां हर आने वाला श्रद्धालु आध्यात्मिक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा अनुभव करता है।

# खेल मैदान की व्यवस्था को अगले वित्तीय वर्ष में शामिल किये जाने का मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट विधानसभा के वर्तमान भाकपा माले के विधायक अरुण सिंह के द्वारा काराकाट प्रखंड अंतर्गत देव पंचायत में खेल के मैदान का मुद्दा तारांकित प्रश्न में उठाए जाने की चर्चा शुरू है। इन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया जिस पर बिहार सरकार के मंत्री के द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। विधायक द्वारा उठाए गए इस मुद्दे की चर्चा देव पंचायत, प्रखंड के साथ है। अपने तारांकित प्रश्न में विधायक अरुण सिंह ने देव पंचायत में खेल के मैदान के लिए जमीन संबंधी जानकारी ली और इस पर ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा जवाब दिया गया और बताया गया कि उप विकास आयुक्त, रोहतास (सासाराम) द्वारा प्रतिवेदित है कि रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट विधानसभा में काराकाट के देव ग्राम पंचायत में प्रश्नगत भूमि निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध नहीं है जिसके कारण खेल मैदान का निर्माण नहीं कराया जा सका है। अगले प्रश्न के जवाब में यह भी जानकारी दी गई कि ग्राम पंचायत देव में 50 डिसमिल से एक एकड़ तक खेल मैदान हेतु उपयुक्त भूमि का सर्वेक्षण का कार्य प्रक्रियाधीन है।


बिहार सरकार

## समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला कल्याण शाखा)

**नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्राओं के लिए संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, ग्राम– मणिका, प्रखण्ड–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा–VI में 40, कक्षा–VII में 11, कक्षा–VIII में 1 एवं कक्षा–IX में 2 रिक्त सीट के विरूद्ध नामांकन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के समुदाय के छात्राओ को नामांकन के पश्चात निःशुल्क शिक्षा, आवासन एवं मेंस के साथ–साथ डिजिटल अध्ययन केन्द्र एवं पुस्तकालय आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्येक वर्ष अध्ययनरत छात्राओं को पठन–पाठन एवं दवा, बेडशीट इत्यादि के लिए DBT के माध्यम से कक्षा– VI से VIII तक के छात्राओं के खाते में राशि मो0–8550/– रूपये एवं कक्षा– IX से XII तक के छात्राओं के खाते में राशि मो0– 8050/– रूपये अन्तरण किया जाता है।

**नामांकन की शर्ते :–**

1. नामांकन हेतु 01.04.2026 को आयु कक्षा–VI के लिए 10–13 वर्ष, कक्षा–VII के लिए 11–14 वर्ष, कक्षा–VIII के लिए 12–15 वर्ष एवं कक्षा–IX के लिए 13–16 वर्ष होनी चाहिए।
2. **आवेदिका पिछडा एवं अति पिछडा वर्ग** के छात्राएं हो।
3. आवेदिका के माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय तीन लाख तक हो।
4. परीक्षा एवं नामांकन निःशुल्क होगा।
5. नामांकन हेतु आवेदिका की जन्म तिथि उनके शैक्षणिक प्रमाण–पत्र (विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र), S.L.C में अंकित तिथि ही अंतिम रूप से मान्य होगा।
6. आवेदक पत्र समर्पण – 10.01.2026 से 16.02.2026 तक
7. प्रवेश पत्र प्राप्ति – 21.2.2026 से 28.02.2026 तक
8. परीक्षा तिथि – 01.03.2026(रविवार)
9. परीक्षाफल प्रकाशन – 13.03.2026
10. नामांकन – 16.03.2026 से 23.03.2026 तक

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. आवेदन पूर्ण रूपेण ऑनलाईन(bcebconline.bihar.gov.in) के माध्यम से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को कठिनाई होने के स्थिति में आवेदक जिला कल्याण कार्यालय औरंगाबाद से सहयोग प्राप्त कर सकते है।
2. ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अंचल द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आवश्यक है।

आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही–सही भरा हुआ होना चाहिए, अपूर्ण भरे हुए आवेदन–पत्र एवं वांछित अनुलग्नक नहीं संलग्न किये जाने पर आवेदन–पत्र रद् कर दिये जायेगें। निर्धारित समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र में दी गई सूचना गलत पाये जाने पर गलत सूचना अंकित करने वाले छात्रों का नामांकन रद्द करने का अधिकार नामांकन समिति को होगा।

**जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR- 023975 ( Welfare ) 2025-26

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


# अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अधिवक्ता के निधन पर न्यायालय कर्मी एवं बार एसोसिएशन बिक्रमगंज के सदस्यों ने शोकसभा का आयोजन किया, दी गई श्रद्धांजलि। बिक्रमगंज के व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता परशुराम के निधन पर शोक सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं, न्यायिक पदाधिकारियों और न्यायालयकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भरद्वाज ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर महासचिव अधिवक्ता ठाकुर मुन्ना सिंह, वरीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार सिंह और अन्य अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# डीएम ने अनुकम्पा समिति और कर्मियों को एसीपी-एमएसीपी के लाभ देने को लेकर की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों यथा लिपिक, वाहन चालक एवं कार्यालय परिचारियों का अस्थायी व्यवस्था के तहत प्रोन्नति के पद का कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) देने के निमित एवं एसीपी/एमएसीपी का लाभ तथा जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में अस्थायी व्यवस्था के तहत प्रोन्नति के पद का कार्यकारी प्रभार वेतनमान सहित देने के निमित लिपिक का 13 मामलों, वाहन चालक का 09 मामलों, कार्यालय परिचारियों का 26 मामलों का निष्पादन किया गया है। साथ ही एसीपी/एमएसीपी का लाभ के मामले में लिपिक का 18 एवं कार्यालय परिचारी का 12 मामलों, राजस्व कर्मचारी का 12 मामलों एवं चौकीदार के 198 मामलों का निष्पादन किया गया। मृत चौकीदारों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति करने हेतु कुल एक मामला का निष्पादन किया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम, स्थापना उप समाहर्त्ता, सहायक जिला लेखा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित हुए।

# भगवान श्रीराम के जीवन से युवा प्रेरणा ले : देव नारायण दास जी महाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड अंतर्गत द डेवढी धाम में आयोजित शिव शक्ति महायज्ञ में खड़ेसरी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र सभी युगों में युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। युवाओं को उनके जीवन चरित्र से हमेशा प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को समाज में एक आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। यह बाते देवढी धाम में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ में अयोध्या से पधारे देवनारायण दास जी महाराज उर्फ खड़ेश्वरी बाबा ने कहा। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का वर्णन किया। भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को समाज में आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए।

# 17 मई से 15 जून तक चलेगा राजगीर मलमास मेला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** राजगीर में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन एवं तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ आईआरसीसी राजगीर में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने समीक्षा बैठक की। मलमास मेला का आयोजन 17 मई से 15 जून 2026 तक है, इस अवसर पर आस्था के साथ भारी तादाद में ब्रह्म कुंड में स्नान करने लिए लोग यहां दूर-दूर से पहुंचते हैं। बैठक में मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ तंत्र पर नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम,साफ सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क,आवासन, खानपान, मैकिंग, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निर्धारित शुल्क पर बस, ई रिक्शा से परिवहन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अग्निशमन से सुरक्षा व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान आमजन, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मलमास मेला के मद्देनजर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भीड़ तंत्र पर सतत नजर रखी जाएगी साथ ही असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहित भवन, लघु सिंचाई, विद्युत, पीएचइडी, नगर परिषद सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय श्रमिक संगठनों की हड़ताल, नवादा में प्रदर्शन व सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को नवादा जिला मुख्यालय स्थित भगत सिंह चौक के पास एक दिवसीय हड़ताल एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के महामंत्री कॉम गोविंद प्रसाद ने की। टाउन थाना परिसर स्थित धरना स्थल से जुलूस निकाला गया, जो नगर भ्रमण करते हुए भगत सिंह चौक पर सभा में तब्दील हो गया।

सभा को किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष कॉम रामयतन सिंह, प्रो. नरेश चंद्र शर्मा, सीपीएम जिला मंत्री दानी विद्यार्थी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, मंत्री रोसाना काजमी, आशा फैसलिटेटर संघ की रीता कुमारी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए किसानों व मजदूरों की मांगों पर ध्यान देने की अपील की। आशा कर्मियों ने सिविल सर्जन तथा आंगनबाड़ी संघ ने डीपीओ को ज्ञापन सौंपा ।

# नवादा में चीनी मिल स्थापना हेतु भूमि चिन्हांकन के लिए सांसद विवेक ठाकुर का विशेष आग्रह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए नवादा में नई चीनी मिल स्थापना की दिशा में हो रही प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने हेतु निर्णायक कदम उठाए जा चुके हैं।

सांसद ने बताया कि लगभग 100 एकड़ भूमि का चिन्हांकन इस प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके लिए सरकार, प्रशासन और आमजन के समन्वित प्रयास की आवश्यकता है।

सांसद ने बिहार सरकार के पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वारिसलीगंज में पूर्व में बिहार राज्य चीनी निगम लिमिटेड की इकाई



संचालित थी, जो समय के साथ रूग्ण होकर बंद हो गई। बिहार सरकार का मानना है ऐसे में नई चीनी मिल की स्थापना वारिसलीगंज में किया जाना श्रेयस्कर होगा, जो स्वागतयोग्य है।

उन्होंने कहा कि शीघ्र भूमि उपलब्ध कराकर चीनी मिल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का लक्ष्य है, जिससे 100 किलोमीटर तक के लाखों किसानों और उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा नवादा आत्मनिर्भर विकास की ओर अग्रसर होगा।

सांसद विवेक ठाकुर ने जनता से अपील किया कि जो लोग उपयुक्त भूमि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करना चाहते हैं, वे व्हाट्सएप नंबर 8292002999 पर जमीन की विस्तृत जानकारी भेज सकते हैं, ताकि चिन्हांकन की प्रक्रिया को शीघ्र पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाया जा सके।

सांसद ने अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जिला में पॉवर ग्रिड हेतु भी जमीन नहीं मिल रहा था, इसी प्रकार खोजने पर एक आम आदमी द्वारा कचना मोड़ पर जमीन उपलब्ध होने की जानकारी दी। आज उस जमीन पर पॉवर ग्रिड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार चीनी मिल हेतु जमीन की शीघ्र उपलब्धता में सभी के सहयोग की अपेक्षा है।

सांसद विवेक ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक में ही इस सौगात को रखने के लिए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं इसकी स्वीकृति प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समस्त नवादा वासियों की तरफ से आभार जताया।

अंत में उन्होंने कहा, "नवादा का विकास हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। आइए, इस ऐतिहासिक पहल में सहभागी बनकर नवादा को औद्योगिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अपना योगदान दें व हरित औद्योगिक क्रांति की ओर एक और कदम रखें।"

## एक नजर

### जैन समाज के मंत्री हेमेंद्र जैन का असामयिक निधन

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** नवादा जिलांतर्गत हिसुआ जैन समाज के मंत्री हेमेंद्र जैन का गुरूवार को असामायिक निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी के साथ ही दो पुत्र क्रमशः बबलू जैन व जॉनी जैन, दो पुत्रवधु क्रमशः मधु जैन व रजनी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। दिवंगत हेमेंद्र जैन के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शुक्रवार को हिसुआ स्थित तिलैया नदी के किनारे श्मशान घाट पर किया जाएगा। उनके निधन की खबर सुनते ही स्थानीय जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गयी।

भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली, पावापुरी के महामंत्री दीपक जैन (नवादा) के साथ ही हिसुआ जैन समाज से जुड़े प्रतिनिधियों ने हेमेंद्र कुमार जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए स्वजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

### कदाचारमुक्त वातावरण में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा सम्पन्न

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 के नौवें दिन आज दिनांक 12 फरवरी 2026 को नवादा जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से संचालित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केंद्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक संचालित हुई।

आज परीक्षा के नौवें दिन प्रथम पाली में लेखांकन विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 1,096 परीक्षार्थियों में से 1,045 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

द्वितीय पाली में सुरक्षा, ब्यूटिशियन, पर्यटन, खुदरा प्रबंधन, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर, वैल्यू एंड वेलनेस, दूरसंचार आदि विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 23 परीक्षार्थियों में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे।दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

### शराब बरामद, 34 गिरफ्तार

**नवादा/ नबिटा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं विशेष अभियान के तहत व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हत्या के आरोप में दो, हत्या के प्रयास में नौ, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत 1, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 17 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। अभियान के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाए गए। पुलिस ने 185 लीटर देसी महुआ शराब एवं 17.43 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके अतिरिक्त सात वारंटों का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 300 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियम उल्लंघन करने वालों से 90,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य उपलब्धियों में पांच मोटरसाइकिल जब्त की गईं। महत्वपूर्ण गिरफ्तारी के तहत रोह थाना कांड संख्या 413/25 में हत्या से जुड़े मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसी प्रकार विभिन्न थानों की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के कई मामलों का खुलासा किया। गोविंदपुर, अकबरपुर, बुंदेलखंड तथा सिरदला थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अलग-अलग स्थानों से देसी व विदेशी शराब जब्त की गई और संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विशेष रूप से रोह थाना क्षेत्र में 1.305 लीटर विदेशी शराब के साथ दो आरोपितों को पकड़ा गया, जबकि अकबरपुर में 120 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। सिरदला थाना में 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। सभी मामलों में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध और अवैध कारोबार के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### आढ़ा ने सुमका को 68 रनों से हराया



**पकरीबरावां/नबिटा ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड के राईस खेल मैदान में खेले जा रहे जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को जमुई जिला के आढ़ा की टीम ने शेखपुरा जिला के सुमका की टीम को 68 रनों के अंतर से पराजित किया। सुमका की टीम टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। आढ़ा की टीम निर्धारित 16 ओवरों में पांच विकेट खोकर 207 रन बनाई। जवाब में सुमका की टीम 139 रन बना पाई। आढ़ा टीम के मो. अंजुम मलिक ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। उसने 59 रन बनाये एवं पांच विकेट भी चटकाए। उसके बेहतर खेल प्रदर्शन के कारण उसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हाजी ऐनाम साहब के हाथों उसे मैन ऑफ द मैच के रूप में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों बहादुर मलिक, शेरू मलिक, शादाब इमाम, इंजीनियर जाहिद मलिक, महताब मलिक ने बताया कि जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट को देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी पहुंच रहे हैं।

# पांडेयगंगौट में बाबा की समाधि स्थल के गुंबद पर लगाया गया कलश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल।** नवादा ज़िले के कौआकोल प्रखंड अन्तर्गत पांडेयगंगौट मड़ही में गुरुवार को पुनः एक नये तरीक़े का कलश लगाया गया है। कलश देवा के मैनेजर साद महमूद के निर्देशन पर मुरादाबाद में बनवाया गया। जाने माने कलाकृति करने वाले मो० असलम और मो० इमरान ने मुरादाबाद से आकर कलश लगाया। बताया गया कि सरकार वारिस पाक के उपरी गुंबद पर 7 फ़ीट का कलश साथ ही एक नये डिज़ाइन का लाइट लगाया गया है। महन्थ बाबा की समाधि स्थल के उपर भी 5 फीट ऊंचा कलश लगाया गया है। इस पर चमचमाती लाइट तथा चारों गुंबद पर चार कलश और लगाया गया है। इस बीच सूफी संत भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु मुग्ध हो गए। पांडेयगंगौट के ग्रामीणों ने दूर दराज से आये सभी लोगों का खाने पीने का खास इंतज़ाम किया। महन्थ के पोते शारंगधर मोहन जिन्हें लोग गुरुदेव



कहते हैं,ने बताया कि ये मड़ही सन 1939 में महन्थ बाबा खुद सशरीर बनवाये। उसके बाद परिवर्तित होते गया। दूसरी बार 1971 में बना। इसके बाद नये तरीक़े से 80 फ़ीट ऊंचा गुबंद जो 25 फ़रवरी 2008 से बनना शुरू हुआ और 2009 में पूर्ण हुआ। बताया गया कि आज गुरुवार को फिर एक नये तरीक़े से कलश लगवाया गया। उन्होने बताया कि उन्हें यह प्रेरणा देवाशरीफ से मिला। बताया गया कि सभी प्रेमीजनों का सहयोग दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। शारंगधर मोहन ने बताया कि वे देवा के ट्रस्ट में कार्यवाहक प्रेसिडेंट भी हैं। इस मौक़े पर मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय वाईस प्रेसिडेंट एवं खपुरा के डा० अरविन्द शाही ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पांडेयगंगौट के चंद्रमौली,पांडेयगंगौट के पूर्व जिला परिषद सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि नारायण स्वामी मोहन, महेन्द्र प्रसाद, डा. साधुशरण, पटना से केशव सिंह सुबोध कुमार, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, पिन्टू सिंह, आनन्द वारसी, दीपक कुमार, शिव कुमार, गौरव कुमार एवं वारसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ० बिपिन सिन्हा आदि शामिल हुए। पप्पू पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, भुवनेश्वर सिंह सहित अन्य कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया। लोगों ने बताया कि यहां आये दिन कार्यक्रम होते रहता है। यहां से पूरे देश में एक संदेश जाता है कि यहां कोई जात पात या कोई मजहब नही है।

# मंझवे–गोविन्दपुर पथ के भूमि अधिग्रहण मुआवजे पर हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पटना उच्च न्यायालय ने निर्माणाधीन मंझवे - गोविन्दपुर पथ (राज्य उच्च पथ संख्या -103) के चौड़ीकरण के लिए अर्जित भूमि का मुआवजा अधतन सर्किल दर पर नये सिरे से निर्धारित करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पुणेंदु सिंह ने ककोलत रोड मुआवजा समिति द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में भूअर्जन से जुड़े अधिकारियों को वर्तमान सर्किल दर पर अर्जित भूमि के मुआवजा की राशि की नये सिरे से गण्णा करने को कहा है। ककोलत रोड मुआवजा समिति के अध्यक्ष और पटना उच्च न्यायालय में इस याचिका के अधिवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने पत्रकारों को बताया कि ककोलत रोड मुआवजा समिति की ओर से इसके सचिव ललन सिंह के साथ ही रजहत ग्राम निवासी काजी सैयद मुनअम,बलिया बुजुर्ग ग्राम निवासी अरविंद घोष तथा अकबरपुर बाजार निवासी रोहन प्रसाद गुप्ता ने पटना उच्च न्यायालय में सी.डब्लु.जे.सी. संख्या - 1701/2026 दायर किया था जिसकी सुनवाई विगत 3 फरवरी को उच्च न्यायालय में हुयी थी।इस याचिका में परिवादियों ने यह तथ्य रखा था कि इस पथ के लिए अर्जित भूमि का मुआवजा वर्ष 2014 के 11 वर्ष पुराने सर्किल दर पर निर्धारित किया गया है जो अत्यंत ही न्यून और नैसर्गिक न्याय के प्रतिकूल है।

पटना उच्च न्यायालय के इस आदेश के फलस्वरूप 47 किलो मीटर लम्बे मंझवे-गोविन्दपुर पथ के चौड़ीकरण से प्रभावित हजारों रैय्यतों में बाजार मूल्य पर उचित मुआवजा मिलने की उम्मीद जगी है।

# सदर अस्पताल के निर्माण में लायें तेजी : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल, बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं बिहार राज्य शैक्षिक अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड से संबंधित विकास योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सर्वप्रथम बीएमएसआbसीएल द्वारा नवादा जिला अंतर्गत निर्माणाधीन स्वास्थ्य अवसंरचना योजनाओं की समीक्षा की गई। सदर अस्पताल निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्य की धीमी गति पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अभियंता से पृच्छा की। अभियंता द्वारा बताया गया कि विगत कई माह से संवेदक का लगभग 15 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है, जिसके कारण कार्य की गति प्रभावित हुई है। भुगतान में विलंब के चलते संसाधनों एवं मानवबल की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल पा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी ने लंबित भुगतान के संबंध में उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया के नवादा में आरोबी के निर्माण के क्रम में वर्तमान सदर अस्पताल का भी



भाग प्रभावित होगा। उस परिस्थिति में बीएमएसआईसीएल नए सदर अस्पताल का निर्माण जल्दी पूरा कर सदर अस्पताल को वहाँ स्थानांतरित होने के लिए स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत करना सुनिश्चित करे ।

समीक्षा के क्रम में जिलान्तर्गत कुल 22 प्री-फैब्रिकेटेड हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निर्माण की स्थिति प्रस्तुत की गई। बताया गया कि 17 स्थलों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि पांच स्थलों पर भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अविलंब भूमि चिन्हित करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बीएमएसआईसीएल एवं बीएसईआईडीसी के अभियंताओं को विशेष रूप से निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी परिस्थिति में विलंब न हो।

भवन प्रमंडल द्वारा विभिन्न प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य की अद्यतन जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने, नियमित स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सभी स्वीकृत प्रखंड भवन के निर्माण के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा उनमें प्रगति लाने का निदेश दिया गया। नरहट में 100 बेड छात्रावास के निर्माण में भी आ रही बाधाओं के निराकरण के लिए आवश्यक निदेश दिए गए। अटल कला भवन के निर्माण का कार्य एक सप्ताह में प्रारंभ करने हेतु कहा गया।

बैठक में सिविल सर्जन, नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, डीपीएम (स्वास्थ्य), कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, नवादा सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने किया जुदेर प्लास्टिक इंडस्ट्रीज का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्थानीय सोहडीह स्थित जुदेर प्लास्टिक इंडस्ट्रीज का डीएम कुंदन कुमार ने निरीक्षण किया। कंपनी के ओनर अवधेश कुमार द्वारा बताया गया की मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत 10 लाख रुपए तीन किस्तों में प्राप्त हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त राशि से इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड निर्माण की इकाई स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 25 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। वर्तमान में इस कम्पनी में लगभग 10 लोग कार्यरत है जिसमें 80 प्रतिशत महिला कर्मी काम करती हैं। कंपनी का सालाना टर्नओवर 1.5 करोड़ का है। जिलाधिकारी द्वारा कंपनी के



मालिक अवधेश जी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर और अधिक रोजगार सृजित करें। जिलाधिकारी द्वारा कंपनी में उपस्थित कारीगरों से बातचीत के क्रम में उनके प्रशिक्षण, पूर्व का अनुभव, मासिक कमाई इत्यादि की जानकारी ली गई। अवधेश कुमार के द्वारा बताया गया कि अपने उत्पाद की बिक्री सोशल मीडिया के माध्यम से की जाती है। इनके द्वारा बताया गया कि इनके उत्पाद बिहार, झारखंड, असम एव उत्तरप्रदेश तक भेजे जाते है। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया साथ ही महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, नालंदा को निर्देश दिया गया कि इनकी सभी आवश्यकताओं को विभागवार जिला पदाधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# बाइक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** थाना क्षेत्र के दाहाबिगहा गांव स्थित खेल मैदान के पास बुधवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान लोहड़ा गांव निवासी स्वर्गीय रामस्वरूप प्रसाद के 55 वर्षीय पुत्र रामप्रीत प्रसाद के रूप में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामप्रीत प्रसाद दाहाबिगहा गांव में मजदूरी कर शाम को अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान खेल मैदान के समीप सड़क पार करने के क्रम में तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाइक चालक की पहचान दाहाबिगहा गांव निवासी बिजेंद्र यादव के पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मजदूर संगठनों का संयुक्त प्रदर्शन, केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** नवउदारवादी नीतियों और मजदूर विरोधी कानूनों के विरोध में गुरुवार को आम हड़ताल के समर्थन में भाकपा माले सहित विभिन्न जन संगठनों ने संयुक्त रूप से सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। प्रदर्शन मार्च का नेतृत्व भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य व सहायक सचिव दिनेश कुमार यादव, स्थायी सदस्य प्रमोद यादव, किसान संगठन के जिला सचिव मुनी लाल यादव, अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद रविदास तथा पासवान इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने संयुक्त रूप से किया। मार्च शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए काली स्थान, वरुण ताल, सिनेमा मोड़, जोगीपुर मोड़ और व्यवहार न्यायालय के पास से गुजरते हुए अभयनाथ मंदिर के समीप पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता खेत ग्रामीण मजदूर सभा के प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर मजदूर और किसान विरोधी कानून लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्रम संहिताओं में किए गए संशोधनों से मजदूरों के अधिकारों में कटौती हुई है और रोजगार की सुरक्षा कमजोर हुई है। साथ ही कृषि नीतियों को भी किसान विरोधी बताते हुए तीखी आलोचना की गई। नेताओं ने मजदूरों, किसानों, छात्रों और नौजवानों से एकजुट होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। मौके पर किसान संगठन के सहसचिव विजय यादव, खेत मजदूर सभा के प्रखंड सचिव क्लेंट पासवान, भीम बिंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोजगार, सड़क और धान खरीद के एमएलसी अशोक कुमार ने उठाए मुद्दे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान नवादा जिले से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सदस्य अशोक कुमार ने सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की। तारांकित प्रश्न के माध्यम से उन्होंने बेल्ट्रॉन द्वारा आयोजित डाटा एंट्री ऑपरेटर परीक्षा का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि हिंदी टंकण में करीब 10 हजार अभ्यर्थी सफल हुए थे, लेकिन नियुक्ति अधिसूचना में सीटों की संख्या स्पष्ट नहीं किए जाने के बावजूद केवल पांच हजार अभ्यर्थियों का ही पैनल जारी किया गया। शेष लगभग 5 हजार सफल अभ्यर्थियों के लिए द्वितीय पैनल बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग उन्होंने सदन में रखी।

एमएलसी अशोक कुमार ने नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत



पंचायत कुलना के ग्राम बंदरकोल से मुख्य पथ तक करीब तीन किलोमीटर संपर्क मार्ग नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में कच्ची सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग करते हुए ग्रामीणों की परेशानी दूर करने पर जोर दिया। शून्यकाल के दौरान उन्होंने जिले में पोषकयुक्त चावल की कमी और धान खरीद की समस्या पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि पैक्स एवं मिलर किसानों से धान की खरीद नहीं कर रहे हैं या बिना भुगतान के धान ले रहे हैं, जिससे किसान अपनी उपज औने-पौने दाम पर बाजार में बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से नगर परिषद नवादा के वार्ड संख्या-5 स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप से हड्डी गोदाम होते हुए एनएच-20 को जोड़ने वाली जर्जर सड़क का मामला भी उठाया गया। उन्होंने आम जनता की सुविधा को देखते हुए इस सड़क के शीघ्र निर्माण की आवश्यकता बताई। सदस्य द्वारा उठाए गए इन मुद्दों पर सरकार की ओर से आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

# धार्मिक आयोजनों से समाज में आती है समरसता : डॉ प्रेम कुमार

## नौ दिवसीय महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया जिले के ग्राम ओर में आयोजित श्री श्री 108 नौ दिवसीय महायज्ञ सह देवी मां प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु, ग्रामीण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा जैसे आयोजन सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा है जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

डॉ. प्रेम कुमार ने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ग्राम ओर में आयोजित यह नौ दिवसीय महायज्ञ क्षेत्र की आध्यात्मिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर डब्लू राय, विवेकानंद, वृदा देवी मुखिया, दिलीप शर्मा, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# परमात्मा के अवतरण का महापर्व है महाशिवरात्रि : राजयोगिनी शीला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सिविल लाइन्स सेवा केंद्र में 90वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव एवं महाशिवरात्रि का पर्व भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर मसरूर अहमद, प्रोफेसर ए. एच. ख़ान, डॉ. बिनोद केसरी, डॉ. सुजय, अरुणा कुमारी (सीडीपीओ) तथा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रदीप जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात दिव्य चैतन्य झांकियों को रवाना किया गया जिन्हें नगर के विभिन्न मार्गों से होकर पूरे गया शहर में घुमाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीला दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है क्योंकि यह परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का स्मृति पर्व है। परमात्मा शिव इस धरा पर आकर मानव आत्माओं को राजयोग का ज्ञान देकर उन्हें देवतुल्य जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में धतूरा, भांग और अन्य सामग्री अर्पित करने के पीछे भी गहरा आध्यात्मिक रहस्य छिपा है। इसका आशय है कि जीवन में कांटों के समान बुराइयों, गलत संस्कारों और कटु वचनों को शिव को अर्पित कर उनसे मुक्त हो जाना। उन्होंने कहा कि जब-जब सृष्टि पर पाप और धर्मग्लानि बढ़ती है, तब गीता में किए गए वचन के अनुसार परमात्मा अवतरित होते हैं। भारत में स्थित 12 ज्योतिर्लिंग परमात्मा शिव के स्मृति स्वरूप हैं। वर्तमान समय कलियुग का वह काल है जिसे महारात्रि कहा गया है जहां मानव जीवन दुख, अशांति और नैतिक पतन से गुजर रहा है। प्रकृति का असंतुलन और मानवीय संवेदनाओं का ह्रास विश्व परिवर्तन का संकेत है। यह समय सृष्टि के विनाश और नवयुग के सृजन का संगम युग है। कार्यक्रम के दौरान शिव बाबा का ध्वज फहराया गया और उपस्थित लोगों को विकारों से मुक्त होने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसके बाद दिव्य चैतन्य झांकी को झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। शोभायात्रा में 'शिव संदेश' के नारों–'भारत भू पर शिव पधारें, भर लो भाग्य के भंडारे' और 'पांच विकार नरक का द्वार' के माध्यम से लोगों में उमंग और उत्साह का संचार किया गया।

# रामपुर गांव में एक ही रात तीन घरों में चोरी, 10 लाख से अधिक की संपत्ति उड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के अमैठी पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव में बीती रात चोरों ने एक ही रात तीन घरों को निशाना बनाकर करीब 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली। घटना से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। चोरी की वारदात रामपुर गांव निवासी राजकुमार यादव, नन्दकिशोर यादव और विजय यादव के घरों में हुई। राजकुमार यादव की पत्नी लालती देवी ने बताया कि रात में सभी लोग कमरे में सोए थे। आहट होने पर उठे तो कमरों के दरवाजे खुले थे और एक ओर से उखाड़कर चोर अंदर घुसे थे। चोर बक्सा और बैग लेकर चले गए जिनमें दो सोने की जिउतिया, बच्चे का ताबीज, बाला, लॉकेट और बैल व धान बेचकर मिले 70 हजार रुपये रखे थे। इससे लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ। उसी घर के पास स्थित नन्दकिशोर उर्फ केशर यादव के मकान में भी चोर रोशनदान के सहारे घुसे। उनकी पत्नी मुंदरी देवी ने बताया कि सोने की चेन, चांदी का बाला और अन्य जेवर चोरी हो गए। चोर बक्सा ही लेकर फरार हो गए। तीसरी चोरी विजय यादव के नए मकान में हुई जहां कई कमरों में दरवाजे नहीं लगे थे। विजय यादव की पत्नी प्रीति देवी और उनकी जेठानी सुनिता देवी ने बताया कि गांव में चोरी की सूचना मिलने और बधार में आधार कार्ड मिलने के बाद कमरे की जांच की गई, तब चोरी का पता चला। बहुओं के जेवर और धान बेचकर मिले 64 हजार रुपये चोरी हो गए जिससे करीब सात लाख रुपये का नुकसान हुआ। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि तीन घरों में चोरी की जानकारी मिली है। पीड़ितों के आवेदन और निशानदेही के आधार पर अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर, वजीरगंज क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है।

# ऑल इंडिया श्रमिक संगठन ने की हड़ताल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के सरबहदा बाजार में ऑल इंडिया श्रमिक संगठनों की ओर से प्रायोजित आल इंडिया आम हड़ताल का आयोजन कर जुलूस निकाली गई जिसका नेतृत्व राज्य स्तरीय भाकपा लीडर जानकी पासवान ने की। आम हड़ताल में किसान मजदूर कामगारों का अपार समर्थन रहा, कल कारखाने बंद रहे।

हड़ताल कर्मियों की मुख्य मांगों में सम्मिलित सरकार द्वारा बनाया गया नए लेबर बोर्ड को समाप्त किया जाय। नई बिजली अधिनियम समाप्त की जाय, किसानों का फसल बीमा योजना लागू किया जाय, मनरेगा में मजदूरों की गई कटौती वापस की जाय, पुराना मनरेगा योजना लागू किया जाय, किसान मजदूर कामगारों के साथ नाइंसाफी बंद हो, मजदूरों को पांच डिसमिल जमीन दी जाय आदि मांगें सम्मिलित है।

# कोंच प्रखंड के 5 गांवों में किसान निबंधन शिविर, मिलेगी डिजिटल किसान आइडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोंच (गया)।** प्रखंड में किसानों के डिजिटल सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत के पांच-पांच गांवों में किसान निबंधन शिविर लगाए जाएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने गुरुवार को बताया कि बिहार सरकार के कृषि विभाग के निर्देशानुसार यह पहल की गई है। शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक किसान का निबंधन कर उन्हें एक विशिष्ट डिजिटल किसान आईडी प्रदान करना है जिससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल किसान आईडी भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा बीज-खाद पर मिलने वाले अनुदान जैसी योजनाओं के लिए अनिवार्य होगी। किसानों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े, इसके लिए पंचायत स्तर पर चिन्हित पांच स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों के सुचारू संचालन के लिए पंचायत स्तर के सभी महत्वपूर्ण कर्मियों को तैनात किया गया है। प्रशासन की ओर से किसानों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचकर अपना निबंधन अवश्य कराएं। ताकि भविष्य में किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रह जाएं।

# पंचायत सरकार भवन को क्रियाशील करने को लेकर बीपीआरओ ने पंचायत सचिव को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड के मुसी व नेपा पंचायत के पंचायत सरकार भवन को क्रियाशील करने को लेकर बीपीआरओ ने पंचायत सचिव को पत्र लिखा। पंचायत सचिव को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि विगत 11 फरवरी को बीपीआरओ द्वारा दोनों पंचायत की पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन में काफी गंदगी व अन्य सुविधा का अभाव मिला। मुसी स्थित पंचायत सरकार भवन में ग्राम कचहरी सचिव अनुपस्थित पाये गये। बीपीआरओ ने स्पष्टीकरण की मांग की है। वहीं नेपा स्थित भवन के ऊपर से गुजरे बिजली के तार को हटाने की कार्रवाई करने की बात कही है।

# नरसंहार की 34वीं बरसी पर श्रद्धांजलि सभा में जुटे हजारों लोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गुरुवार को चर्चित बारा नरसंहार के 34वां बरसी के अवसर पर टिकारी प्रखंड के बारा स्थित शहीद स्थल पर शहीदों के परिजन, शुभ चिंतक जुटकर दैविक मंत्रोंच्चारण के साथ हवन, पूजन कर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किये, शहीदों के परिजन आज के 35 वर्ष पूर्व की घटित घटना को याद कर उनकी आंखे नम हो गई और उनकी आंखें, अपने खोय चुके परिजन को उस स्थल पर खोज रहा था, मां अपने पुत्र को तो पत्नी को अपने पति को पुत्र अपने पिता को याद कर फफक कर रो पड़े। आज की इस 34वीं बरसी श्रद्धांजलि में उपस्थित निम्न लोगों ने स्मारक स्थल पर उपस्थित होकर अपना-अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मदन शर्मा, पैक्स अध्यक्ष सह अध्यक्ष शहीद स्थल विकास ट्रस्ट बारा, उद्रेश कुमार, सचिव, शहीद स्थल विकास ट्रस्ट बारा, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार, अनिल शर्मा, संजय शर्मा, धनंजय सिंह, सतेंद्र कुमार, शुभ्य कुमार, योगेन्द्र कुमार, बांके बिहारी शर्मा, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, संगठन सक्रिय सदस्य महेश शर्मा, योगेंद्र शर्मा, संतोष शर्मा, पप्पू कुमार, धनबाद (झारखंड,) हिमांशु शेखर, केसपा, अमरेन्द्र शर्मा, संतोष शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, लारी, नीरज शर्मा, रामजी मुखिया, राजीव गोपाल जी पूर्व अध्यक्ष जहानाबाद, कौशलेंद्र कुमार, अरुण शर्मा चयूरम, मनीष शर्मा मुजफ्फरपुर, मंटू शर्मा, चयूरम सुधीर शर्मा, बम शर्मा दाउद्पुर उर्फ गोल्डन जी, आशुतोष कुमार, जीतेश कुमार के अतिरिक्त अन्य परिजन उपस्थित होकर अपना श्रद्धांजलि अर्पित किये।

# भव्य झांकी के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** वजीरगंज बाजार के कोयला गली में गुरुवार से चार दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक महादर्शन मेला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु महिलाओं ने गया के वैतरणी से लाया गया जल कलश में भरकर यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा पूरे वजीरगंज बाजार का भ्रमण करते हुए मेला स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई। आयोजक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कार्यकर्ताओं ने बताया कि द्वादश ज्योतिर्लिंग परमपिता परमात्मा शिव के प्रतीक हैं और सभी महान तीर्थ माने जाते हैं। चार दिवसीय मेले में प्रतिदिन सुबह आठ बजे से संध्या आठ बजे तक सभी ज्योतिर्लिंगों की प्रतिमूर्ति का दर्शन एवं पूजन किया जा सकेगा। इसके साथ ही संध्या चार बजे से छह बजे तक शिवज्ञान राजयोग पर प्रवचन होंगे। प्रत्येक दिन सुबह और संध्या महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# एएसपी संजय कुमार ने कोंच थाना का किया औचक निरीक्षण, लंबित कांडों की समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय कुमार ने गुरुवार को कोंच थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई एवं अभिलेखों के रख-रखाव का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुदेह कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में एएसपी ने थाना के कंप्यूटर कक्ष का विशेष रूप से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि डिजिटल अभिलेखों के बेहतर संधारण के लिए कंप्यूटर कक्ष को पूरी तरह सुव्यवस्थित रखा जाए। साथ ही पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा पर्याप्त कुर्सियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। थाना परिसर की स्वच्छता पर सख्त रुख अपनाते हुए एएसपी ने पूरे परिसर एवं पदाधिकारी कक्ष को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी संजय कुमार ने अनुसंधानकर्ताओं के साथ बारी-बारी से बैठक कर लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थानाध्यक्ष को सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## पेंशनरों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति जताई नाराजगी

**टिकारी (नबिटा सं)।** मगध विश्वविद्यालय के पेंशनरों ने पेंशन भुगतान में होने वाली देरी को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। पेंशनर जितेंद्र कुमार सिन्हा, महेश्वर सिंह, अरुण अनिल, मदन सिंह सहित अन्य पेंशनरों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा पेंशन राशि आवंटन पत्र जारी करने के पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी अबतक पेंशन का भुगतान नहीं हो सका है।

# इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन का अधूरा ओवरब्रिज शीघ्र पूरा कराने की मांग, सांसद ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज लंबे समय से अधूरा पड़े रहने के कारण स्थानीय यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद अभय कुमार सिन्हा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर चालू कराने की मांग की है। सांसद द्वारा 10 फरवरी 2026 को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य काफी समय से अधूरा है जिससे प्रतिदिन स्टेशन का उपयोग करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। अधूरे निर्माण के कारण यात्रियों को प्लेटफॉर्म पार करने में कठिनाई हो रही है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांग यात्रियों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि वर्तमान स्थिति न केवल यात्रियों की सुविधा के दृष्टिकोण से, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिहाज से भी चिंताजनक है। किसी भी समय दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर ओवरब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। स्थानीय जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव और जयनंदन शर्मा ने सांसद की पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज का कार्य पूरा कर दिया जाएगा।


## शपथ पत्र

मैं मो. फराज अहमद पिता मो. फखरुद्दीन अली अहमद महल्ला मस्तानगंज थाना-नेमदारगंज, जिला-नवादा शपथपूर्वक निम्न बातों की घोषणा करता हूं कि मेरा सही नाम मो. फराज अहमद है जो मेरा आधार कार्ड में अंकित है जबकि मेरा नाम मो. तारिक रजा मेरा एल आई. सी. पॉलिसी 515628509 में अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरा ही है और एक ही व्यक्ति मैं ही हूं। मैं उपरोक्त आशय के लिए शपथ पत्र कर रहा हूं जो एल. आई. सी. 515628509 कार्य कराने वास्ते शपथ पत्र कर रहा हूं।

शपथ पत्र सं. 2576 दिनांक 22.1.26

**शपथकर्ता**
**मो. फराज अहमद**



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

**समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं०-09, मेदिनीनगर**

**ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com**

### इच्छा की अभिव्यक्ति

राज्य परियोजना कार्यालय, राँची के पत्रांक–5094, दिनांक 27.11.2025 के आलोक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025–26 अंतर्गत जिला में अध्ययनरत कक्षा 6–8 तक के 200 मेधावी विद्यार्थियों को राज्य के अंतर्गत एवं पलामू प्रमण्डल से बाहर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु मान्यता प्राप्त संस्थान/एजंसी जो जिसके पास जी0एस0टी0 न0 हो एवं इण्डियन दुरिज्म या झारखण्ड पर्यटन से पंजीकृत हो से निर्धारित शर्तों के अधीन दिनांक 20.02.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समाहरणालय भवन ब्लॉक–सी, कमरा नं0–09, मेदिनीनगर में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। इसके अन्तर्गत नियम एवं शर्तों से संबंधित पूर्ण विवरण nic पलामू के पोर्टल Plamu.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

**जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–**
**अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,**
**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**

PR 372863 District (25-26)_D



**प्रपत्र VI क**
**समाहरणालय गढ़वा**
**विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी**
**(शाखा मेदिनीनगर, पलामू) या उपायुक्त, गढ़वा समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना
### अधिनियम 30/2013 की धारा 11 (i) के अधीन

पत्रांक–43/वि0भू0अ0, दिनांक–09.02.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता गढ़वा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–शिवरी, थाना–कांडी, थाना नं0–86, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ उत्तर कोयल परियोजना अन्तर्गत कांडी वितरणी नहर निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (i) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव सूचित किया जाता है कि ग्राम–शिवरी, थाना–कांडी, थाना नं0–86, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त परियोजना के कमोवेश 0.07 एकड़ मानक माप का भूमि जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 01 | 102 | 604 | रैयती | कृषि | 0.03 | मुखन पाल, पिता–जतन पाल | 601, 602 | 613 | सड़क | 603 |
| 02 | 102 | 601 | रैयती | कृषि | 0.015 | पानपती देवी, पिता–जितेश्वर साहु | 600, सड़क | 604 | 599 | 602, सड़क |
| 03 | 102 | 601 | रैयती | कृषि | 0.0025 | बच्चन गुप्ता, पिता–नन्दु साव | 600, सड़क | 604 | 599 | 602, सड़क |
| 04 | 32 | 602 | रैयती | कृषि | 0.01125 | बच्चन गुप्ता, पिता–नन्दु साव | सड़क, 601 | 603 | 604, 601 | सड़क, 603 |
| 05 | 32 | 602 | रैयती | कृषि | 0.0085 | प्रदीप कुमार, पिता–स्व0 राम बच्चन साव | सड़क, 601 | 603 | 604, 601 | सड़क, 603 |
| 06 | 32 | 602 | रैयती | कृषि | 0.00275 | रम्भा देवी, पति–युगल किशोर साव | सड़क, 601 | 603 | 604, 601 | सड़क, 603 |
| | | | | कुल योग :– | 0.07 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा–11 (i) के उपबंधो के अधीन सभी ग्राम–शिवरी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए भूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू और संबंधित कर्मचारी तथा अधियाची पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिदिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा/अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत प्रभार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेंगी।

ह0/– **मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।**

ह0/– **प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।**

ह0/– **विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।**

ह0/– **अपर समाहर्त्ता, गढ़वा।**

ह0/– **उपायुक्त, गढ़वा।**

PR 372883 (District)25-26*D

संपादकीय

# घुटनों पर पाक!

पाकिस्तान अपनी तमाम पैंतरेबाजी के बाद आखिर आईसीसी टी 20 वर्ल्ड कप में भारत के साथ 15 फरवरी को अपना ग्रुप मैच खेलने को तैयार हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और पाक सरकार का असल मकसद इस मुद्दे पर भारत को नीचा दिखाना था, जिसे आईसीसी ने अपनी सधी हुई चालों से नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने इसे यह कहकर मुद्दा बनाया था कि आईसीसी खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर दोहरा मानदंड अपना रहा है। वह इस मुद्दे पर भारत का स्टैंड सही मानता है, लेकिन जब यही बात बांग्लादेश ने भारत में उसके खिलाड़ियों को खेलने को लेकर उठाई तो आईसीसी ने उसे बाहर होने पर विवश किया। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी जो पाक सरकार में मंत्री भी हैं, रोजाना नई नई बहानेबाजी करते रहे। आखिर में कहा गया कि जो पाक सरकार कहेगी, वही करेंगे। खुद पाकिस्तान में भी टी 20 वर्ल्ड कप ग्रुप मैच में पाक टीम के भारत के साथ न खेलने को लेकर अलग-अलग राय थी। दरअसल यह मैच समूचे टूर्नामेंट का सबसे बड़ा और कीमती मैच होना था, जिस पर बड़ी रकम भी दांव पर लगी थी। कहने को पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने की कोशिश की, लेकिन उसका असल मकसद आईसीसी से ज्यादा पैसे ऐंठने का था। साथ ही वह यह भी चाहता था कि भारतीय टीम पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाए, भारत, पाक और बांग्लादेश की क्रिकेट सीरिज हो तथा भारत की तरह उसे भी आईसीसी की कमाई में ज्यादा हिस्सा मिले। आईसीसी की कमाई में भारत को 38 फीसदी तो पाक महज 6 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलती है। शुरू में आईसीसी ने पाक को समझाने की बहुतेरी कोशिशें कीं, मैच से हटने पर भारी आर्थिक नुकसान की चेतावनी भी थी, लेकिन पाक अपनी चालें चलता रहा। अंततः आईसीसी ने पाक को उसी के दावं चित किया। आईसीसी ने इस काम में श्रीलंका सरकार और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड तथा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को पाक पर दबाव बनाने के काम पर लगाया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने श्रीलंका पाक रिश्तों की दुहाई देते हुए कहा कि भारत पाक ग्रुप मैच चूंकि कोलंबो में होना है, इसलिए उसके रद्द होने पर भारी नुकसान हमे ही होगा,जो दोनों देशों के सम्बन्धों की दृष्टि से अनुकूल नहीं होगा। उसी प्रकार बांग्लादेश ने भी पाक पर मैच खेलने के लिए दबाव डाला। उधर आईसीसी ने बांग्लादेश को आश्वस्त किया कि टूर्नामेंट का बहिष्कार करने के बाद भी उसका न तो कोई आर्थिक नुकसान होने दिया जाएगा और न ही उस पर कोई प्रतिबंध लगाया जाएगा। आईसीसी की यह चाल काम कर गई और पाकिस्तान, जिसके पास पहले ही कोई बहिष्कार का कोई ठोस तर्क नहीं था, लाइन पर आ गया। आईसीसी ने पीसीबी की कोई मांग या शर्त नहीं मानी। जब कोई चारा नहीं बचा तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को 15 फ़रवरी को भारत के खिलाफ़ टी20 वर्ल्ड कप मैच खेलने की अनुमति दे दी और कहा कि यह फ़ैसला मित्र देशों के अनुरोध पर लिया गया है। वैसे क्रिकेट का मुद्दा बांग्लादेश चुनाव में भी अहम हो गया है। इसके पूर्व बांग्लादेश ने पाकिस्तान का इस बात लिए आभार जताया था कि वह टूर्नामेंट बहिष्कार के मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ है। लेकिन अब पाक के यू टर्न के बाद बांग्लादेश में क्या संदेश जाएगा, यह देखने की बात है। साफ है कि पाकिस्तान पर कोई आंख मूंद कर भरोसा नहीं कर सकता। इस बार भी पाकिस्तान ने वही किया है। हालांकि इसके पीछे बड़ा डर आईसीसी के कठोर एक्शन और आर्थिक बदहली का भी था। आईसीसी ने दबाव में न आकर सही संदेश दिया है।

# अपराध की दुनिया में धकेले जा रहे लापता लोग

**हाल ही में दिल्ली में 807 लोगों के लापता होने की खबर छपी। इनमें 137 बच्चे और 63 फीसदी महिलाएं तथा लड़कियां शामिल हैं। यह कुल लापता लोगों का बड़ा हिस्सा है। बताया गया कि एक जनवरी से 27 जनवरी तक हर दिन औसतन 27 लोग गायब हुए। इन 807 मामलों में से केवल 235 लोगों का ही अभी तक पता लग सका है। वहीं 538 लोग अब भी लापता हैं, जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं लापता लोगों के परिवार भी पुलिस से सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं। दिल्ली की इन घटनाओं ने एक बार फिर लापता लोगों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसा नहीं है कि केवल दिल्ली से ही लोग लापता हुए हैं। भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल लापता लोगों के मामले सामने आते हैं।**

**अमित बैजनाथ गर्ग**

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में हर साल 80 लाख लोग लापता होते हैं, जिनमें से कुछ ही मिल पाते हैं। अधिकतर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। कुछ साल पहले मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी दुनिया भर में गायब होने वाले लोगों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए गहरी चिंता जताई थी। उसका कहना था कि दुनिया में अधिकतर लोगों को जबरन उठा लिया जाता है और उन्हें युद्ध सहित कई अनैतिक कामों में धकेल दिया जाता है। संगठन का कहना है कि सीरिया में साल 2011 से लेकर अब तक लगभग 82,000 लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश लोग सशस्त्र विपक्षी समूहों और खुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले सशस्त्र समूह द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गए हैं। वहीं श्रीलंका में 1980 से लेकर अब तक करीब 60,000 से अधिक लोग गायब हो गए हैं। अगर इतिहास की बात करें तो अर्जेंटीना में बीसवीं शताब्दी में सामूहिक रूप से लोगों के जबरन गायब किए जाने का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण अंतिम तानाशाही थी। 1976-1983 के बीच दक्षिण अमेरिकी देश में सैन्य शासन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 30,000 लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कई का अभी भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान व्यापक और व्यवस्थित रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर यातनाएं और गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल थीं। इनमें कुख्यात मौत की उड़ानें भी शामिल थीं, जिनमें पीड़ितों को सैन्य विमानों या हेलीकॉप्टरों से गिराकर मार डाला गया था। दुनिया भर में कई संगठन लंबे समय से गायब होने वाले लोगों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हालांकि अधिकतर मामलों में ज्यादा कुछ सफलता नहीं मिल पाई है। इतना जरूर है कि कुछ मामलों में जिम्मेदारों को दोषी ठहराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने में सफलता मिली। असल में जबरन गुम किए जाने के शिकार वे लोग होते हैं,




जो सचमुच गायब हो जाते हैं। वे तब लापता हो जाते हैं, जब उन्हें सड़क या उनके घरों से उठा लिया जाता है। अधिकतर मामलों में इन गुमशुदगी से इनकार किया जाता है या यह बताने से मना कर दिया जाता है कि वे कहां हैं। कभी-कभी ये गुमशुदगी सशस्त्र गैर-सरकारी तत्वों जैसे सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती है। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत यह एक अपराध है। इन लोगों को अक्सर रिहा नहीं किया जाता और उनका क्या हुआ, यह भी अनिश्चित रहता है। बताया जाता है कि इन लापता लोगों को गलत कामों में धकेल दिया जाता है। लड़कियों को वेश्यावृत्ति में भेज दिया जाता है। बच्चों को चाइल्ड ट्रैफिकिंग में फंसा दिया जाता है। इन लापता लोगों को अक्सर यातनाएं दी जाती हैं। इनमें से कई मारे जाते हैं या फिर मारे जाने के भय में जीते हैं। वे जानते हैं कि उनके परिवार को पता नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी मदद की संभावना बहुत कम है। भले ही वे मौत से बच जाएं और रिहा हो जाएं, लेकिन शारीरिक और मानसिक घाव उनके साथ रह जाते हैं। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि जबरन गुमशुदगी एक वैश्विक मुद्दा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे लोगों का इस्तेमाल अक्सर समाज में आतंक फैलाने की रणनीति के रूप में किया जाता है। इससे उत्पन्न असुरक्षा और भय की भावना केवल गुमशुदगी के करीबी रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। कभी सैन्य तानाशाहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली ये गुमशुदगियां अब दुनिया के हर क्षेत्र में और विभिन्न परिस्थितियों में घटित होती हैं। ये आमतौर पर आंतरिक संघर्षों में विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को दबाने की कोशिश कर रही सरकारों या सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती हैं। लापता लोगों के परिवार और मित्र मानसिक पीड़ा से जूझते हैं। उन्हें यह नहीं पता होता कि उनका बेटा या बेटी, मां या पिता जीवित हैं या नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कहां रखा गया है या उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

लापता लोगों की खोज पूरे परिवार के लिए खतरा बन सकती है। यह न जानना कि उनका प्रियजन कभी वापस लौटेगा या नहीं, अक्सर रिश्तेदारों को अनिश्चितता की स्थिति में छोड़ देता है। रिपोर्ट कहती हैं कि वैश्विक स्तर पर जबरन गुम किए जाने के शिकार लोगों में से अधिकांश पुरुष होते हैं। हालांकि गुम होने के बाद क्या हुआ, इसका पता लगाने के लिए संघर्ष का नेतृत्व अक्सर महिलाएं ही करती हैं। इस दौरान वे खुद को धमकियों, उत्पीड़न और हिंसा के जोखिम में डालती हैं। इसके अलावा लापता व्यक्ति अक्सर परिवार का मुख्य कमाने वाला होता है। वही एकमात्र व्यक्ति होता है, जो फसल उगा सकता है, नौकरी कर सकता है या फिर पारिवारिक व्यवसाय चला सकता है। कुछ राष्ट्रीय कानूनों के कारण स्थिति और भी खराब हो जाती है, क्योंकि मृत्यु प्रमाण-पत्र के बिना पेंशन या अन्य सहायता प्राप्त करना संभव नहीं होता।

रिपोर्ट कहती हैं कि सैन्य रूप से संचालित देशों में जबरन गायब किए जाने के कई पीड़ितों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो बिना गिरफ्तारी वारंट के गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया है। लापता व्यक्ति को यातना का भी उच्च जोखिम होता है, क्योंकि वह कानून की सुरक्षा से पूरी तरह बाहर हो जाता है। कानूनी उपायों तक पहुंच न होने के कारण पीड़ित व्यक्ति पूरी तरह से असहाय और भयावह स्थिति में होता है। जबरन लापता किए गए पीड़ितों को यौन हिंसा या हत्या जैसे अन्य मानवाधिकार उल्लंघनों का भी उच्च जोखिम होता है। हाल ही के वर्षों में भारत में लापता लोगों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। केरल, गुजरात और मध्यप्रदेश से कई मामले सामने आने के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में लोगों के लापता होने की खबर आना एक बड़े संकट की ओर इशारा है। केरल में तो लापता लड़कियों पर द केरल फाइल्स जैसी फिल्म भी बनाई जा चुकी है।

गायब होने वाले लोगों पर दुनिया भर के संगठन अभियान चला रहे हैं। उनकी मांग है कि सबसे पहले मामले की निष्पक्ष जांच करें। पर्याप्त सबूत मौजूद होने पर आपराधिक जिम्मेदारी के संदिग्धों पर सामान्य नागरिक अदालतों के समक्ष निष्पक्ष सुनवाई में मुकदमा चलाएं। जबरन गायब होने को राष्ट्रीय कानून के तहत अपराध घोषित किया जाए। इसकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उचित दंडों से दंडनीय बनाया जाए। ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय नियमों को लागू करें और पीड़ितों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराएं। यह सुनिश्चित करें कि पीड़ितों और अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों को मुआवजा मिले। इसमें क्षतिपूर्ति, पुनर्वास, पुर्नस्थापन और यह गारंटी शामिल हो कि ऐसा दोबारा नहीं होगा। किसी भी प्रकार के क्षमादान कानून या दंड से मुक्ति दिलाने वाले किसी भी अन्य उपाय जैसे कि परिसीमा अधिनियम आदि को निरस्त करें। हर हाल में उनके मानवाधिकारों की रक्षा करें और उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश की जाए।

अध्यात्म

## एक सत्संग ऐसी भी



एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के एक घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। सेठजी संत की हालत देख कर चुप-चाप वहाँ से निकल जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है कि तेरे किस्मत ही खराब है जो तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। तोता कहता है कोई बात नही सेठजी में सब समझ गया।दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया। इस कहानी से तात्पर्य ये है कि हम सत्संग में तो जाते हैं ज्ञान की बाते करते हैं या सुनते भी हैं, पर हमारा मन हमेशा सांसारिक बातों में हीं उलझा रहता हैं। सत्संग में भी हम सिर्फ उन बातों को पसंद करते है जिसमे हमारा स्वार्थ सिद्ध होता हैं। जबकि सत्संग जाकर हमें सत्य को स्वीकार कर सभी बातों को महत्व देना चाहिये और जिस असत्य, झूठ और अहंकार को हम धारण किये हुए हैं उसे साहस के साथ मन से उतार कर सत्य को स्वीकार करना चाहिए।

# समृद्ध जल साधनों के बीच प्यासा आदिवासी समाज

**डिंडोरी को जल अभावग्रस्त जिला घोषित किया गया है। इसका अर्थ यह है कि जिले में मौजूदा वर्ष में पेयजल और सिंचाई के लिये उपलब्ध पानी की कमी का संकट गहराया है, खासकर आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए। ऐसे में जल संसाधनों के विनियमन और उपयोग पर नियंत्रण लगाया गया है। यह आदेश 10 फरवरी से 30 जून 2026 तक लागू रहेगा, जिसमें पानी के अनावश्यक दोहन पर रोक और संरक्षण-उन्मुख व्यवहार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही निजी नलकूप,बोरवेल एवं हैंडपम्प के लिए अनधिकृत खनन और ड्रिलिंग पर रोक जैसे कदम भी प्रशासन ने उठाए हैं ताकि जल स्तर और उपलब्धता को बचाया जा सके।**

**राज कुमार सिन्हा**

डिंडोरी और आसपास के आदिवासी-ग्रामीण जिलों में पहले से भूजल स्तर गिर रहा है और पेयजल की उपलब्धता सीमित है। मौसमी स्त्रोतों पर अत्यधिक दबाव और वर्षाजल संचयन की कमी के कारण प्रशासन ने जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये इस आदेश का सहारा लिया है ताकि गर्मियों में लोगों को पीने के पानी की समस्याएं और गंभीर न हों।डिंडोरी और आसपास के आदिवासी-ग्रामीण जिलों में पहले से भूजल स्तर गिर रहा है और पेयजल की उपलब्धता सीमित है। मौसमी स्त्रोतों पर अत्यधिक दबाव और वर्षाजल संचयन की कमी के कारण प्रशासन ने जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये इस आदेश का सहारा लिया है ताकि गर्मियों में लोगों को पीने के पानी की समस्याएं और गंभीर न हों।

मध्यप्रदेश को देश का सबसे बड़ा आदिवासी आबादी वाला राज्य कहा जाता है। आदिवासी समुदाय सदियों से जंगल, नदी और पहाड़ियों के साथ सहजीवन में रहे हैं। विडंबना यह है कि आज वही समुदाय पानी की सबसे गंभीर असुरक्षा का सामना कर रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर आदिवासी अंचल आज पानी के लिए जूझते दिखाई देते हैं।

मध्यप्रदेश के झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, मंडला, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, बालाघाट, सिंगरौली और शिवपुरी (सहरिया क्षेत्र) जैसे जिले मुख्यतः आदिवासी हैं। ये क्षेत्र या तो पथरीली पहाड़ियों, घने जंगलों या पठारी भूभाग पर बसे हैं, जहां जल का प्राकृतिक संचयन कठिन होता है।आदिवासी क्षेत्रों में पेयजल का मुख्य आधार झरने, छोटे नाले, कुएं और हैंडपंप हैं। गर्मियों में ये स्त्रोत सूख जाते हैं, जिससे कई गांवों में तीनङ्कचार महीने गंभीर जल संकट रहता है।गहरे नलकूप आधारित जल व्यवस्था आदिवासी अंचलों के भूगर्भ के अनुकूल नहीं है। नतीजतन, बड़ी संख्या में हैंडपंप कुछ वर्षों में ही सूख जाते हैं, जिससे सरकारी निवेश व्यर्थ हो जाता है।कई आदिवासी क्षेत्रों में भूजल में फ्लोराइड, आयरन और नाइट्रेट की मात्रा अधिक पाई जाती है। इससे दंत रोग, हड्डियों की विकृति और पेट से जुड़ी बीमारियां आम हैं, लेकिन जांच और उपचार की सुविधाएं सीमित हैं।नर्मदा घाटी, सिंगरौली, बालाघाट और मंडला जैसे क्षेत्रों में बांध, खनन और औद्योगिक परियोजनाओं ने आदिवासियों को उनके पारंपरिक जल स्त्रोतों से अलग कर दिया है। विस्थापन के बाद बसाए गए गांवों में अक्सर स्थायी जल व्यवस्था नहीं होती, जिससे पानी की समस्या और गहरी हो जाती है। जलवायु परिवर्तन के कारण अनियमित मानसून, कम अवधि में तेज़ वर्षा और लंबे सूखे ने आदिवासी कृषि और जल स्त्रोतों दोनों को प्रभावित किया है। पहले जिन झरनों में सालभर पानी रहता था, वे अब सिर्फ मानसून तक सीमित हो गए हैं।

आदिवासी समाज के पास पारंपरिक जल संरक्षण का समृद्ध ज्ञान रहा है,जैसे पहाड़ी ढलानों पर छोटे बांध, झिरिया, डबरा, जैसे स्थानीय जल



ढांचे प्रमुख हैं। जंगल संरक्षण के माध्यम से जल संरक्षण की आधुनिक नीतियों में इस ज्ञान को नजर अंदाज किया गया, जिससे समाधान टिकाऊ नहीं बन पाए। इसलिए विकेंद्रीकृत जल प्रबंधन के अन्तर्गत ग्रामसभा आधारित जल योजना, जहां पानी को सामुदायिक संसाधन मानना, झिरिया, तालाब, झरनों और छोटे बांधों का संरक्षण, कम गहराई वाले कुएं, वर्षाजल संचयन और गुरुत्व आधारित जल प्रणालियां विकसित करने का प्रयास करना और जल समितियों में आदिवासी महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने जैसे प्रयास प्रमुख हैं। मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पानी की समस्या केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि नीतिगत उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का परिणाम है। जब तक आदिवासी समाज को जल प्रबंधन का केंद्र नहीं बनाया जाएगा, तब तक 'हर घर जल' का सपना इन अंचलों में अधूरा ही रहेगा।आदिवासी समाज को पानी नहीं दिया जा रहा है, बल्कि उनसे उनका पानी छीना जा रहा है, यह सच्चाई स्वीकार किए बिना समाधान संभव नहीं है। मध्यप्रदेश में तेजी से गिरता भूजल न केवल किसान समुदाय के लिए चिंता का विषय है, बल्कि शहरी और ग्रामीण दोनों जीवन के लिए जल सुरक्षा संकट का संकेत देता है।

मध्यप्रदेश में लगभग 58.75 से 60 प्रतिशत भूजल का दोहन हो चुका है, जो राज्य को बढ़ते जल संकट की ओर ले जा रहा है।कृषि के लिए भूजल उपयोग लगभग 90 प्रतिशत है, जबकि घरेलू उपयोग में 9 प्रतिशत और औद्योगिक उपयोग के लिए 1 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि कृषि आधारित भूजल दोहन सबसे बड़ा कारण है।ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के लिए पानी के स्त्रोत खत्म होते जा रहे हैं, जिससे लोगों को बड़े-बड़े टैंकर और ट्यूबवेल पर निर्भरता बढ़ रही है। मध्यप्रदेश के भूजल भंडार की गिरावट सामयिक समस्या नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक आपदा बन चुकी है। केवल भूमि-स्तर पर नीतिगत संवर्धन, सूचना-आधारित प्रशासन और सामुदायिक भागीदारी से ही भविष्य में पानी की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सकती है।

डिंडोरी में जल संकट 'संभावना' नहीं, 'वर्तमान स्थिति' बन चुका है। मानसून पर अत्यधिक निर्भरता और कमजोर रिचार्ज व्यवस्था असफल हो रही है। यदि अभी नियंत्रण नहीं किया गया, तो गर्मी के समय में पेयजल आपातकाल बन सकता है। यह पहली बार है जब प्रशासन ने पानी को कानून और अनुशासन के दायरे में लाने की कोशिश की है। यदि इस आदेश को केवल प्रतिबंध मानकर टाल दिया गया, तो संकट बढ़ेगा। लेकिन यदि इसे जल-अनुशासन की शुरुआत माना गया, तो डिंडोरी एक उदाहरण बन सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके सामाजिक सम्पर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**वृषभ**
आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। पैतृक सम्पत्ति के मामलों के उलझने की सम्भावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**मिथुन**
मित्रों को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके सम्बन्ध और भी घनिष्ठ और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

**कर्क**
आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको आज काफी परेशान कर सकते हैं। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है।

**सिंह**
आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कन्या**
अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं। बड़बोलेपन वाले व्यवहार से बचें। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला**
नये व्यापारिक अनुबन्ध हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व आशीर्वाद लेना उत्तम सिद्ध होगा।

**वृश्चिक**
आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

**धनु**
आर्थिक मामलों के लिये दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे।

**मकर**
आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ**
आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिये। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**मीन**
पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। महिलायें किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत बंद का कम्युनिस्ट पार्टी एवं उसके सहयोगी दल ने किया समर्थन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं उसके सहयोगी संगठन सीपीआई, सीपीएम एवं ई रिक्शा संगठन बाढ़ के द्वारा भारत बैंड का समर्थन करते हुए एक जुलूस निकाली गई या जुलूस बाढ़ के रेलवे स्टेशन दुर्गा मंदिर के पास से एकत्रित होकर कचहरी चौक पहुंचा और जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान नेताओं ने सभा को भी संबोधित किया जिसमें कॉमरेड भोला शर्मा, नरेंद्र सिंह ,विनय कुमार ,मोहित सिंह,सुमन कुमार शिवकुमार प्रसाद ,रामानंद पासवान ,एवं ई रिक्शा संगठन के सुजीत कुमार और संजय महतो सहित दर्जनों लोकसभा में उपस्थित थे सभा में सरकार के द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर करने बीमा के क्षेत्र को प्राइवेट कारण करने व्यापार समझौता में मनमानी करने निट छात्र के दोषी को फांसी देने जैसी जालंत मुद्दों पर जमकर भड़ास निकाल और ज्ञापन सौंपते हुए सभा को समाप्त की।

### बीएसएफ कर्मी के घर में चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिचली मलाही गांव में बीएसएफ में तैनात कर्मी सुधीर प्रसाद के घर में ताला तोड़कर अपराधियों ने चोरी कर ली। इस संबंध में कर्मी की पत्नी आशा देवी ने थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि अपराधियों ने उसके घर से बर्तन, पंखा एवं अन्य सामान चोरी कर लिया। वही सामान भी कमरे में बिखेर दिया ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 3.25 लाख की ठगी को लेकर केस दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के भटगांव निवासी घनश्याम कुमार ने स्थानीय अंसारी मोहल्ला निवासी कारोबारी अजय कुमार पर सवा तीन लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में थाने में केस दर्ज कराया है ।घनश्याम का कहना है कि अजय कुमार ने उससे खाली बोरा खरीदा था। इसी का भुगतान उसने चेक के माध्यम से किया था। लेकिन धोखाधड़ी से दिए गए चेक क्लियर नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### शिव पुराण कथा को लेकर कलश यात्रा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अलखनाथ गंगा घाट पर 12 फरवरी से 22 फरवरी तक गंगोत्री से आए हुए कथावाचक ओम प्रकाश शास्त्री के द्वारा कथा वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके तहत गुरुवार के दिन कलश यात्रा निकाली गई। आयोजक रितेश कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर यह आयोजन किया गया है जिसमें शिव पुराण कथा अमृत वर्षा के तहत लोग भक्ति में वातावरण में कथा वाचन का आनंद उठाएंगे। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में हिस्सा लेते हुए गंगाजल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे इस दौरान लोगों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### 15 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ बाइक जब्त

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को गोरिया स्थान बांध के पास बाइक से शराब ले जाने के दौरान पुलिस ने सूचना पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक बाइक को बरामद किया है। हालांकि शराब कारोबारी बाइक और शराब छोड़कर मौके से फरार हो गए। मौके पर टीम में एएसआई अशोक कुमार और होमगार्ड के जवान बबलू कुमार सहित कई लोग थे।

### मवेशी की चोरी, थाने में कराया मामला दर्ज

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा गांव में घर के पास बंधी एक मवेशी को कुछ लोगों के द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में मवेशी के मालिक ने थाने में लिखित शिकायत पर दो लोगों का नाम अभियुक्त बनाया है। बताया जाता है कि रामपुर दियारा गांव निवासी पिन्टू कुमार के घर के पास मवेशी बांधा हुआ था। इस बीच मौके का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने मवेशी को अपने साथ चोरी कर ले गए। इसके बाद पीड़ित ने चोरी के आरोप लगाते हुए दो लोगों को नामजत अभियुक्त बनाते हुए मनेर थाने में लिखित शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए जुटी हुई है।

### बालू खनन के मामले में दो बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मसौढी पुलिस ने मसौढी थाना क्षेत्र के केवटा गांव के समीप दो बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को जप्त किया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि अवैध बालू के खिलाफ वरीय पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में कार्रवाई चल रही है,इसी दौरान सूचना मिली थी की पुनपुन नदी से बालू का अवैध ढुलाई और खनन हो रहा है जांच अभियान के दौरान केवटा गांव के पास दो ट्रैक्टर बालू लदा हुआ पकड़ा गया है जिसका चालान एवं अन्य सारे चीज की जांच की जा रही है और इसकी सूचना खनन पदाधिकारी को भी दी गई, यह यह दोनों ट्रैक्टर पुनपुन नदी से बालू निकाल कर जा रहे थे लगातार सभी घाटों के आसपास पुलिस की निगरानी की जा रही है।अवैध बालू के खनन के खिलाफ टीम गठित कार्रवाई की जा रही है।

### चार बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के संगत पर मोड़ के पास एक बैग में शराब भर कर जा रहे हैं सप्लायर को पुलिस ने रंगे हाथ दबोचियां हैं जप्त बाग में चार बोतल विदेशी शराब थे गिरफ्तार युवक का नाम दूधनाथ कुमार पिता स्वङ्क अग्नि देव सिंह साङ्क इब्राहिमपुर थाना किंजर जिला अरवल है जिसके पास 04 बोतल 750 मिली ओल्ड मॉन्क रम कुल 03 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान बताया गया कि मसौढी कहीं किराए के मकान लेकर रहता है और शराब का सप्लाई करता था। थाना अध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि होली पर्व को लेकर लगातार तवातोड़ ऑपरेशन शराब का अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है।

### मैट्रिक की परीक्षा को लेकर छह परीक्षा केंद्र,2398 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदाचार मुक्त दावे के साथ आगामी 17 फरवरी से 25 फरवरी तक बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा शुरू होने जा रही है।ऐसे में मसौढी अनुमंडल में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां 2398 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जो दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी सुबह 9 बजे से इंट्री कर लेनी होगी, ऐसे में छह परीक्षा केंद्रों में श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल बने परीक्षा केंद्र में 690 परीक्षार्थी, प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका हाई स्कूल में 273, उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनी परीक्षा केंद्र पर 297, हाई स्कूल साई धनरूआ में 297 , श्री वीरचंद्र पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीपालपुर में 302 परीक्षार्थी, रफ्तार+2 उच्च विद्यालय में 539 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस पूरे परीक्षा केंद्र पर 27 स्टैटिक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं, 3 गस्ती दंडाधिकारी और दो जोनल से उडनदस्ता पदाधिकारी बनाए गए हैं। मसौढ़ी एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया की कदाचार मुक्त को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर कई व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

### स्कूल में लगी आग, लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान, फायर ब्रिगेड आग बुझाने मे जुटी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के दौलतपुर बाजार के पास एक प्राईवेट स्कूल किंग ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। स्कूल संचालक खरौना भुसैनचक निवासी राकेश कुमार पिता स्व जवाहर प्रसाद ने बताया की बिते रात को आग लगी है जानकारी सुबह में हमें मिली है जब दौड़े दौड़े आए तो देखै की स्कूल का सारा सामान जलकर राख हो गया है। सभी स्कूल के कमरे के अंदर बेंच कुर्सी डेस्क तकरीबन 20 सेट कंप्यूटर कार्यालय का काउंटर स्कूल ड्रेस शर्ट पैंट कंप्यूटर लैब समेत सभी स्कूल के सामान जलकर राख हो गए हैं इस आग लगी में तक में 10 लख रुपए का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी हैं इसकी जानकारी नहीं है लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी ने जानबूझकर हमारे विद्यालय में आग लगा दिया है। डेढ साल पहले भी 14 पंखे चोरों ने चुरा लिए थे,बहरहाल मौके पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई थी वह पहुंचकर आग बुझाई है घटना के बाद गांव के लोगों की भीड़ जुट गई है आसपास लोगों के चर्चा का विषय है।



# लहसुना के निशियावां हाई स्कूल के चारदिवारी के अंदर मिला युवक का शव

**परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, एफएसएलकी टीम और डॉग स्क्वायड कर रही जांच**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के निशियावां गांव में हाई स्कूल के पीछे चाहरदिवारी के पास गुरुवार को दोपहर तकरीबन एक बजे 16 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पूरे गांव के लोग शव को देखने के लिए भीड उमड गई है। मृतक की पहचान सूरज कुमार उम्र 16 वर्ष पिता स्व हरेंद्र बिंद के रूप मे हूई है। मृतक सूरज कुमार की मां अनीता देवी ने बताया कि कल रात में तकरीबन 11 बजे इसके कुछ दोस्त बुलाकर ले गए थे,रात भर नहीं आया था, और सुबह में इसका शव हाई स्कूल के पास से बरामद किया गया है। डेढ़ साल पहले ही इनके पिता की भी मृत्यु हो गई थी अब मेरा देखने सुनने वाला कोई नहीं है। इसके दोनों दोस्त बुला कर ले गए थे वह भी गांव से लापता है।गौरतलब है की मृतक की मां अनिता का रो रो कर बुरा हाल, मौके पर सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 कन्हैया कुमार मौके पर पहुंचे हैं और घटना की तफशीश में जुट गए हैं उसके बॉडी पर चोट के निशान भी देखे गये है,फिलहाल पुलिस जांच कर रही हैं। घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है जो पूरे घटनास्थल की जांच कर रही है। मौके पर पहुंची पुलिस को आक्रोशित लोगो का आक्रोश झेलना पड़ा, डेड बॉडी को तकरीबन 2 घंटे तक उठने नहीं दिया है। स्थानीय लोगों ने अपराधियों को पकड़ने की लगातार हो हल्ला कर रहे थे। हालांकि डीएसपी के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इसकी पूरी गहनता से जांच की जाएगी और कोई भी दोषी होंगे उसे बक्शा नहीं जाएगा। घटना स्थल पर पहुंचे मुखिया चंदन भारती ने भी सरकार से मांग कि हैं की इसकी गहनता से जांच की जाए और अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और सरकारी सहायता राशि भी परीजनों को दिया जाए।

# एएन कॉलेज में पांच दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना में 12 फरवरी 2026 को 'पाउडर एक्स-रे डिफ्रैक्शन एवं यूवी-विज स्पेक्ट्रोस्कोपी' विषय पर पांच दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीआईसी द्वारा आईक्यूएसी, ए.एन. कॉलेज, पटना के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 से 16 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने अपने संबोधन में कहा कि मटेरियल साइंस, नैनो टेक्नोलॉजी एवं फार्मास्यूटिकल रिसर्च जैसे क्षेत्रों में सटीक विश्लेषण के लिए इन तकनीकों में दक्षता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की 'सीड मनी पॉलिसी' के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बीच की दूरी को कम करना है, जिससे शोध की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के समन्वय प्रो. सीमा शर्मा ने बताया कि यह उद्घाटन सत्र पाँच



दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल शुरूआत है, जिसका उद्देश्य मटेरियल साइंस एवं कैरेक्टराइजेशन के क्षेत्र में सशक्त शोध वातावरण तैयार करना है। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. तृप्ति गंगवार ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों से कुल 60 शोधार्थी, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो भाग ले रहे हैं।

# ट्रक के ठोकर से महिला गंभीर रूप में जख्मी दोनों पैर को कुचला, विरोध में सड़क जाम



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी शहर में नो एंट्री के बावजूद बड़े वाहनों की एंट्री से शहर वासियों का जीना मुहाल हो गया है।आए दिन शहर में महाजाम की स्थिति बन रही है, फिर भी स्थानीय प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है और इसी उदासीनता के कारण आए दिन घटनाएं घट रही है। ऐसा ही मामला गुरुवार को रेलवे गुमटी के पास दोपहर को एक ट्रक के ठोकर से महिला गंभीर रूप में जख्मी हो गई है ट्रक उस महिला के दोनों पैर को कुचल डाला है। जिसे आनन फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जख्मी महिला का नाम कैमरून खातून पति मोहम्मद मकसूद जो मलिकाना मुहल्ले की रहने वाली है जो बाजार से घर सामान खरीद कर जा रही थी, उसी दरमियान रेलवे गुमटी चौराहा के पास में सड़क के किनारे क्रॉस करने के दौरान रेलवे गुमटी पर तेजी से रेलले ट्रैक पार करने के दौरान एक महिला को ठोकर मार दी, ड्राइवर को पकड़ लिया गया है मौके पर पहुंची पुलिस के समक्ष स्थानीय लोगों ने घंटों विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की हैं।

# जीवन के हर क्षेत्र में है प्रतिस्पर्धा,शिक्षा के महत्त्व को समझें : कृषि मंत्री





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर सेंट्रल स्कूल के नए भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राज्य के कृषिमंत्री रामकृपाल यादव के कहा कि बच्चों को जड़ मजबूत होगा वह तभी प्रतिस्पर्धा में जीत सकेंगे।आज अपने राज्य व देश मे ही नही पूरी दुनिया में सबसे अधिक प्रतियोगिता है और मुझे गर्व से कहना पड़ता है कि बिहार के धरती के यह लाल दुनिया के हर स्तर पर अपना लोहा मनवाएंगे।जीवन के जिस क्षेत्र में जाएंगे अपने प्रखंड जिला एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। आज बिहार में मेघा की कमी नहीं हैआपने देखा होगा जब मेघा को अवसर मिलता है तो अपना परचम लहराया, एक नही अनेकों उदाहरण हैं हमारे राज्य के होनहार अपनी प्रतिभा को निखार कर देश की सेवा का करने का काम कर रहे है।बिहार संघर्ष की धरती है आजादी का आंदोलन पूज्य महात्मा गांधी जी ने भी यही से चम्पारण की धरती से शुरू किया था।आज निर्धनता वाले इस क्षेत्र में बच्चों की उपस्थिति देखकर ही लगता है कि यहां के अभिभावक शिक्षा के प्रति सजग हैं वहीं उन्होंने बालिकाओं की उपस्थिति पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आधी आबादी को जो आरक्षण दिया और महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में चाहे शिक्षा,रोजगार हो राजनीति हो या कोई अन्य क्षेत्र साफ-साफ दिख रहा है कि बालिका शिक्षा के प्रति उनके अभिभावक भी रुचि दिखा रहे हैं। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज बनाने का निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की एक अलग जगह अलग अलख जगेगी ।वही कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने विद्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।इससे पहले कार्यक्रम का बिधिवत उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष विधाधर विनोद सिंह,निदेशक आनन्द सिंह, राजनंदन वर्मा, राजीव रंजन सिंह सहित कई लोग थे।

# अथमलगोला में ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल राज्य मंत्री व चेयरमैन से की मुलाकात



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल भवन नई दिल्ली में,अथमलगोला के रहने वाले काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी) के आचार्य विकास पाठक व बाढ (पटना) भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री आशुतोष कुमार अमीत ने केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू व रेलवे बोर्ड ( नई दिल्ली ) के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात की।आचार्य विकास पाठक ने दोनों को काशी विश्वनाथ का अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान आशुतोष कुमार अमीत ने केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार से पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत अथमलगोला रेलवे स्टेशन ट्रेन संख्या 18183/84 टाटानगर बक्सर एक्स्प्रेस व 13331/32 पटना धनबाद इंटरसिटी की मांग की।केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री के समक्ष अपने प्रतिवेदन में आशुतोष कुमार अमीत ने कहा की अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेनों के ठहराव की मांग वर्षों पूरानी है चूंकि जनहित में क्षेत्र के 40 गांवों के परिचालन की सुगमता का एकमात्र सुगम साधन भारतीय रेल है और इस संबंध में स्थानीय सांसद ललन सिंह,चिराग पासवान व स्थानीय विधायक डाक्टर सियाराम सिंह लिखित अनुशंसा कर चुके हैं,इसलिए ठहराव दिया जाय। मौके पर 04 नंबर ट्रैक को पार करने के लिए फूट ओवरब्रिज का भी मुद्दा उठाया।जनहित के सारे मुद्दों को सुनने के बाद रेल राज्य मंत्री ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को निदेशीत किया जिसके बाद,चेयरमैन ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय (हाजीपुर ) से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है और उचित निर्णय का आश्वासन दिया।बहरहाल इस सार्थक मुलाकात के बाद अथमलगोला स्टेशन पर ठहराव सहित FOB के मुद्दे को पूरा होने की उम्मीद काफी बढ़ गई है।

### पीजी रेलखंड में चलती ट्रेन में ट्रेन ड्राइवर की बिगडी तबीयत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटन-गया रेलखंड के पोठही रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक पैसेंजर ट्रेन के चालक तबीयत बिगड गई, जहाँ आनन फानन मे तारेगना स्टेशन को सूचना दी गई, जहाँ मेडिकल टीम बुलाकर ईलाज कराया गया, इलाज कर रहे डॉ आनंद ने बताया की गुरुवार को तरेगना स्टेशन मास्टर, मसौढ़ी द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 63395 के लोको पायलट (चालक) की तबीयत अचानक खराब हो गई है। जिसका नाम विकास कुमार है,प्राप्त जानकारी के मुताबिक ट्रेन पोठेही से मसौढ़ीझतरेगना स्टेशन की ओर आ रही थी तथा चालक को तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी।सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी के प्रभारी चिकित्सक डॉ. आनंद एवं उनकी टीम तुरंत स्टेशन पहुँची। ट्रेन के मसौढ़ी-तरेगना स्टेशन पर पहुँचते ही लोको पायलट का ट्रेन पर ही प्राथमिक चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया गया।

# आम हड़ताल के समर्थन में सड़कों पर उतरा भाकपा माले

**खेती-किसानी को कारपोरेट गुलामी के हवाले कर रही केंद्र सरकार**




**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ हिलसा बाजार में भाकपा माले ने नव उदारवादी हमले के खिलाफ मजदूर वर्ग के साथ गुरुवार के आम हड़ताल के समर्थन में भाकपा माले ने सड़क पर जोरदार प्रदर्शन किया।इस प्रतिरोध में विभिन्न जन संगठनों ने भी माले के साथ कदमताल किया। जिसका नेतृत्व पार्टी जिला कमेटी सदस्य व सहायक सचिव दिनेश कुमार यादव, जिला कमेटी के स्थाई सदस्य प्रमोद यादव, किसान संगठन के जिला सचिव मुनी लाल यादव, कामेश्वर प्रसाद, रविंद्र पासवान,इंक्लावी नौजवान सभा के प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने संयुक्त रूप से किया।यह मार्च हिलसा के विभिन्न चौक चौराहा होते व्यवहार न्यायालय के बाद अभय नाथ मंदिर के पास नुक्कड़ सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता खेत ग्रामीण मजदूर सभा के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी सहायक सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार लगातार एक से एक जन विरोधी कानून देश पर थोप रही है और देश के आम जनमानस को कॉपोरेट की गुलामी की ओर धकेल दिया है जिसका जीता जागता उदाहरण श्रम कोड संशोधन के साथ मनरेगा को समाप्त कर भीवी जी राम जी लाई है। मजदूर वर्ग काफी कुबार्नी देकर 8 घंटा काम 8 घंटा आराम और 8 घंटा विश्राम का अधिकार प्राप्त किया था इसे इन्होंने खत्म कर दिया है। देश के मुखिया ट्रंप के आगे घटना देख चुकी है और अमेरिका के साथ भारत का कृषि समझौता करके खेत खेती किसानों को भी कॉपोरेंट की गुलामी की ओर धकेल रही है। इसके समर्थन में बिहार के मुखिया नीतीश कुमार भी हैं जो एक सिक्के के दो पहलू बने हुए हैं।आज वक्त की मांग बन गई है कि देश के तमाम मजदूर किसान छात्र नौजवान एकजुट होकर इस निरंकुश मोदी और नीतीश की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंके। इस मौके पर किसान संगठन के सहसचिव विजय यादव, खेत मजदूर सभा के प्रखंड सचिव कैलेंद्र पासवान, भीम बिंद आदि दर्जनों लोगों ने जगह-जगह पर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

# पालीगंज में मनाया गया स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती समारोह



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर सह पुस्तकालय के सभागार में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती का जयंती समारोह श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज विकास एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र ने की, जबकि संचालन सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। सतीश चंद्र ने स्वामी दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आर्य समाज और पुस्तकालय के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद भारतीय इतिहास में महान समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने रूढ़िवादी व्यवस्था के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा सत्यार्थ प्रकाश जैसे ग्रंथ की रचना कर समाज को सत्य से परिचित कराया। वे वेदों के प्रकांड ज्ञाता थे और उन्होंने ह्ववेदों की ओर लौटोह्व का संदेश दिया। महेंद्र पासवान ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म वर्ष 1824 में गुजरात के एक सनातनी परिवार में हुआ था। उनके पिता शिव के उपासक थे, इसलिए बचपन में उनका नाम मूलशंकर रखा गया। महाशिवरात्रि के दिन शिव मंदिर में चूहे को प्रसाद खाते देख उनके मन में मूर्तिपूजा के प्रति संशय उत्पन्न हुआ, जिसके बाद उन्होंने सत्य की खोज में वेदों और विभिन्न ग्रंथों का अध्ययन किया। आगे चलकर उन्होंने वेदों को सर्वोच्च ज्ञान का स्रोत बताते हुए मूर्तिपूजा सहित अनेक सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा विधवा विवाह और अंतरजातीय विवाह जैसे सुधारों का समर्थन किया। कार्यक्रम में उपस्थित राजकिशोर सिंह, सुनील कुमार वर्मा,सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. ज्ञानप्रकाश, राजकिशोर सिंह,सुनील कुमार वर्मा, विजय कुमार सिन्हा, उतम कुमार ,जितेंद्र पासवान , ओम नारायण,अभिनंदन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उपेक्षा का शिकार पालीगंज का डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास, एक भी छात्र नहीं रहता





**पालीगंज (पटना) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक ओर बिहार सरकार राज्य के 534 प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए नए छात्रावास खोलने की घोषणा कर रही है, वहीं पहले से निर्मित छात्रावासों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। इसका ताजा उदाहरण पालीगंज नगर बाजार स्थित पालीझपटना मुख्य मार्ग पर बना अनुसूचित जनजाति के लिए डॉ. आंबेडकर कल्याण छात्रावास है, जो वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। करीब एक बीघा जमीन पर बने इस छात्रावास भवन में पांच कमरे हैं, जो पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। वर्तमान में यहां एक भी छात्र या छात्रा नहीं रहते। देखरेख के अभाव में पूरा परिसर खंडहर में तब्दील हो गया है। परिसर में कूड़े का अंबार लगा रहता है, जबकि आसपास के घरों की नाली का पानी भी यहीं गिरता है, जिससे स्थिति और बदतर हो गई है। जानकारी के अनुसार बिहार में पहले से 139 छात्रावास संचालित बताए जाते हैं, जिनमें पालीगंज का यह छात्रावास भी शामिल है। वर्ष 1960 के दशक में बने इस छात्रावास का संचालन कल्याण विभाग द्वारा किया जाता था। यहां विभाग की ओर से एक आदेशपाल नियुक्त था, जो छात्रों के लिए भोजन बनाता था। उस समय पालीगंज उच्च विद्यालय के छात्र यहां रहकर पढ़ाई करते थे। समय के साथ बुनियादी सुविधाओं और रखरखाव के अभाव में छात्रावास जर्जर होता चला गया, जिससे छात्र-छात्राएं यहां रहने से कतराने लगे। छात्रावास के मुख्य गेट के दोनों ओर अतिक्रमण कर मकान बना लिए गए हैं। आसपास के लोग परिसर में कूड़ा फेंकते हैं और नाली का पानी गिराते हैं, लेकिन इसे रोकने या देखने वाला कोई जिम्मेदार पदाधिकारी नजर नहीं आता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन द्वारा नगर बाजार में सड़क किनारे अवैध कब्जों-फल-सब्जी की दुकानों, झोपड़ीनुमा होटलों, सीढ़ियों आदि- पर बुलडोजर चलाया गया, लेकिन आंबेडकर कल्याण छात्रावास के पास बने अतिक्रमित मकानों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन, अंचल कार्यालय और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाकर नए सिरे से छात्रावास का निर्माण किया जाए और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो दूर-दराज के जरूरतमंद छात्रों को बड़ा लाभ मिल सकता है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में शीघ्र पहल करने की मांग की है। इस संबंध में पालीगंज उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य दुलारचंद पासवान ने बताया कि नए छात्रावास निर्माण के लिए उच्च अधिकारियों को कई बार पत्र भेजा जा चुका है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बीडीओ-सीओ ने की बैठक



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को बीडीओ पंकज कुमार और सीओ सुमंत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी कर्मचारी और संबंधित पदाधिकारी शामिल रहे। बीडीओ पंकज कुमार ने निर्देश दिया कि जिन कर्मचारियों की लॉगिन आईडी बनाई गई है, वे सभी फील्ड में जाकर किसानों से संपर्क करें और प्रत्येक पात्र किसान का फार्मर रजिस्ट्री अवश्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीओ सुमंत कुमार ने भी स्पष्ट किया कि सभी कर्मी निर्धारित समय में कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई तय है।

### विभिन्न मामलों के 17 अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न थाने की पुलिस बुधवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में चार वारंटी समेत 17 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से आठ की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 10 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 24 लीटर 20 मिलीलीटर शराब व तीन बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों को एक लाख 89 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना लगाया गया है।

### अगलगी में हजारों की संपत्ति राख

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाने के थुकहा गांव में बुधवार की रात अगलगी की घटना में कैलाशी देवी का घर सहित हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने का मुख्य कारण अलाव से निकली चिंगारी बताई गई है। अगलगी की इस घटना में घर में रखे कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, अनाज सहित हजारों की संपत्ति राख हो गई। इधर लोग कुछ समझते तब तक आग विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंचे दमकल और ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

### इनरवा बाजार से हटा अतिक्रमण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा बाजार में सीमा सड़क पर किये गये अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त रूख अपनाते हुए अभियान चलाया। सीओ आशीष आनंद, इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा एंव एसएसबी के इंस्पेकटर उतम सिंह की मौजूदगी में सड़क के किनारे अवैध रूप से लगाए गए टेंट, झोपड़ी और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। अभियान के दौरान पुलिस बल की तैनाती से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। सड़क पर दुकान लगाकर यातायात बाधित करने वालों को तत्काल हटने का निर्देश दिया गया। सीओ आशीष आनंद ने स्पष्ट कहा कि बॉर्डर की यह सैनिक सीमा सड़क अति महत्वपूर्ण है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि सड़क पर कब्जा कर सामान बेचने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है निर्देश की अवहेलना करने वाले दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली चोरी मामले में 13 लोगों पर प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी कर बिजली का उपयोग करने वाले और बड़े बकायेदारों पर बड़ी कारवाई की है। इसी क्रम में विभाग में टीम गठित कर अलग-अलग जगहों छापेमारी कर 13 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा है। पकड़े गए सभी के विरुद्ध विभाग के जेई पंकज कुमार यादव ने शिकारपूर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में सैदपुर गांव की रूपा देवी, लालू राम, रमौली गांव के परवेज शेख, शेख रिजवान, शेख अनवर, सबरीन नेशा, चानकी के बाल रिल्ला साह, सुधीर कुमार, चेगावना के अरविंद गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, जोहरा खातून, मलदहिया के अलिसा बेगम और सुधा देवी का नाम शामिल है। जेई ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान अलग अलग गाव से 13 उपभोक्ताओ को बिजली चोरी करते पाया गया है। उक्त सभी के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। उधर शिकारपूर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ताला तोड़कर विद्यालय में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के चम्पापुर गाव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चोरी की घटना घटी है। चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ कर विद्यालय में रखा डेस्कटॉप, कैमरा, दो सीपीयू और दो टैब समेत अन्य सामान की चोरी कर ली है। मामले में विद्यालय के प्रभारी प्रधान शिक्षक रवि कुमार गुप्ता ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। और मामले की जांच कर करवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद आगे की करवाई की जाएगी।

### पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने दो स्थानों पर छापेमारी कर एक शराब तस्कर व ई रिक्शा सहित 918 लीटर नेपाली शराब बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोतनाजे गांव निवासी व शराब माफिया राजेश राय के घर में छापेमारी कर 23 बोरा और कार्टन में रखे 810 लीटर विभिन्न ब्रांड का नेपाली शराब बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान शराब माफिया राजेश राय पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा है। जिसकी तलाश की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस को उसके घर वाले का आक्रोश भी झेलना पड़ा। लेकिन कमरा खुलते ही भारी मात्रा में शराब देख कर पुलिस भौचक हो गई। दूसरी ओर सेनुवरिया गांव के समीप एक ई रिक्शा के डिक्की में छुपा कर ले जा रहे 108 लीटर नेपाली शराब बरामद किया गया है। बरामदगी के दौरान ई रिक्शा सहित शराब तस्कर दिनेश सहनी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है। जो चिरैया थाना क्षेत्र के महुआवा गांव का निवासी है। पुलिस इस बरामदगी को बड़ी सफलता मान रही है। चिरैया थाना क्षेत्र इन दिनों शराब और सूखा नशा के कारोबारियों का सुरक्षित क्षेत्र बन गया है। हाल ही में चिरैया पुलिस ने मोहद्दीपुर और धरहरी गांव से चरस तस्करों को गिरफ्तार किया था। जो सलाखों के पीछे है।

### भारी मात्रा में नशीला पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के चांद कुदरिया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चांद कुदरिया निवासी राजकुमार राय उर्फ डोढा राय के रूप में हुई है। अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नशीला पदार्थ भूसा में छुपाकर कहीं ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में भूसे के बीच बोरे में रखा लगभग 30 किलो डोडा चुरा/भुक्की जैसा नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार ने बताया कि वह यह सामान पटना के विपुल बाबा से खरीदकर पंजाब ले जाकर बेचता है। उसने यह भी खुलासा किया कि इसी प्रकार के मामले में वर्ष 2023 में पंजाब के पाटियाला जिला के राजापुर थाना में भी पकड़ा गया था। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### नाला क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों का विरोध

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंगरा पंचायत के चरिहारा गांव स्थित वार्ड 15 में पिछले वर्ष बने नाले के क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि नाला घटिया निर्माण सामग्री से बनाया गया, जिसके कारण एक वर्ष के भीतर ही ध्वस्त हो गया। ग्रामीण अशोक साह ने बताया कि उनकी बेटी की शादी होने वाली है, लेकिन नाला टूट जाने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने नाला पुनर्निर्माण की मांग की है। उधर, ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वार्ड 14 के हसापीर में भी इसी प्रकार की लापरवाही सामने आई थी, जहाँ नया बना नाला कुछ ही दिनों में टूटने लगा। इसकी शिकायत प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी बीच चैनपुर गांव निवासी तारकेश्वर सिंह ने पंचायत के मुखिया पर जबरन सोलिंग कराए जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

# काली सेना की पहल: घरेलू उद्योग से महिला स्वावलंबन की मजबूत शुरूआत



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रसिद्ध काली न्यास मंदिर परिसर में काली सेना (राष्ट्रीय) की कार्यकारिणी सदस्यों की पहली बैठक का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन की राष्ट्रीय प्रमुख पार्वती तिवारी ने की। इस अवसर पर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि महिलाओं के स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से घरेलू स्तर पर उड़द दाल एवं तिसी (अलसी) की तिलौरी के निर्माण कार्य की शुरूआत की जाएगी। यह पहल विशेष रूप से अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। काली मंदिर के पीठाधीश्वर सेवक संजय नाथ महाराज ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास को अपना आशीर्वाद देते हुए निर्माण कार्य हेतु अपने स्तर से आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की, जिससे इस पहल को मजबूत आधार मिल सके। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने संगठन के विस्तार और स्वावलंबन के संकल्प के साथ ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि तैयार किए जाने वाले सभी उत्पाद शुद्धता, स्वाद और स्वच्छता (हाइजीन) के उच्च मानकों के अनुरूप होंगे, ताकि बाजार में गुणवत्ता की पहचान बनाई जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख पार्वती तिवारी ने कहा कि यह अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए एक छोटी लेकिन दूरगामी महत्व वाली शुरूआत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में काली सेना महिलाओं के स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में एक सशक्त पहचान स्थापित करेगी। कार्यक्रम में काली सेना की पूर्णिमा देवी, रिंकू देवी, पूजा देवी, रमकली देवी, आसमा खातून, नीलू देवी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहीं।

## अमेरिका से व्यापार समझौते के खिलाफ राजद किसान प्रकोष्ठ का प्रदर्शन

**● समाहरणालय के गेट पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) किसान प्रकोष्ठ के आह्वान पर जिला मुख्यालय गेट के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता देश के किसानों के हितों के खिलाफ है।जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने कहा कि समझौते की घोषणा के बाद ही सोयाबीन की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत और मक्का में करीब 4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका से कृषि उत्पादों का आयात कम शुल्क या फ्री ड्यूटी पर होगा तो भारतीय बाजार में विदेशी उत्पाद सस्ते होंगे, जिससे स्थानीय किसानों की आय प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की स्थिति पर चिंता जताई, जिनकी संख्या देश में अधिक है और जिनकी पहुंच सब्सिडी व आधुनिक मशीनीकरण तक सीमित है।प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों पर संभावित प्रभाव का भी मुद्दा उठाया। राजद किसान प्रकोष्ठ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह किसानों के हित में इस व्यापार समझौते पर पुनर्विचार करे। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, प्रभु प्रसाद यादव, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता, मोहन चौरसिया, शकुंतला देवी, बैद्यनाथ यादव, अमजद खां, संजय कुशवाहा, नूर आलम, आसिया खातून आदित्या यादव समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## हाजिरी बनाकर विद्यालय से गायब शिक्षक को ग्रामीणों ने रास्ते में रोका, वीडियो वायरल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय बेलवाटोला में शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में हाजिरी बनाकर घर जा रहे शिक्षक अनिल गिरी को ग्रामीणों ने रास्ते में रोककर पूछताछ की। इस दौरान शिक्षक ने स्वीकार किया कि वे किसी जरूरी कार्य से घर जा रहे थे। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बच्चा पटेल, रामविलास कुमार, बबलू कुमार, गुड्डू कुमार, भोला साह, मंटू कुमार, टूना साह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित शिक्षक प्रतिदिन सुबह हाजिरी बनाकर विद्यालय से चले जाते हैं और शाम में लौटकर चेक आउट कर लेते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने सभी शिक्षकों पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि विद्यालय का शौचालय हमेशा ताला बंद रहता है, जिससे बच्चों को खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह बच्चों की सुरक्षा और स्वच्छता दोनों के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा ग्रामीणों का आरोप है कि मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों से ही उनकी थालियां साफ कराई जाती हैं। जो नियमों के विरुद्ध है। अभिभावकों ने इसे बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन बताया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मामले में प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाएगी।

## लेबर कोड के खिलाफ मजदूर संगठनों का प्रदर्शन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चार लेबर कोड्स के विरोध में आहूत देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में बेतिया में विभिन्न मजदूर और किसान संगठनों ने प्रदर्शन किया। भाकपा माले के केंद्रीय कमिटी सदस्य सह पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पुराने श्रम कानून किसान-मजदूरों के लंबे संघर्षों का परिणाम थे, जिन्हें समाप्त कर बनाए गए चार श्रम कोड संविधान और श्रमिक अधिकारों पर हमला हैं।ऐक्टू जिला अध्यक्ष जवाहर कुशवाहा ने वेतन संहिता 2019 को वापस लेने और चारों लेबर कोड रद्द करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्लोर वेज के नाम पर न्यूनतम मजदूरी को घटाया जा रहा है तथा काम के घंटे और सामाजिक सुरक्षा पर चोट की जा रही है। भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने केंद्र सरकार पर कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के संजय राम ने कहा कि नए श्रम कोड से मजदूरों के अधिकार सीमित होंगे।

## मजदूरों का अखिल भारतीय हड़ताल मोतिहारी में रहा सफल



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दोस्त ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर पूर्वी चंपारण जिला में हड़ताल पूर्णता सफल रहा। सभी विभागों के कर्मचारी निर्माण, परिवहन, सफाई, स्कीम वर्कर के साथ-साथ वामपंथी पार्टियों एवं किसान सभा तथा खेत मजदूर यूनियनों के द्वारा पूरे जिले में व्यापक रूप से हड़ताल सफल बनाया गया। मोतिहारी में सीटू के राज काउंसिल सदस्य सत्येंद्र कुमार मिश्रा, शक्ति नाथ तिवारी, ऑटो चालक संघ के जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदीप साहनी, लक्ष्मण साहनी, फिरोज अहमद, प्रमोद राम, विनोद राम, हेमराज हाशमी, एम एम कादरी, विपिन बिहारी दुबे, विकास कुमार, प्रीतेश कुमार, समसुल हक सहित अन्य लोगों के नेतृत्व में पूरा बलुआ गोलंबर, बरियारपुर, कचहरी चौक, छतौनी, मीना बाजार एवं स्टेशन चौक पर ऑटो ई रिक्शा चालकों के द्वारा किसान सभा के समर्थन से प्रदर्शन किया गया जिस दौरान पूरा परिचालन खाप रहा। साथ ही ऑटो ड्राइवर एवं अन्य जन संगठनों के द्वारा सीटू के नेतृत्व में एक विशाल जुलूस जिसमें सैकड़ो ड्राइवर शामिल थे बलुआ गोलंबर से जिला समाहरणालय मोतिहारी गया।जहां सीटू नेता सतेंद्र कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में सभा हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 4 लेबर कोड वापस लेने, मोतिहारी के अंदर ऑटो ई रिक्शा स्टैंड स्थापित करने,सहूलियत से ड्राइवर का लाइसेंस बनाने, स्टैंड के अंदर चार्जिंग पॉइंट ,शुद्ध पेयजल, सहित अन्य मांगों पर विस्तार से चर्चा किया । इसे अभिलंब पूरा करने का मांग जिला अधिकारी से की । कार्यक्रम को शक्ति नाथ तिवारी, अशोक पाठक, संजय गुप्ता,एम एम कादरी, विपिन बिहारी दुबे, प्रदीप साहनी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी को समर्पित की गई। तथा अंत में गगन भेदी नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## एकमा के पश्चिमी ढाला का टूटा बुम

**अनियंत्रित ऑटो की टक्कर से रेलवे बुम गेट क्षतिग्रस्त, छह घंटे बाधित रहा सड़क आवागमन**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड के एकमा स्टेशन स्थित पश्चिमी ढाला संख्या 68 बी पर बुधवार को एक अनियंत्रित तिपहिया वाहन ऑटो की टक्कर से रेलवे का बुम गेट टूट गया, जिससे करीब छह घंटे तक सड़क आवागमन बाधित रहा। गेटमैन राजेश कुमार ने बताया कि मालगाड़ी को सुरक्षित पार कराने के बाद जैसे ही गेट खोला जा रहा था, उसी दौरान उत्तर दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे यात्रियों और सामान से भरे ऑटो ने बुम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बुम का दक्षिणी हिस्सा पूरी तरह टूट गया। घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी गई, जिसके बाद गेटमैन और रेल पटरी पर कार्यरत कर्मचारियों ने बुम की मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। विभागीय सूचना पर छपरा से नया बुम मंगाया गया, जो शाम करीब छह बजे पहुंचा। नया बुम लगाने के बाद ही सड़क आवागमन सामान्य हो सका। इस दौरान ढाला के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि सिग्नल विभाग और संबंधित अधिकारियों की ओर से तत्परता दिखाई जाती, तो मरम्मत कार्य में इतना समय नहीं लगता। वहीं रेलवे कर्मियों का कहना था कि तकनीकी कारणों से नया बुम लाना अनिवार्य था, इसी वजह से समय लगा।

## विधान पार्षद सौरभ कुमार ने पुनरुद्धार की उठाई मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान परिषद में विधान पार्षद सौरभ कुमार ने बंद पड़ी चनपटिया चीनी मिल, चनपटिया स्टार्टअपजोन के उद्यमियों की समस्याओं तथा कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र में स्टील यूनिट की स्थापना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चनपटिया चीनी मिल के लंबे समय से बंद रहने और स्टॉर्टअप जोन से जुड़ी परियोजनाओं के ठहराव के कारण स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक विकास ठप पड़ गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि चनपटिया चीनी मिल के पुनरुद्धार, स्टॉर्टअप जोन के उद्यमियों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित स्टील यूनिट की स्थापना के लिए ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाए।

## अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं राजस्व कर्मचारी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से दाखिल खारिज, परिमार्जन, फॉर्मर रजिस्ट्री आदि कार्यो के प्रभावित होते देख विभाग ने अब पंचायत सचिवों को यह जेम्मेदारी दिया है। अंचल कार्यालय कार्यरत राजस्व कर्मचारियो के हड़ताल से वापस लौटने तक पंचायत सचिव राजस्व संबंधी कार्यो का निष्पादन करेंगे। इसको लेकर अंचल प्रशासन हल्कावार सूची तैयार करवा रही है। अंचलाधिकारी सुधांशू शेखर ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय निर्देश पर पंचायत सचिवों को राजस्व कर्मचारी का प्रभार दिया जा रहा है। ताकि विभागीय कार्य प्रभावित न हो सके और उसे ससमय निष्पादित किया जाता रहे। उन्होंने बताया कि पुराने राजस्व कर्मचारी अशोक पटेल को पहले ही आरटीपीएस से निकलने वाली जाती, आय, निवास,ई डब्लू इस, आदि सर्टिफिकेट की जांच का प्रभार दे दिया गया है। वही पंचायतों में हल्कावार विभाजन को लेकर सूची तैयार किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि अंचल कार्यालय में कार्यरत 12 राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। वहीं 1 पुराने राजस्व कर्मचारी फिलहाल दैनिक कार्यो का निपटारा कर रहे है। सीओ ने ये भी बताया कि पंचायत सचिवों को पूर्व में राजस्व विभाग के कार्यप्रणाली को लेकर प्रशिक्षण भी प्राप्त है।

## वन विभाग की नर्सरी से जहरीला रसल वाइपर सांप का रेस्क्यू, समय रहते वन कर्मियों की कार्रवाई से टला खतरा



**मांझी (संवाददाता)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वन विभाग की नर्सरी एवं जलाल बाबा मजार के समीप सड़क किनारे जहरीला रसल वाइपर सांप दिखने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सड़क किनारे पड़े सांप को देखकर राहगीर और आसपास के लोग घबरा गए। लोगों की आहट पाकर सांप झाड़ियों की ओर सरकने लगा और छिपने का प्रयास करने लगा। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वनकर्मी धनंजय कुमार यादव मौके पर पहुंचे और सावधानी पूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। काफी सतर्कता बरतते हुए सांप को सुरक्षित पकड़ा गया और बोरी में बंद कर अपने साथ ले जाया गया।

## बस पड़ाव के स्थान परिवर्तन की उठी मांग



**मोतिहारी/ सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन जागरण मंच के सचिव मधुरेन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह कहा है कि सुगौली नगर पंचायत अन्तर्गत स्टेशन/ बस स्टैण्ड चौक पर सरकारी स्तर से एन० एच० से सटे पश्चिम बस पड़ाव हेतु शेड निर्माण किया जाने वाला है जो नागरिक सुविधा के लिए अच्छी पहल है । परन्तु मेरे दृष्टिकोण में शेड निर्माण हेतु स्थल चयन गलत जगह हुआ है। क्योंकि प्रस्तावित चयनित स्थल से स्टेशन जाने वाली सड़क का टर्निंग प्वॉइंट महज 20 से 25 फिट की दूरी पर है। सभी जानते हैं कि बस की लम्बाई भी लगभग 20 फिट होती है।अगर इस स्थल पर बस खड़ी होती है तो स्टेशन या हॉस्पिटल से आने वाली सवारी को सुगौली बाजार एवं रक्सौल के तरफ से आने वाली तेज सवारी दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना होने की प्रबल संभावना रहेगी। एन० एच० से स्टेशन / हॉस्पिटल रोड का ढ़लान काफी तीखा है जिस कारण स्टेशन से आने वाली सवारियां एन०एच० पर चढ़ने के लिए तेज गति से आती है, ऐसी स्थिति में टर्निंग प्वाइंट पर बस खड़ी होने से छोटे सवारियों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। इस टर्निंग प्वाइंट पर हमेशा चार से पांच की संख्या में टेम्पो भी लगा रहता है जिसके कारण जाम की स्थिति भी हो जाती है। इसलिए सम्भावित दुर्घटना एवं जाम की स्थिति को देखते हुए टर्निंग प्वाइंट से कम से कम 100 फिट की दूरी पर बस पड़ाव हेतु शेड निर्माण करना जनहित में होगा। मेरा यह सुझाव सरकारी आदेश का विरोध करना नहीं है बल्कि मेरा यह मात्र सहयोगात्मक परामर्श है।

## साइबर ठगी नेटवर्क का पदार्फाश: रामगढ़वा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 गिरफ्तार



**रक्सौल/रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़वा थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए सकरार बहुअरी गांव में सक्रिय एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने चार शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पूरे अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह ने किया। पुलिस ने सबसे पहले जुनैद आलम को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर आशिफ, मुहम्मद हाफिज और वसीम अख्तर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड अंकित कुमार (पिता—रामाश्रय महतो, निवासी—सिंहहसनी बिनवलिया) है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के संचालन में वसीम अख्तर की भूमिका प्रमुख थी। आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों की जानकारी साझा करते थे और देश के अलग-अलग हिस्सों से साइबर ठगी की रकम मंगवाते थे। इसके बदले उन्हें 5 से 10 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था। गिरोह का तरीका बेहद शातिराना था—आम लोगों को फोन और मैसेज के जरिए झांसे में लेकर ओटीपी (डळढ), वेरिफिकेशन कोड और बैंक डिटेल्स हासिल की जाती थीं, फिर कुछ ही मिनटों में पीड़ितों के खाते खाली कर दिए जाते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के ठिकाने से बड़ी मात्रा में साइबर अपराध से जुड़े उपकरण बरामद किए, जो इस नेटवर्क की संगठित कार्यप्रणाली की पुष्टि करते हैं। बरामद सामानों में 6 एटीएम कार्ड (क्ळइक बैंक व अन्य), क्ळइक बैंक की पासबुक, 5 स्मार्टफोन, 2 एलईडी मॉनिटर और 1 सीपीयू शामिल हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह के साथ एसआई सुमित कुमार, एसआई प्रिया कुमारी और एसआई परमानंद यादव (परमा यादव) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी निगरानी से इस गिरोह तक पहुंचना संभव हो सका। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह ने बताया, ‌ॠअपराधी तकनीक का दुरुपयोग कर आम नागरिकों की गाढ़ी कमाई लूट रहे थे। गिरोह के मास्टरमाइंड अंकित कुमार की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा जाएगा।

## शिवशक्ति धाम में श्री हनुमत महायज्ञ से भक्तिमय हुआ माहौल



**मांझी (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के गोबरहीं गांव स्थित शिवशक्ति धाम परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। आचार्य पंडित दीपक शांडिल्य के नेतृत्व में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजन, हवन एवं आरती संपन्न हो रही है। शाम के समय प्रसिद्ध कथा वाचिका अनुराधा तिवारी द्वारा श्रीराम कथा तथा हरदोई (उत्तर प्रदेश) से पधारी साध्वी पंछी देवी के ओजस्वी प्रवचन को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति-सागर में डूबे नजर आते हैं। बुधवार की रात प्रवचन करते हुए पंछी देवी ने कहा कि सनातन धर्म एक शाश्वत, अनादि एवं अत्यंत प्राचीन संस्कृति है, जो पशु-पक्षी, नदी, वृक्ष और प्रत्येक नारी में परमात्मा का स्वरूप देखती है। उन्होंने कहा कि यह समर्पण, निःस्वार्थ भक्ति, सेवा और सर्वोच्च मानवीय मूल्यों का मार्ग है। सनातन का अर्थ सत्य पर आधारित है, जो युगों-युगों से चला आ रहा है और जिसके मूल में वैदिक संस्कृति निहित है।

# रढुआ धाम का विष्णुधाम आस्था का प्रमुख केंद्र, पर्यटन मानचित्र से अब भी दूर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड के जम्होर स्थित रढुआ धाम का विष्णु धाम करीब 100 वर्ष पुराना ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल है, जहां भगवान विष्णु की अपार महिमा मानी जाती है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। पुनपुन नदी के तट पर अवस्थित इस धाम में भगवान विष्णु सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इतिहास के अनुसार, बाहर से आए महात्मा हंसराज दास उर्फ खाकी बाबा के यहां निवास करने के बाद इस धाम की ख्याति बढ़ी। बताया जाता है कि कारा गांव में लगी भीषण आग खाकी बाबा के पहुंचते ही शांत हो गई, जिसके बाद तत्कालीन जमींदार नवाब साहब ने मठ का निर्माण कराकर बाबा की व्यवस्था की। तभी से यह स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया।

स्थानीय ग्रामीण व पुजारी मिलकर धाम की देखरेख करते हैं। समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मंदिर, विवाह मंडप और संस्कृत विद्यालय की स्थापना की गई है। बावजूद इसके, यह प्रसिद्ध धाम अब तक पर्यटन विभाग के मानचित्र में शामिल नहीं हो सका है। 25 व 26 फरवरी को महोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन संपन्न

**वरिष्ठ आचार्यों को दी गई भावभीनी विदाई**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर हिंदी आचार्य जितेंद्र कुमार सिंह, कंप्यूटर आचार्य विनोद कुमार सिंह तथा हिंदी आचार्य अनुपम सिन्हा के शैक्षणिक कार्यकाल की पूर्णता पर एक गरिमामय एवं भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर इस दौरान श्रद्धा, सम्मान और आत्मीय भावनाओं से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। यह कार्य हिंदी आचार्य जितेंद्र कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी ममता सिंह, संगणक आचार्य विनोद कुमार सिंह, प्रांत बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र त्यागी, कोषाध्यक्ष संजीव रंजन, प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक तथा प्रभारी प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत सृष्टि मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे तीव्र धारा वाली नदी भी अपना मार्ग स्वयं बनाती हुई आगे बढ़ती है, उसी प्रकार दोनों आचार्यों ने सूझबूझ और प्रभावी शिक्षण तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एक आदर्श शिक्षक के गुण—समर्पण, अनुशासन, ज्ञान, करुणा और मार्गदर्शन—दोनों शिक्षकों में पूर्ण रूप से विद्यमान हैं। उन्होंने उनके दांपत्य एवं भावी जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। प्रांत बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र त्यागी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि दोनों आचार्य आगे भी समाज में शिक्षा के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाते रहें और अपने अनुभवों से नई पीढ़ी को दिशा दें। अन्य वक्ताओं ने कहा कि इन आचार्यों की विदाई से विद्यालय परिवार को शून्यता का अनुभव होगा, लेकिन उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने भावपूर्ण उद्बोधन में जितेंद्र कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार प्रकट किया। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आचार्य अनुपम सिन्हा अस्वस्थता के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सकीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्यजनों ने तीनों आचार्यों के सुखमय, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# मॉक ड्रिल के माध्यम से दी आग से बचाव की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा( औरंगाबाद)**। औरंगाबाद-दाउदनगर फायर सर्विस स्टेशन के द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को आग से बचाव करने की जानकारी दी जा रही है। दाउदनगर फायर सर्विस स्टेशन के सबडिवीजन फायर ऑफिसर रामाकांत सिंह के नेतृत्व में हसपुरा, गोह व देवहरा के विभिन्न स्थानों पर का मॉक ड्रिल कर लोगों को आग बुझाने के तरीके बताए। जिसका प्रदर्शन करते हुए पचरुखिया बाजार में रॉयल रेस्टुरेंट के पास फायर मैन महेश यादव ने पहले एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लगाया गया। इसके बाद महिला अग्नि आरती कुमारी ने इसे भीगे सूती कपड़ा लपेटकर आसानी से बुझाकर लोगों को बताया की ऐसी परिस्थिति में कैसे आग फैलने से रोकें। इतनी आसानी से आग बुझाते देख ग्रामीणों ने ताली बजाकर स्वागत किया।

***आग लगने पर घबराएं नहीं, बुझाने की कोशिश करें***

सबडिवीजन फायर ऑफिसर ने कहा कि बहुत से लोग घर में आग लगने पर घबरा जाते हैं और उसे बुझाने के बजाय घर के बाहर भाग जाते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी आग शुरुआत में हल्की चिनगारी की तरह ही होती है जिसे आसानी से बुझाया जा सकता है। सिर्फ सूझबूझ से काम लेना है। रसोई घर, रेस्टुरेंट या दुकान में आग पर काबू पाने के साधन जैसे सीओटू सिलेंडर, पानी, रेत जरूर रखें। उन्होंने शॉट सर्किट, एलपीजी, रसोई चूल्हे से उठे आग पर अलग - अलग तरीके काबू पाने के तरीके बताए। लोगों से अपील किया कि सावधानी बरतें अगर कहीं आग लगे तो फायर स्टेशन को सूचना दें।

***एलपीजी सिलेंडर में आग लगे तो भीगे कपड़े से बुझाएं***

एलपीजी सिलेंडर जल्दी ब्लास्ट नहीं होता है। इसलिए एलपीजी के आग को आसानी से बुझा सकते हैं। सिलिंडर को किसी भी कीमत पर गिराए नहीं खड़ा रहने दे रेगुलेटर से गैस को बंद करें,अगर रेगुलेटर नही बंद कर पा रहें है तो हांथो से गैस का बहाव रोक दें। जब गैस के कारण आग लगती है तो तुरंत जुट का बोरा या कोई सूती कपड़ा को पानी से भिंगा लें। इसके बाद बोरा या कपड़ा से आग पर जोर से मारे। ऐसा करने पर ऑक्सीजन का संपर्क आग से हट जाएगा और वह तुरंत बुझ जाएगा। यह प्रयोग कोई भी महिला या पुरुष आसानी से अपने घर या कहीं और कर सकती हैं। आग लगने के बाद घबराएं नहीं बल्कि हिम्मात से काम लें। फायर मैन सोनू कुमार ने गीले कपड़े, बाल्टी व हांथो से गैस सिलिंडर में लगे आग को बुझाने के तरीके बताए। मॉक ड्रील में मौजूद ग्रामीण किशन कुमार, मनोज कुमार, अयोध्या दास ने कहा की इस मॉक ड्रिल से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

# अधिवक्ता संघ में पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव यादव के निधन पर गुरुवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिह ने की, जबकि संचालन महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि शोक सभा में सर्वप्रथम इंद्रदेव यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता संघ ने एक अमूल्य धरोहर को खो दिया है। वे औरंगाबाद जिले के अधिवक्ता समाज के अभिभावक के रूप में जाने जाते थे। वक्ताओं ने बताया कि इंद्रदेव यादव ने वर्ष 2011 से 2015 तक अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया था। वर्तमान में वे एपीपी के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने 21 अप्रैल 1977 से वकालत की शुरुआत की थी। 74 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान बनारस में उनका निधन हो गया। वक्ताओं ने कहा कि वे मानवता के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और अपने पेशे के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। वे गांव-गांव जाकर पंचायती के माध्यम से विवादों का समाधान करते थे और युवा अधिवक्ताओं का लगातार हौसला बढ़ाते थे। उनके निधन से पूरे अधिवक्ता समाज में शोक की लहर व्याप्त है। उनके पुत्र विजय कुमार जिज्ञासु भी अधिवक्ता हैं। शोक सभा में अधिवक्ता इबरार अहमद, देवेंद्र सिह देव, प्रभात कुमार सिह, यशवंत कुमार, अजीत कुमार सिह, सत्येंद्र सिह, कृष्ण प्रताप सिह, गिरिजेश नारायण सिह, हरिलाल कुमार, प्रवीण कुमार, रामश्रय सिह, राणा शिवम, विनोद यादव, लालमोहन सिह, सुरेंद्र मेहता, विनोद मालाकार, सत्येंद्र सिन्हा, मधुरेंद्र कुमार सिह, पंकज पांडेय, रणजीत कुमार, गुडु जी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# डाक विभाग और एनएसई के बीच म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने के लिए समझौता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इंदौर**। देश में वित्तीय समावेशन को नई गति देने की दिशा में डाक विभाग (डीओपी) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के बीच म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी एनएसई के एमएफ इन्वेस्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से गांवों और छोटे शहरों के लोगों को म्यूचुअल फंड निवेश से जोड़ने के उद्देश्य से की गई है।

यह एमओयू डाक विभाग की महाप्रबंधक मनीषा बंसल बादल और एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्री श्रीराम कृष्णन द्वारा एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष कुमार चौहान की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत इंडिया पोस्ट के 1.64 लाख से अधिक डाकघरों के व्यापक नेटवर्क, जिनमें से 80 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, को एनएसई के आधुनिक और बिना शुल्क वाले एनएसई एमएफ इन्वेस्ट प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की छोटी-छोटी बचत को व्यवस्थित म्यूचुअल फंड निवेश में परिवर्तित कर दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण को बढ़ावा देना है। समझौते के अनुसार निवेशकों की केवाईसी प्रक्रिया मोबाइल या आधार आधारित ई-केवाईसी के जरिए डाकघरों अथवा इंडिया पोस्ट के सिस्टम के माध्यम से की जाएगी। एनएसई द्वारा 2,500 डाककर्मियों को एनआईएसएम सर्टिफिकेशन और ईयूआईएन पंजीकरण के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमाणित वित्तीय मार्गदर्शकों की टीम तैयार हो सके। साथ ही सभी 23 पोस्टल सर्किल में तकनीकी और संचालन सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पहले चरण में सरल, सीमित और छोटे निवेश विकल्पों के साथ 'डू-इट-योरसेल्फ' मॉडल पर जोर दिया जाएगा, जबकि आगे चलकर यह पहल व्यापक वेल्थ मैनेजमेंट इकोसिस्टम के रूप में विकसित होगी, जिसमें सभी ओपन-एंडेड योजनाएं, एसआईपी, एसटीपी, एसडब्ल्यूपी और लक्ष्य आधारित निवेश विकल्प शामिल होंगे।

# मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर अभिभावकों को प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के बीआरसी के सभाकक्ष में शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांग जनों के माता - पिता व अभिभावकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालय के स्कूली दिव्यांग जनों के अभिभावक व माता - पिता को सरकारी लाभ के लिए जानकारी दी गई। प्रशिक्षक कन्हैया लाल यादव, धर्मेंद्र प्रसाद ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि 2016 से 21 तरह के दिव्यांगता होता है। उसके बारे में अभिभावक व माता - पिता को जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना समावेशी शिक्षा संभाग की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल दिव्यांग जनों,अभिभावकों को दिव्यांगता के विभिन्न कारणों से अवगत कराना ताकि समाज में नवजात बच्चों से दिव्यांगता कि यथा संभव रोकथाम कि जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक कन्हैया लाल यादव ने दैनिक जीवन की बुनियादी सुबिधाएं कि जानकारी देते हुए कहा की दिव्यांग जनों के माता - पिता ध्यान देंगे तो उसके अंदर आत्मविश्वास और समाजिकता बढ़ा सकते हैं। इस दौरान अगर छोटी - छोटी गलतियां करे तो उस डांटे नहीं बल्कि उसे प्रशंसा करें। इससे उसके अंदर गलती को सुधारने का मौका परस्त होगा।

# ओवरब्रिज निर्माण की मांग अनसुना पर ग्रामीण आक्रोशित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। ग्रामीणों द्वारा एनएच -19 पर मदनपुर के बनियां- घटराईन मोड़ पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग की गई।एनएचआई प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा अनसुनी किए जाने पर ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किया था जिस पर न्यायालय ने एनएचआई प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं कि जब तक ओवरब्रिज नहीं बन जाता तब तक निर्माण कार्यों पर रोक लगाने, सुरक्षात्मक व्यवस्था एवं स्कूली बच्चों को पार करने के लिए सिग्नल लाईट लगाए जाएं। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मुआयना की जाए। लेकिन, इधर न्यायलय के निर्देश का अनसुनी किए जाने पर ग्रामीणों ने प्रशासन और एनएचआई प्राधिकरण के अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया है। साथ ही कहा कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य नहीं गया तो विवश होकर रोड पर उतर कर आंदोलन करेंगे। बनियां निवासी ग्रामीणों में सुबोध सिंह ने बताया कि यहां आए दिन सड़क दुघर्टना से लोगों की मौत होती रहती हैं। बनियां और घटराईन दो पंचायत है। यहां हजारों लोगों का आवागमन होता है। छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक कार्य के लिए स्कूल जाने होता है। ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण किए जाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 के साथ अपने बच्चे का भविष्य करें सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया दीर्घकालिक बचत प्लान आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 लॉन्च किया है। यह योजना माता-पिता को अपने बच्चे की भविष्य की आर्थिक जरूरतों की योजना बनाने में मदद करेगी और इसमें गारंटीड लाभ शामिल हैं। आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 के तहत स्कूलिंग, उच्च शिक्षा या युवावस्था की जरूरतों जैसे तय पड़ावों पर मनीबैक या पहले से तय भुगतान की सुविधा मिलती है। खास बात यह है कि ग्राहक भुगतान राशि को स्थिर या हर साल बढ़ने वाली राशि के रूप में चुन सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा, "आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 को इस सोच के साथ तैयार किया गया है कि माता-पिता अपने बच्चे का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित कर सकें। मनीबैक लाभ के अलावा पॉलिसी अवधि पूरी होने पर एकमुश्त गारंटीड मैच्योरिटी राशि भी मिलती है, जो बच्चे के वयस्क जीवन की शुरुआत में सहारा बन सकती है।" उन्होंने कहा, "इस उत्पाद की एक अहम् विशेषता इनबिल्ट प्रीमियम माफी और लाभों की निरंतरता है। यदि बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाती है, तो आगे के सभी प्रीमियम माफ कर दिए जाते हैं, जीवन कवर की राशि नामित व्यक्ति को दी जाती है और चुने गए अन्य लाभ जारी रहते हैं, ताकि बच्चे के लक्ष्य प्रभावित न हों।" उन्होंने कहा, "मुख्य लाभों के साथ-साथ आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 में फैमिली इनकम बेनिफिट जैसी वैकल्पिक सुविधाएं भी हैं, जो बीमित व्यक्ति की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार को नियमित आय का सहारा देते हैं।"

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर दुख व्यक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य स्वर्गीय इंद्रदेव यादव के निधन पर भाजपा जिला प्रवक्ता अश्वनी कुमार तिवारी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री तिवारी ने कहा कि 90 के दशक में उनके साथ संगठन में काम करने का मौका मिला था। वे बहुत ही सरल मृदुभाषी एवं उदार व्यक्तित्व के धनी थे। संगठन के विस्तार में सर्वोच्च निछावर करने वाले श्री यादव के निधन पर मुझे व्यक्तिगत रूप से भारी छाती हुई है। श्री तिवारी ने कहा कि वे पार्टी के अभिभावक के रूप में समय-समय पर सभी को अपना मार्गदर्शन देते रहते थे। पूरे जिला में संगठन कैसे मजबूत हो, जिले के विधानसभा और लोकसभा चुनाव हम कार्यकर्ताओं के बल पर कैसे जीतेंगे इसके बारे में हमेशा वे संगठनात्मक बात हम सभी कार्यकर्ताओं को बताते थे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर निकला जागरुकता रथ






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। दीप ज्योति कल्याण संस्थान द्वारा बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता रथ यात्रा निकाली गई। इस रथ यात्रा के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिह, थानाध्यक्ष शम्भू कुमार एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान का सीएस डब्ल्यू बिन्दु कुमार ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को पीछे ले जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर बाल विवाह के खिलाफ लड़ना होगा और बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार दिलाना होगा। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है और इसके खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की हम सभी को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलानी होगी और बच्चों को सुरक्षित रखना होगा।

उपस्थित लोगो ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। संकल्प लिया कि बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करें। इस अवसर पर एस आई मो रुस्तम , बवनजीत कुमार, महेश कुमार, जय प्रकाश बाजपेयी, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजीव सिंह, जुबैर अंसारी,ईश्वर चौधरी, राजद नेता रण विजय यादव, मंडल यादव, जितेंद्र यादव, संस्थान के कर्मचारी सरिता कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, जपिल कुमार , उपेंद्र दास, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक के निधन पर श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक व रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिह के आकस्मिक निधन पर शहर के जैन धर्मशाला में एक श्रद्धांजलि सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश सिह मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन ने किया और संचालन जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिह ने किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि लोक अभियोजक अजय कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक प्रमोद कुमार सिह का आकस्मिक निधन अपूर्णिय क्षति है। कन्हैया लाल जैन ने कहा कि प्रमोद कुमार सिह ने कहा कि दिवंगत प्रमोद कुमार सिह एक कर्मठ और ईमानदार व्यक्ति थे। वरीय अधिवक्ता एपीपी रसिक बिहारी सिह ने कहा कि प्रमोद कुमार सिह ने जिले के कई सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क पनशाला चालु करवाई, आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को मदद करते थे, उनकी कृति अमर रहेंगे। उन्हें युवा समाजसेवीयो से विशेष लगाव था। अरूण कुमार सिह ने कहा कि ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर रहे प्रमोद कुमार सिह समाज की हीत में काफी लोकप्रिय थे। पूर्व की भांति हर साल पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिह के जयंती और पुन्य तिथि मनाई जाएगी। यह प्रमोद कुमार सिह की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिह ने कहा कि समाज के प्रति प्रमोद कुमार सिह का योगदान अतुलनीय है। इस दौरान पूर्व जीपी बैजनाथ प्रसाद कर्ण, वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, क्षीतिज रंजन, विनय कुमार श्रीवास्तव, ई. राजेश कुमार सिह, महाबीर जैन, परमेश्वर बाबू, सौरभ सिह, चिकू बाबू, प्रो अशोक कुमार सिह, विनोद कुमार सिह, रामाधार सिह, अजय कुमार सिन्हा, विजय कुमार सिह, अजय गुप्ता, गुप्ता जी, जितेन्द्र कुमार सिह, पटवर्धन बाबू, रामकुमार, गुप्ता सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चार लेबर कोड के विरोध में नगरनौसा में प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं सेक्टोरल फेडरेशन संगठनों के राष्ट्रीय मंच के आह्वान पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की ओर से नगरनौसा प्रखंड में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और चार लेबर कोड के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएफआई की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चारों लेबर कोड श्रमिक विरोधी हैं और इनके जरिए मेहनतकशों से 70 से 90 घंटे तक काम कराने की साजिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियों को मनमानी शर्तें थोपने की छूट दी जा रही है, जिससे श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा।

# अदाणी फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर**। जिले के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत सादिकपुर एवं हरीशपुर गांवों में गुरुवार को अदाणी फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ डायग्नोस्टिक एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच और परामर्श किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चिकित्सीय सेवाओं की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न



बीमारियों की जांच और उपचार का लाभ मिल सका। इस दौरान कुल 250 मरीजों ने पंजीकरण कर स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए अदाणी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकें।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/595, दिनांक 11.02.2026,** वरिष्ठ डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/45/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** सियालदह मंडल के दक्षिण खंड पर सर्ज प्रोटेक्शन उपकरण सहित अर्थिंग सिस्टम का पुनरुद्धार। **निविदा मूल्य :** रु.2,28,65,308.23, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,64,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 24.02.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 10.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 10.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता हैः www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंडः** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंडः** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में ''कुल ठेकाजनित भुगतान'' के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** सिग्नल या टेलीकम का कोई भी कार्य जिसमें सिग्नल या टेलीकम केबलों की खुदाई, बिछाने और परीक्षण या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य शामिल है। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-393/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एनएच - 31 डूमर चौक पर ट्रेड यूनियन का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन, किसान सभा एवं छात्र - नौजवान संगठनों के बैनर तले आहूत राष्ट्रव्यापी बंद का असर गुरुवार को जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग -31 स्थित डूमर चौक पर व्यापक रूप से देखने को मिला। सुबह करीब आठ बजे से ही प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया। जिससे वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। लगभग दो घंटे तक एनएच पर यातायात बाधित रहा और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं।

मौके पर पोठिया थाना के पुअनि डोली कुमारी, पुअनि दिलीप कुमार सहित बिहार पुलिस के जवान मौजूद रहे। पुलिस पदाधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा -बुझाकर शांतिपूर्ण तरीके से जाम हटवाया, जिसके बाद यातायात पुनः सामान्य हो सका।बंद के समर्थन में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

इस मौके पर कामरेड दिनेश प्रसाद यादव, कामरेड दिनेश लाल मंडल, मजदूर यूनियन के लक्ष्मण मंडल, विनय कुमार सिंह, कामरेड शंकर दास, राजेश रविदास, नरेश यादव, राकेश यादव, प्रमोद मलिक, सूरज रविदास, रोहित हरिजन, सुबोध कुमार, रंजीत कुमार, अखिकेश मंडल, शंकर मंडल, नवीन कुमार, अर्जुन यादव, सुरेश राम एवं पवन कुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान ट्रेड यूनियन नेताओं ने मांग-पत्र जारी करते हुए सरकार से मांगें रखीं। जिममें नवंबर 2025 में लागू होने वाली चार श्रम संहिताओं लेबर कोड को तत्काल वापस लिया जाए। रेलवे जैसे सार्वजनिक संस्थानों में मजदूर संगठनों की मान्यता बहाल की जाए।राष्ट्रीय श्रम नीति 2025 को वापस लिया जाए।भारतीय श्रम सम्मेलन को नियमित रूप से बुलाया जाए।पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए।

किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित की जाए।बढ़ती महंगाई और बाजार मूल्य पर नियंत्रण किया जाए तथा जनविरोधी नीतियां वापस ली जाय। बिजली क्षेत्र में 10 फीसदी एफडीआई विदेशी निवेश की नीति वापस ली जाय। मनरेगा की मजदूरी बढ़ाई जाए तथा कार्य के दिनों में वृद्धि की जाय आदि शामिल है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# पुलिस ने 36 घंटों के अंदर दंपति पर फायरिंग कांड का किया उदभेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के बड़कु शर्मा पिता परमेश्वर शर्मा, संझेली, कदवा निवासी ने पुलिस को फर्द बयान दिया। जिसके अनुसार दिनांक 10 फरवरी को संध्या लगभग 06 बजे वे अपनी पत्नी काजल कुमारी के साथ मोटरसाइकिल से कटिहार से अपने घर संझेली लौट रहे थे। इसी क्रम में घोघरी पुल के समीप दो व्यक्तियों 1. ललित शर्मा एवं श्याम शर्मा उर्फ घनश्याम शर्मा दोनों पिता हकरू शर्मा संझेली, थाना कदवा, जिला कटिहार निवासी अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर वादी के जांघ एवं उनकी पत्नी के बांह में गोली मारकर जख्मी कर दिया।

घटना के उपरांत सभी अभियुक्त फरार हो गए। उक्त संबंध में कदवा थाना कांड संख्या-50/26 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कटिहार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कटिहार मोड़ के पास छापेमारी की गई। जिसमें घटना में संलिप्त अभियुक्त ललित शर्मा एवं श्याम शर्मा उर्फ घनश्याम शर्मा को गिरफ्तार किया गया। अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है तथा अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# भाकपा माले के नेतृत्व में चार घंटे तक किया सड़क जाम, बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मनिया चौक पर मुख्य सड़क एन एच 31 गुरुवार की सुबह 7:30 बजे से भाकपा माले कार्यकताओं ने जाम कर दिया।जाम




लगभग चार घंटे रहा।इस दौरान माले नेता प्रीप राय के नेतृत्व मे कार्यकर्ता एवं आमजन लाल झंडा लिये बिहार सरकार के बुलडोजर राज के खिलाफ नारेबाजी जमकर नारेबाजी की,तथा सरकार को गरीब एवं दलित विरोधी बताया।

प्रदीप राय ने बताया कि दलित, गरीबों और मजदूरों को आवास देने,मनरेगा योजना को चालू करने और जी राम जी कानून को निरस्त करने, लेबर कार्ड की वापसी करते हुए 700 रूपए न्यूनतम दैनिक मजदूरी की गारंटी को लेकर पूरे देश में हड़ताल एवं सड़क जाम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 10 हजार रूपए का प्रलोभन देकर अपनी सरकार बनाने में कामयाब रहे।अब बुलडोजर नीति के तहत गरीब और दलित लोगों के घरों पर वार कर रहे हैं। सरकार मनमानी पर उतर आई हैं।इसका भाकपा माले पुरजोर विरोध करती है। इस दौरान मुख्य सड़क पर दोनों तरफ 2 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई।जाम में परीक्षार्थी एवं मरीज भी फंसे रहे। जानकारी मिलते हीं प्राणपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार दल बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचकर भाकपा माले नेता एवं कार्यकताओं को जाम को हटाने के लिए समझाया।लेकिन वे जिला पदाधिकारी के आने पर हीं जाम हटेगा की शर्त पर अड़े रहे। थानाध्यक्ष ने फोन पर सदर एसडीओ से माले नेता की बात करायी। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि गरीबों की झोपड़ी एवं जमीन से जुड़े मामले को लेकर निष्पक्ष जांच के बाद हीं आगे कोई कारवाई की जाएगी। एसडीओ से आश्वासन मिलने के बाद जाम हटा लिया गया।लेकिन इस जाम के के कारण रोगियों,इंटर के परीक्षार्थियों, विद्यालय जाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं रोजगार के लिए शहर जाने वाले मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर जितेंद्र ठाकुर, मुकेश मंडल, दिलीप मंडल, मन्नू मंडल, गणेश ऋषि, छोटू ऋषि,बबलू राम ऋषि, विनोद हांसदा, राजन टुडू,लख्खी मड़ैया, चंदन मुर्मू, बड़का मुर्मू, मरांग मुर्मू, ऋगु मुर्मू, सुप्पल टुडू ,संजय मंडल ,सूरज रजक, बज्जू चौड़े,जोहन मुर्मू ,सोनू राय सहित दर्जनों अन्य मौजूद रहे।

# पूजा कुमारी को इमर्जिंग वॉयस अवार्ड से विकास वैभव ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**समेली (कटिहार)।** समाज कल्याण विभाग में आईसीडीएस प्रखंड समन्वयक के पद पर कार्यरत पूजा कुमारी को उनकी उत्कृष्ट वैचारिक सक्रियता और सामाजिक सरोकारों के लिए प्रतिष्ठित ह्यइमर्जिंग वॉयसअवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लेट्स इंस्पायर बिहार कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विशिष्ट आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने प्रदान किया।एमसीए शिक्षित पूजा कुमारी वर्तमान में समेली प्रखंड में पदस्थापित हैं।

ऐतिहासिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि के लिए विख्यात इस क्षेत्र में पदस्थापना के बाद उनकी प्रतिभा को नई दिशा मिली।प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक और वैचारिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाई है। पूर्व में भी उन्हें विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। इमर्जिंग वॉयसह्ल के रूप में मिली यह पहचान उनके कार्य के प्रति समर्पण, सकारात्मक सोच और समाज में जागरूकता फैलाने के प्रयासों का प्रमाण मानी जा रही है।सम्मान प्राप्ति के बाद पूजा कुमारी ने कहा कि समेली जैसी साहित्यकारों की भूमि ने उनके भीतर नई चेतना का संचार किया है। विकास वैभव जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व के हाथों सम्मान मिलना उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

उन्होंने कहा कि वह अपनी तकनीकी शिक्षा और प्रशासनिक पद का उपयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर करती रहेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर प्रखंड एवं जिले के प्रबुद्ध जनों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# नगर थाना गोलीकांड का हुआ खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## कुख्यात अपराधी छोटू मंडल पिस्टल के साथ गिरफ्तार



**कटिहार।** नगर थाना क्षेत्र के निवासी सह वादी राजेश कुमार साह 24 जनवरी 26 को रात्रि लगभग 10:05 बजे वादी राजेश कुमार साह प्रसादी भोजन कर अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान खुशेश्वर मंदिर के पास नया टोला निवासी छोटू मंडल (38) द्वारा उन्हें घेरकर पूर्व के विवाद को लेकर गोली फायरिंग की गई। आरोपी छोटू मंडल कुख्यात अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो नशीले पदार्थो एवं अवैध हथियारों की बिक्री में संलिप्त रहा है तथा कई आपराधिक मामलों में वांछित है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से खोखा बरामद किया गया तथा नगर थाना कांड संख्या-102/2026, दिनांक-25.01.2026, धारा-126(2)/115(2)/109 भारतीय न्याय संहिता एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन अभिजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा छापेमारी कर झुलनिया मोड़ के पास कुख्यात अपराधी छोटू मंडल उर्फ अमन पिता युगल मंडल उर्फ युगल प्रसाद मंडल को एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन एवं चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। सदर एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया पूर्व में लूट, हत्या, छिनतई, आर्म्स एक्ट, शराब तस्करी, पशु तस्करी एवं अन्य मामले में न्यायिक हिरासत जा चुका है। मौके पर पर नगर थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक कुंदन कुमार सिंह मौजूद रहे।

## माता-पिता की सेवा से स्वर्ग की प्राप्ति : स्वामी सत्यानंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका(कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भंगहा गांव में दो दिवसीय संतमत ध्यान महाधिवेशन सत्संग का भव्य आयोजन किया गया।महाधिवेशन का विधिवत उद्घाटन हरिद्वार से पधारे अंतरराष्ट्रीय संत प्रवक्ता स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने सतगुरु महाराज के उद्घोष के बीच दीप प्रज्वलन कर किया। संतमत सत्संग के प्रथम दिन विशाल एवं सुसज्जित पंडाल में आयोजित प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने कहा कि जिस व्यक्ति ने स्वयं को पहचान लिया और आत्म अनुसंधान कर लिया, उसका जीवन सफल हो गया। जो व्यक्ति अपने माता-पिता की सेवा नहीं करता,उसे कभी स्वर्ग की प्राप्ति नहीं हो सकती। क्योंकि स्वर्ग का मार्ग माता-पिता की सेवा से होकर ही जाता है। कहा कि मानव जीवन सुख और दुख का समन्वय है। हर घर में समस्याएं है। लेकिन सच्चा सुख केवल सत्संग में ही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग में आने से आत्मबल बढ़ता है। संत जीवन का सही मार्ग दिखाते है और समय रहते सावधान भी करते है। यह शरीर नश्वर है। लेकिन संतों की वाणी कभी भी मनुष्य का उद्धार कर सकती है।

# धान के बिचड़े के विवाद में गर्भवती समेत कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के बैद्यनाथपुर गांव में विगत शाम धान के बिचड़े को लेकर विवाद हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी सहाबुद्दीन (35) ने थाना में आवेदन देकर 13 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शहाबुद्दीन ने बताया कि विगत शाम मेसर अली,अमीर और मो. आलमगीर ने जबरन मेरे धान का बिचड़ा अपना बताकर मेरे चाचा मो. अमीन के साथ गाली-गलौज की। चाचा ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें मारपीट की धमकी दी।

इसके बाद चार-पांच अन्य लोगों सहित उक्त लोग लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर घर में घुस गए और मेरे और मेरे पिता मो. मोमीन, चाचा मो. अमीन, साढू सहाजमाल और सात माह की गर्भवती सायका खातुन के साथ मारपीट की।घटना में मो. मोमीन के सिर और सहाजमाल के ललाट पर गंभीर चोटें आईं। जबकि गर्भवती सायका खातुन को पेट में चोटें लगीं। सभी घायलों को पीएचसी अमदाबाद में इलाज के लिए भर्ती कराया गया और आवश्यकतानुसार कटिहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड के उच्च विद्यालय फुलहरा गोरगामा स्थान कजरा स्थित प्रखंड मुख्यालय मनसाही के मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रीमियम लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए कजरा कबड्डी प्रीमियम लीग के अध्यक्ष नाजीर शेख ने बताया कि 15 फरवरी 2026 को प्रखंड मुख्यालय मनसाही कजरा के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में मधेपुरा, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, सहरसा, फुलहरा, गोरगामा, कजरा आदि के टीम भाग लेंगे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय मदनटोली सोहार में तिथि भोजन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बलरामपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मदनटोली सोहार में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानमंत्री पोषण योजना कटिहार के निर्देश पर तिथि भोजन का आयोजन किया गया। तिथि भोजन में बच्चों के साथ साथ जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री पोषण योजना के प्रखंड साधनसेवी मनोज कुमार साह ने बताया कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने और शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा कई योजनाओं को लागू किया गया हैं। जिससे देश में शिक्षा का स्तर बढ़ सके। इन प्रमुख योजनाओं में तिथि भोजन योजना सबसे महत्वपूर्ण हैं।

इस योजना के द्वारा बच्चों, अभिभावक और विशेष व्यक्ति या संस्था को एक दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया जाता हैं। इस योजना में बच्चों को मिठाई, फल, पकवान का वितरण किया जाता हैं। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि तिथि भोजन योजना के अंतर्गत दोपहर के भोजन के साथ अन्य पौष्टिक चीजों का वितरण किया जाता हैं। जिससे बच्चों को अच्छा भोजन प्राप्त हो सके। तिथि भोजन योजना के विषय में जब बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यदि सप्ताह में इस तरह का एक दिन भोजन मिल जाय तो पढ़ने की ललक और बढ़ जाएगी।

# एसके मंडल ग्रुप ऑफ इस्टीच्यूशन्स, पटना की ऐतिहासिक पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देज्य से एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, पटना द्वारा राष्ट्रीय स्कॉलरशिप प्रवेश परीक्षा-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा अर्सिम, पैरामेडिकल, आईटी, मैनेजमेंट, पॉलिटेक्निक एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जामांकन के लिए आयोजित की आएगी।

संस्थान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराजा है. ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। यह छात्रवृत्ति परीक्षा सगृह के अंतर्गत संचालित सभी प्रमुख संस्थाओं में नामांकन हेतु आयोजित की जाएगी, जिनमें शामिल हैं- विद्यापति इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, कमरांव, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, गो०-7494036865. कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सिंधिया खुर्द, समस्तीपुर, मो०-9031074589, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ बर्सिम एण्ड पासमेडिकल साइंसेज, सिंधिया खुर्द, समस्तीपुर, मो०-9693712377, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ आईटी एण्ड मैनेजमेंट, सिंधिया खुर्द, समस्तीपुर, मो०-9031074586, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पश्चिमी पटेल अमर, पटवा, सो०-9931223196, सौम्या कृष्णा ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल, पश्चिमी पटेल नगर, पटना, मो०-6299848344, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मुरलीगंज, मधेपुरा, मो०-7979974939, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेज, प्रोफेसर कॉलोनी, रामबाग, पूर्णियाँ, मो०-9241406623. इन सभी संस्थानों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था उपलब्ध है। संस्थान के चेयरमैन श्री एस. के. मंडल ने बताया कि वर्ष 2022 से इस राष्ट्रीय स्कॉलरशिप परीक्षा का सफल आयोजन किया जा रहा है और अब तक सैकड़ों छात्र-छात्राएं इस पहल से लाभान्वित होकर अपने करियर को नई दिशा दे चुके हैं। इस वर्ष भी मेधावी विद्यार्थियों को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## अपहरण मामले में फरार प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** लड़की के अपहरण के मामले में दर्ज कांड संख्या-49/25 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त सुनील टुड्डू,पिता गंगा टुड्डू ,आक्सा टाल, थाना अमदाबाद निवासी को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष विजय महतो ने बताया कि अपनी नाबालिग बेटी का अपहरण करने को लेकर बंका टोला निवासी शांति हांसदा,पति रघुवीर हेम्ब्रम ने सुनील टुड्डू पर आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था।पुलिस ने अपहृता को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था।

# मुंबई में शुरू हुई हिंदी फिल्म "दीप दुर्गा" की शूटिंग मुश्ताक खान निभा रहे हैं तांत्रिक की भूमिका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुंबई ।** महादेव डिजिटल प्रेजेंट्स के बैनर तले बन रही हिंदी फिल्म "दीप दुर्गा" की शूटिंग मुंबई में शुरू हो गई है। फिल्म में अब्दुल सिद्दीकी प्रिंस, हेमंत चौधरी, मुस्ताक खान, अजीत पंडित, समिधा किरण, खुशबू कमल, साधना गुप्ता, कर्ण ठाकुर, इरफान रजाक खान आदि मुख्य भूमिकाओं में हैं। प्रोड्यूसर- अब्दुल सिद्दीकी और आरके ठाकुर है।

मुश्ताक खान ने बताया, "मैं इस फिल्म में एक तांत्रिक की भूमिका निभा रहा हूँ। यह फिल्म धार्मिक धारणाओं पर आधारित है और इसमें मैं अपने अभिनय का एक नया पहलू दिखाने की कोशिश कर रहा हूँ। निर्देशक रंगलाल निशाद ने बताया, "यह फिल्म एक धार्मिक और सामाजिक मुद्दे पर आधारित है, जिसे हम दर्शकों के सामने एक नए और रोमांचक तरीके से पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। म्यूजिक - जेपी बाबा, लिरिक्स एसके सचिन, फाइट जावेद शेक, डांस- विक्की वरदा और प्रचारक संजय भूषण पटियाला है। प्रोड्यूसर अब्दुल सिद्दीकी प्रिंस ने बताया, "हम इस फिल्म को एक बड़े पैमाने पर बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। फिल्म की शूटिंग 25 दिनों तक मुंबई में होगी और इसके बाद ही इसे पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए भेजा जाएगा। फिल्म के डीओपी साहिल अंसारी और प्रचारक संजय भूषण पटियाला हैं।

# प्रधानाध्यापक, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार) ।** संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षक प्रेम कुमार परदेसी ने कहा कि विद्यालय संचालन में प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य की भूमिका अहम रहता हैं।

इन सब के बिना विद्यालय का कार्य अधूरा हैं। सरकार विद्यालय के सफल संचालन करने हेतु विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता का सिलेक्शन सचिव के पद पर करते हैं। जो की विद्यालय के विकास का कार्य को देखते हैं। स्थानीय वार्ड सदस्य विद्यालय के अध्यक्ष होते हैं एवं विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं के अभिभावक सदस्य होते हैं।

जिन्हें विद्यालय खुलने से लेकर छुट्टी होने तक के कार्य को देखते हैं। सभी प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष,सचिव एवं सदस्य मिलकर विद्यालय में विकास करें जो भी विद्यालय की समस्याएं हैं उन का निदान प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा किया जाएगा।प्रधानाध्यापक को विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि किस तरीके से की जाए इस पर चर्चा की गई। अध्यक्ष को प्रत्येक दिन विद्यालय का अनुश्रवण करना हैं एवं सदस्य विद्यालय पहुंचे विद्यालय में मुख्य रूप से पढ़ाई के साथ एनजीओ के द्वारा जो खाना दिया जा रहा हैं उसकी जांच अवश्य करें। इस अवसर पर संकुल संसाधन केंद्र मोहनपुर अंतर्गत नौ विद्यालय के अध्यक्ष,सचिव एवं सदस्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रशिक्षक प्रेम कुमार परदेशी, उत्प्रेरक दुर्गा कुमारी विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक में मध्य विद्यालय मोहनपुर संजय कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरमारा सुनील गुप्ता, उत्क्रमित मध्य विद्यालय विष्णुपुर मनोज कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय राखाटोला उपेंद्र कुमार रजक, प्राथमिक विद्यालय चिकनी टोला दयाशंकर झा, प्राथमिक विद्यालय अड़गारा चांदपुर हीरालाल साह, प्राथमिक विद्यालय करसल विनीता गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय कुसाहा कुमारी विनीता,प्राथमिक विद्यालय तेरासी टोला हीरा कुमारी आदि उपस्थित रहे ।

# महाशिवरात्रि को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डंडखोरा (कटिहार) ।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड क्षेत्र में चहल-पहल बढ गई है।लोग मंदिरों की सफाई और रंग-रोगन में भिड़े हैं तो वहीं पूजा पाठ तथा मेला आयोजन की तैयारी भी जोर-शोर से चल रहा है।वहीं प्रशासन भी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहा है।

बता दें कि प्रखंड के सौरिया में राजा द्वारा स्थापित मंदिर, धार्मिक न्यास समिति से संबद्ध बलुआ मंदिर, अति प्राचीन नकुलेश्वर महादेव मंदिर डुमरिया सहित डंडखोरा, बिजैली, पटहरा, जबड़ा डीह, गोरफर, नयाटोला आदि मंदिरों में भी महाशिवरात्रि को लेकर पूजा एवं जलाभिषेक होता है।इस अवसर पर नाच, हरिनाम संकीर्तन, जागरण, रामायण पाठ जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होता है। शिव- पार्वती विवाह की वर्षगांठ मनाते हुए डंडखोरा में भक्तजनों द्वारा शिव बारात की झांकी निकाली जाएगी। बलुआ में भक्ति जागरण का आयोजन होना है, तो वहीं जबड़ाडीह में चौबीस पहर का हरिनाम संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। पुलिस प्रशासन अपने स्तर से आयोजन स्थल का जायजा लेकर आयोजकों को लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है।

# मैट्रिक परीक्षा होगी कदाचारमुक्त व सुव्यवस्थित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय नगर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जारी विस्तृत आदेश के तहत जिले के सभी 43 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और प्रशासनिक प्रबंधन के कड़े प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा 17 फरवरी से 25 फरवरी तक दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9:30 बजे से तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश क्रमशः 9 बजे और 1:30 बजे तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के व्यासार्द्ध में परीक्षा अवधि तक की धारा 163 (पूर्व में धारा 144) के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश, फोटोकॉपी दुकानों का संचालन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक केंद्र पर स्थिर दंडाधिकारी, सशस्त्र पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है।जबकि गश्ती दंडाधिकारी तथा जोनल एवं सुपर जोनल पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील रहेंगे। परीक्षार्थियों की दो चरणों में सघन तलाशी ली जाएगी।पहली मुख्य द्वार पर तथा दूसरी परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को केंद्र के अंदर ले जाना दंडनीय अपराध होगा। केवल प्रवेश पत्र तथा नीले या काले बॉल पेन की अनुमति रहेगी। बोर्ड के निर्देशानुसार जूता-मोजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा।संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की व्यवस्था की गई है तथा आवश्यक गतिविधियों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। जिला स्तर पर स्थापित परीक्षा नियंत्रण कक्ष परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर सक्रिय रहेगा। जहां से संपूर्ण व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाएगी।प्रत्येक 25 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। वीक्षकों को यह प्रमाणित करना होगा कि उनके कक्ष में किसी भी छात्र के पास आपत्तिजनक सामग्री नहीं है। कदाचार की स्थिति में संबंधित छात्र के साथ-साथ वीक्षक एवं केंद्राधीक्षक पर भी बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।छात्राओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में विशेष आदर्श परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां महिला कर्मियों की पर्याप्त तैनाती के साथ स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे शांतचित्त होकर परीक्षा दें। तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अनुचित गतिविधि से दूर रहें। अभिभावकों से भी अनुरोध किया गया है कि वे परीक्षा केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और स्वच्छ एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन में प्रशासन का सहयोग करें।

# बच्चों ने किया नालंदा विवि का परिभ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के प्लस 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय लहुआरा के बच्चों ने मुख्यमंत्री शैक्षिक परिभ्रमण योजना के तहत परिभ्रमण किया। बुधवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, पावापुरी स्थित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहरों के दर्शन किया। इस यात्रा के बारे में प्रधानाध्यापक हिमांशु कुमार ने बताया कि उच्च माध्यमिक लहुआरा के 50 छात्र-छात्राओं और शिक्षक गौतम कुमार, विनय कुमार, विक्रम कुमार, रजनीश कुमार और प्रवीण कुमार एवं शिक्षिका प्रकृति कृष्णा एवं रूही सुल्तान की टीम ने शैक्षिक परिभ्रमण के तहत नालंदा विश्वविश्वालय, विश्व शांति स्तूप राजगीर, वेणुवन एवं पावापुरी जल मंदिर का परिभ्रमण किया और शैक्षिक जानकारियां शिक्षकों से हासिल की। इस परिभ्रमण का उद्देश्य बच्चों को बिहार की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की समृद्ध परंपरा को जानना है। इस यात्रा में बच्चों ने चाहरदीवारी लांघकर प्रत्यक्ष अनुभव कर ज्ञानार्जन किया।

# चार श्रम कानूनों के विरोध में धरना-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी (बेगूसराय)।** चार श्रम कानूनों के विरोध में संयुक्त ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को नावकोठी में भारत बंद का व्यापक असर देखा गया। बंद के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं श्रमिक संगठनों के नेताओं ने भाग लिया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। नेताओं ने प्रखंड मुख्यालय, अंचल कार्यालय, मनरेगा, ई किसान भवन, आईसीडीएस कार्यालय, आरटीपीएस कार्यालय, यूको बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, डाकघर आदि बंद करवाया। इस आंदोलन का नेतृत्व भाकपा के चन्द्र भूषण चौधरी, संजीव सिंह एवं कामेश्वर झा ने किया। राजद की ओर से गंगा राम महतो, कांग्रेस के सुरेश पासवान, भाकपा के मो. नसीम अहमद और रौशन कुमार भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।बंद के दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र में जुलूस निकालकर चारों श्रम कानूनों को श्रमिक विरोधी बताते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की। नारेबाजी की तथा थाना चौक पर धरना दिया।नेताओं ने कहा कि ये कानून मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करते हैं और निजीकरण को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया गणेश महतो, महेन्द्र महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य आनन्द मोहन, राम बालक सहनी , जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, राम विनोद सिंह, मोहम्मद मुमताज, मोहम्मद नाजिम, जितेंद्र कुमार रोशन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएचसी स्थानांतरण के विरोध में बिक्रम में न्याय मार्च

**बिक्रम/नबिदा संवाददाता।** बिक्रम के 115 वर्ष पुराने ब्रिटिश कालीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के स्थानांतरण के विरोध में गुरुवार को न्याय मार्च निकाला गया। आंदोलन का नेतृत्व दीपक कुमार ने किया। असपुरा पीएचसी से बिक्रम शहीद चौक तक निकाले गए मार्च में सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए। आंदोलनकारियों ने कहा कि पीएचसी के स्थानांतरण से क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुई है। शहीद चौक पर करीब एक घंटे तक सभा के कारण यातायात बाधित रहा। लोगों ने चेतावनी दी कि 15 दिनों में पीएचसी का संचालन शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज करते हुए आमरण अनशन किया जाएगा।

# केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों व वामपंथियों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बलिया (बेगूसराय)।** ट्रेड यूनियन के आह्वान पर गुरुवार को कांग्रेस एवम वामपंथी दलों ने हड़ताल के समर्थन में सड़क पर प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन के आह्वान पर देश के मजदूर संगठन के समर्थन मे गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के बलिया बाजार के स्टेशन रोड में साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राकेश सिंह, भाकपा अंचल मंत्री सनोज सरोज, इंद्रदेव राम, पूर्व मुखिया जय प्रकाश यादव के नेतृत्व मे पार्टी का झंडा हाथ लेकर पीएम नरेंद्र मोदी सरकार के विरोध में मजदूर संगठन के समर्थन नारे लगाते हुए मार्च निकाला। सरकार से नए श्रम कानून वापिस लेने, सरकार पुराने मनरेगा योजना योजना को लागु करने, अमेरिका से किसान विरोधी ट्रेड डील को तुरंत रद्द करे सरकार। इस दौरान नेताओ ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार जब से बनी है तब से गरीब, मजदूर किसान विरोधी लगातार कानून लाई जा रही है। देश मे बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसान के द्वारा उपजाई गई फसल को कोई खरीदने वाला नहीं है। मजदूर को काम नहीं मिल रहा है। मोदी पहले देश को अडानी-अंबानी के हाथों बेचा और अब देश को अमेरिका का गुलाम बनाया जा रहा है। सरकार जल्द इन काले कानून को रद्द नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस मार्च मे कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मो तारिक पप्पू कांग्रेस नेता प्रेम कुमार मिश्रा, नवीन सिन्हा, मो जाकिर, भाकपा नेता नित्यानंद सिंह, बब्लू पासवान, अनोज सिंह, मो नगीना रामरस पासवान, हरदेव सिंह, रमेश सिंह, मिंटू सिंह, मो० मतीन, लड्डू लाल, तांती तापेश्वर महतो सहित वाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# महाशिवरात्रि पर भड़काऊ नारेबाजी पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय नगर।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरुवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले में शांति सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संयुक्त आदेश जारी किया गया। पर्व के दौरान विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक, पूजा-अर्चना, अष्टयाम तथा शोभायात्राओं के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले के 115 से अधिक महत्वपूर्ण स्थलों पर दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा सशस्त्र एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के किसी भी प्रयास जैसे धार्मिक झंडों को क्षति पहुंचाना, आपत्तिजनक वस्तु फेंकना अथवा दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थलों के समक्ष विवादित नारेबाजी—पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी प्रमुख मंदिरों, जिनमें बाबा हरिगिरिधाम एवं कर्पूरी स्थान सहित अन्य प्रमुख शिवालय में भीड़ प्रबंधन हेतु प्रवेश एवं निकास के पृथक मार्ग, बैरिकेडिंग तथा सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शिवजी की बारात एवं झांकियों के लिए पूर्व निर्धारित मार्ग एवं लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। तथा जुलूसों में डीजे बजाने, आपत्तिजनक संगीत प्रसारण एवं भड़काऊ नारेबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, मेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों तथा महिला पुलिस बल की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा विद्वेषपूर्ण सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए चौबीसों घंटे प्रभावी निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु प्रत्येक अनुमंडल स्तर पर त्वरित कार्रवाई दल (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग को जुलूस मार्गों पर ढीले अथवा झूलते तारों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को जिला एवं अनुमंडल स्तर पर अलर्ट मोड में रखा गया है। विधि-व्यवस्था संधारण में स्थानीय शांति समितियों एवं स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग भी लिया जाएगा। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि वे महाशिवरात्रि का पर्व शांति, सौहार्द एवं पारस्परिक भाईचारे के साथ मनाएं, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम थाना या जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराएं।

## धरोहरों से रूबरू होना ही स्कूली बच्चों के शैक्षणिक परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी (बेगूसराय)।** मुख्यमंत्री शिक्षण परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत सिया लषण +2 विद्यालय समसा के 50 बच्चे ऐतिहासिक स्थलों के परिभ्रमण हेतु रवाना हुए। प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार ने कहा कि धरोहरों से रूबरू होना ही स्कूली बच्चों के शैक्षणिक परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूली बच्चों की टीम नालंदा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक इतिहास तथा गुप्तवंश के द्वारा बनाये गए धरोहर को देखेंगे। बौद्ध धर्म के अति महत्वपूर्ण विश्व शांति स्तूप, जैन धर्म के तीर्थंकर महावीर के परिनिर्वाण स्थल जलमंदिर पावापुरी को करीब से देखेंगे। इसके अलावे बच्चे अन्य ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण करेंगे। इससे इन बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का निकट से देखने, समझने एवं ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलेगा। इसे देखकर बच्चे किताबों की अपेक्षा ये जल्दी सीखेंगे तथा अधिक दिनों तक उनके मस्तिष्क में संस्मरण बना रहेगा।

# चार श्रम कोड के खिलाफ भोजपुर में मजदूर-कर्मचारियों की एकदिवसीय हड़ताल, सड़कों पर दिखी व्यापक एकजुटता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** चार श्रम कोड के विरोध में देशव्यापी आह्वान के तहत भोजपुर जिले में मंगलवार को संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, किसानों, मजदूरों, केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं विभिन्न सेवा संघों के आह्वान पर जिले के प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक व्यापक कार्य बहिष्कार देखने को मिला। हड़ताल के समर्थन में नगर निगम के सफाईकर्मी, चौकीदार, रोजगार सेवक, सुधा डेयरी कर्मचारी, सिंचाई कर्मी, रात्रि प्रहरी, राजस्व व लिपिक संवर्ग, शिक्षक, पंचायत सचिव, जनसेवक, ग्रामीण सहायक, आरटीपीएस कर्मी सहित अनेक विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। एक्टू के बैनर तले विभिन्न संघों ने अपने-अपने झंडों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया।

नेतृत्व बाल मुकुंद चौधरी, सुमन जी, रामानंद सिंह, रंजीत कुमार सिंह सहित अन्य ने किया। प्रदर्शनकारियों ने "चार श्रम कोड वापस लो", "स्थायी नियुक्ति लागू करो", "पुरानी पेंशन बहाल करो", "रात्रि प्रहरी का 19 माह का बकाया भुगतान करो", "संविदा कर्मियों को नियमित करो" जैसे नारे लगाए। हड़ताल के दौरान समाहरणालय, रजिस्ट्री, डीडीसी कार्यालय, नगर निगम सहित शहर के विभिन्न मार्गों से जुलूस निकालकर सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता कर्मचारी महासंघ गोप गुट के जिला अध्यक्ष रामानंद सिंह ने की, जबकि संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने चार श्रम कोड को मजदूर विरोधी बताते हुए लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। कुल मिलाकर, भोजपुर की सड़कों पर यह हड़ताल श्रमिक एकजुटता की बुलंद आवाज़ बनकर गूंजी—शांत, संगठित और साफ संदेश के साथ।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 10.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन-182-25-26, कार्य का नामः** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/सियालदह के अधीन सहायक अभियंता/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/चितपुर के अधीन रेल्स, फिटिंग्स, स्लीपर्स के आकस्मिक नवीनीकरण, टीटीआर, डीप स्क्रीनिंग, पैकिंग, एसकेवी वेल्डिंग, रेल पेंटिंग, कीचड़ निकासी, वाशिंग पिट लाइन की मरम्मत एवं अन्य सहायक कार्यों द्वारा कोलकाता यार्ड का उन्नयन। **निविदा मूल्यः** रु. 81,98,050.85, **बयाना राशिः** रु.1,64,000/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 10.03.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 10.03.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-390/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा

**17 से 23 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** गंगा नदी के समीप बसा भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गांव गजियापुर में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की सत्प्रेरणा से 17 से 23 फरवरी 2026 तक शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनने लगा है। यज्ञ को लेकर दूर दूर से ग्रामीण अपने घर आने लगे हैं। गांव की गलियों से लेकर मंदिर परिसर तक तैयारियां जोरों पर हैं। रंग बिरंगे रोशनी व सजावट अत्याधुनिक तरीके से कराया जा रहा है। भक्तों द्वारा जीयर स्वामी जी महाराज के लिए तृण कुटिया स्थापित की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक और दिव्य स्वरूप देने के लिए ग्रामीणों द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन समिति ने बताया कि परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पावन आगमन 17 फरवरी को होगा। उनके आगमन के साथ ही गांव में मंगल ध्वनि, शंखनाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। भारी संख्या में श्रद्धालु स्वामी जी का भव्य स्वागत करेंगे। कार्यक्रम इस प्रकार है- 17 से 23 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, 18 को जलभरी, 19 को मंडप प्रवेश, पूजन एवं हवन 19 से 23 तक, 20 फरवरी को शिव परिवार प्रतिमा का ग्राम भ्रमण, नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन निर्धारित किया गया है।

# सहेली स्वास्थ्य संवाद के जरिए महिलाओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर (बेगूसराय)।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड की मेहदौली पंचायत में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत सहेली स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें रूढ़िवादी भ्रांतियों से बाहर निकलने का संदेश दिया गया।पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो के नेतृत्व में आयोजित इस संवाद में महिलाओं के जीवन से जुड़े बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खुले में शौच के खतरों और नियमित रूप से स्वच्छ शौचालय के इस्तेमाल पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में मौजूद पिरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि और स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को समझाया कि स्वास्थ्य के मामले में लोक-लाज या पुरानी धारणाओं के बजाय वैज्ञानिक मानकों को अपनाना जरूरी है। वक्ताओं ने कहा कि किशोरियों और महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य ही एक स्वस्थ समाज की नींव है। इस संवाद को सफल बनाने में महिला पर्यवेक्षिका (एलएस), एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और जीविका दीदियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इन जमीनी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित किया कि वे स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को छुपाने के बजाय विशेषज्ञ की सलाह लें।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 186, 191, 197, 198, 193 एवं 194, दिनांक 11.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. :186-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में मालदा टाउन की नई क्रू लॉबी बिल्डिंग के निर्माण और मौजूदा रनिंग रूम के नवीनीकरण/संवर्धन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.1,85,99,985.25, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 191- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/मालदा के अधीन रनिंग रूम मालदा में अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,57,85,800.08, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 193- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** मंडल अभियंता-I/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/न्यू फरक्का के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी. वे/न्यू फरक्का की शाखा में चामाग्राम (छोड़कर)-न्यू फरक्का (छोड़कर)-बड़हरवा (छोड़कर) (अप और डाउन 261.0-272.0), बोनीडंगा-बोनीडंगा लिंक केबिन (अप और डाउन 0.0-1.5), बीसी कर्व (अप और डाउन 0.0-2.354) और न्यू फरक्का ए केबिन-बी केबिन (एसएल 0.0-0.9) की शाखा में विभिन्न ट्रैक गतिविधियों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 65,52,193.06, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 194- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** मंडल अभियंता-I/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी. वे/ मालदा के तहत अन्य सहायक कार्य के साथ थ्रू फिटिंग रिन्यूअल प्लेन ट्रैक 22.4 टीकेएम के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 51,75,559.43, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 197- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में मालदा मंडल की न्यू फरक्का-बड़हरवा शाखा में ब्रिज नं. 388 (5*3.66 मी.) और ब्रिज नं. 392 (3*3.66 मी.) के आरसीसी जैकेटिंग के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,60,05,264.49, **क्रम सं. 6, निविदा सं. 198- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में मालदा मंडल की न्यू फरक्का-बड़हरवा शाखा में किमी 258/11-12 पर ब्रिज संख्या 386/डी (16X4.57 मी) (स्पैन संख्या 1,9,10,12,13,14,15) के क्षतिग्रस्त आरसीसी स्लैब के प्रतिस्थापन और जैकेटिंग कार्य के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,35,97,644.65, **निविदा की अंतिम तिथि/समयः** दिनांक 05.03.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें।

MLD-323/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता के लिए नए विचारों के साथ करना होगा समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, (जीजीआइएमएस) रामजानपुर में "नवाचार एवं उद्यमिता" विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता तथा उद्यमशील दृष्टिकोण का विकास करना है ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. सुधा झा ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नवाचार, समस्या-समाधान और उद्यमिता के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी और अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रश्नोत्तर सत्र में अतिथियों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। सहायक प्राध्यापक विवेक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. ऋषि कांत, गौरव रविराज, प्राचार्या प्रो. सुधा झा, सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान ने भविष्य में भी नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

# ट्रिपल मर्डर केस में आरोपित को मिली फांसी की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय कोर्ट।** जिला न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने तिहरे मर्डर केस में एक आरोपित को अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दोषी घोषित किया जबकि 2 आरोपित को संदेह का लाभ देकर रिहा कर दिया। न्यायालय ने आरोपित विकास सिंह को तिहरे मर्डर करने का दोषी पाकर फांसी की सजा सुनाई। जबकि पिछले तारीख को आरोपित रामनिवास यादव, सरिता देवी को संदेह का लाभ देकर रिहा कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपित विकास सिंह 4 बीघा जमीन विवाद को लेकर वर्ष 2012 में अपने चाचा अरुण सिंह और वर्ष 2017 मे चाची मुन्नी देवी की हत्या कर दी थी। इन दोनो हत्याकांड में मृतक कुणाल सिंह गवाह था। आरोपित विकास सिंह अपने भाई मृतक कुणाल सिंह को न्यायालय में गवाही नही देने का दबाब बना रहा था। चाचा- चाची के मर्डर केस के गवाह कुणाल सिंह ने जब आरोपित विकास कुमार की बात नही मानी तब विकास सिंह अपने अन्य साथी के साथ मिलकर सिंघौल थाना के मचहा में दीपावली की रात्री 27 अक्टूबर 2019 को 10 बजे रात्रि में अपने भाई कुणाल सिंह भाभी कंचन देवी एवं भतीजी सोनम कुमारी की हत्या करके घर से निकल रहा था तभी भतीजा सूचक शिवम कुमार दरवाजे पर मिल गया। शिवम कुमार को देखते ही आरोपित विकास ने शिवम कुमार के सीने पर पिस्तौल सटाकर गोली चलाया मगर संयोग से गोली नहीं चली। जिस कारण शिवम कुमार की जान बच गई और आरोपित विकास कुमार वहां से भाग गया। शिवम कुमार जब घर के अंदर गया तो देखा कि शिवम कुमार के पिता कुणाल सिंह माता कंचन देवी एवं बहन सोनम कुमारी खून से लथपथ जमीन पर मृत अवस्था में पड़ी हुई है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने महत्वपूर्ण गवाह बाबू साहब सिंह, विजय सिंह, डॉक्टर संजय कुमार, मृतक कुणाल सिंह का छोटा पुत्र सत्यम कुमार, शिवम कुमार अनुसंधान कर्ता मनीष कुमार सिंह की गवाही न्यायालय में करवायी थी जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपित को सजा सुनायी।





# खिरियावां मोड़-कासमा-गयाजी पथ का जल्द होगा टेंडर : प्रमोद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर प्रखंड के खिरियावां मोड़ (एनएच-19) से भाया कासमा होते हुए गया जी को जोड़ने वाली राज्य राजमार्ग-101 पथ के चौड़ीकरण की मांग स्वीकार कर ली गई है। इस पथ के चौड़ीकरण से क्षेत्र की आम जनता को लंबे समय से जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने इस पथ पर लगातार लगने वाले जाम और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इसके चौड़ीकरण की मांग विधानसभा में रखी थी। उन्होंने बताया कि खिरियावां मोड़ से



कासमा होते हुए गया जी तक जाने वाला यह मार्ग अत्यंत व्यस्त है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। सड़क संकरी होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे यात्रियों, स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों और आपातकालीन सेवाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मांग स्वीकार होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी किए जाने की तैयारी की जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही पथ चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ होगा। पथ के चौड़ीकरण से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह मार्ग मदनपुर प्रखंड के साथ-साथ गया जी आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुचारू हो सकेगा।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 48 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 48 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 20 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 6, शराब में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 395.45 लीटर देसी शराब, एक ट्रक, एक कार, 800 सीएफटी स्टोन डस्ट बरामद किया गया है। इसके अलावा 2000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट और 2 भट्ठी ध्वस्त किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1402 वाहनों की जांच की गई जिसमें 78500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरारी कलां थाना क्षेत्र के मेह के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सदुरी कर्मा गांव निवासी 45 वर्षीय संजय लाल के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार संजय लाल एनटीपीसी में काम करते थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक का एक बेटा और एक बेटी है जिनकी शादी नहीं हुई है। इस हादसे में संजय लाल की मौत से परिवार पूरी तरह टूट चुका है। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। समाजसेवी राधे प्रसाद ने बताया कि क्संजय लाल एनटीपीसी में मजदूरी का काम करते थे। परिवार के भरण पोषण की पूरी जवाबदेही उनपर थी। इस हादसे के बाद परिवार बेसहारा हो गया। वे काफी गरीब आदमी थे। जिला प्रशासन से उन्होंने मृतक के स्वजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के पास एनएच-139 पर सड़क किनारे टहल रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। गंभीर हालत में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोर डिहरी गांव निवासी रामविलास पासवान(70) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि रामविलास पासवान बुधवार की रात खाना खाने के बाद सड़क पर टहलने निकले थे तभी रेलवे ओवरब्रिज के पास बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घायल को उठाकर अस्पताल लेकर गए जहां उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की छानबीन की जा रही है।

# आशा कार्यकर्ताओं ने किया सीएस कार्यालय का घेराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (सीटू) के बैनर तले बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ के द्वारा 10 ट्रेड यूनियन के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। शहर के गांधी मैदान से निकलकर यह आक्रोश मार्च मुख्य बाजार होते हुए सदर अस्पताल पहुंची जहां सिविल सर्जन के कार्यालय का घेराव किया गया और सरकार की उदासीनता को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। ट्रेड यूनियन का मुख्य मुद्दा केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड को समाप्त करना था। इस विरोध का असर व्यापक दिखा जहां सैकड़ों की संख्या में आशा, आशा फैसिलिटेटर के साथ साथ ममता एवं कुरियर शामिल रहे। इस दौरान विभिन्न संगठनों से जुड़े हजारों कार्यकर्ता हाथों में तख्ती और बैनर लेकर सड़कों पर उतरे और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चार लेबर कोड मजदूर और कर्मचारी विरोधी हैं क्योंकि इस नए कानून के लागू होने से मजदूरों से 8 घंटे के बजाय 12 घंटे तक काम लिया जा सकेगा और कई कल्याणकारी प्रावधान समाप्त हो जाएंगे। साथ ही मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली सहायता राशि भी सीमित कर दी जाएगी। ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि विगत छह माह से आशा एवं आशा फैसिलिटेटर को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि बंद है। राज स्वास्थ्य समिति के द्वारा आवंटित 57 कार्यों के अलावा अन्य कई कार्य जैसे शराब बंदी, गृह कलह रोकना, किसानों का निबंध, आयुष्मान कार्ड बनवाना जैसे अन्य कई काम आशा कार्यकर्ताओं से लिया जा रहा है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्वामी दयानंद जन्मोत्सव सह बोधोत्सव आज से

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के दयानंद विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आज यानी शुक्रवार से दो दिवसीय स्वामी दयानंद जन्मोत्सव सह बोधोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्राचार्य वीके पाठक ने बताया कि यह आयोजन आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उप सभा बिहार, आर्य युवा समाज बिहार एवं डीएवी पब्लिक स्कूल्स, बिहार प्रक्षेत्र की ओर से इस वर्ष महर्षि दयानंद जी की 202 वीं जयन्ती के अवसर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूरे बिहार के डीएवी स्कूलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। 13 फरवरी को शाम 5 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं 14 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से 101 कुण्डीय विश्व कल्याण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष सभी डीएवी संस्थाओं में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयन्ती एवं बोधोत्सव मनाकर उनके प्रति कृतज्ञता अर्पित कर विद्यार्थियों में समाज सुधार के कार्यों को विविध क्रिया-कलापों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाता है।

# रफ़ीगंज में हो डिग्री कॉलेज की स्थापना : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा में रफ़ीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने पूरे दृढ़ता और मजबूती के साथ अपने क्षेत्र की छात्राओं और छात्रों की आवाज़ उठाई। उन्होंने सदन के माध्यम से राज्य सरकार से मदनपुर एवं रफ़ीगंज प्रखंड में अविलंब डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की मांग रखी। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि वर्षों से मदनपुर और रफ़ीगंज क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज़ के शहरों की कठिन यात्रा करनी पड़ती है। यह समस्या विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए गंभीर बन जाती है, जहां शिक्षा की दूरी केवल किलोमीटर तक सीमित नहीं रह जाती बल्कि अवसरों की दूरी में बदल जाती है। संसाधनों के अभाव में कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ती है, जो समाज और राज्य दोनों के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने सदन में स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की आधारशिला है। यदि मदनपुर और रफ़ीगंज प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना होती है, तो इससे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। इससे विशेष रूप से छात्राओं की शिक्षा सुरक्षित और सुगम बनेगी। विधायक ने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थान खुलने से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और रफ़ीगंज विधानसभा क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने दोहराया कि उनका संकल्प है कि रफ़ीगंज क्षेत्र का कोई भी छात्र या छात्रा केवल दूरी या संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे।

# फरार दो अपराधियों पर पांच-पांच हजार रूपये का इनाम घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराधियों के खिलाफ पुलिस अभियान चला आपराधिक घटनाओं पर नकेल लगाने की कोशिश कर रही है। इसको लेकर एक महिला से छिनतई मामले में फरार दो अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया है। पुलिस के मुताबिक सूचना देने वालों को प्रति अपराधी पांच-पांच हजार रूपये पुरस्कार दिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक दाउदनगर थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव के मोड़ पर बीते दिनों एक महिला से 50 हजार रूपये की छिनतई हुई थी जिसमें महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने घटना में अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज़ जारी करते हुए कहा कि सही सूचना देने और गिरफ्तारी में मदद करने वालों को इनाम की राशि दी जाएगी। उनकी पहचान भी गुप्त रखी जायेगी। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द दोनों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। ये दोनों एक महिला से 50 हजार रूपये छिनतई मामले में फरार है। महिला के अनुसार पीएनबी से पैसे निकालकर जैसे ही महिला अंकोरहा गांव के मोड़ पर पहुंची अपराधियों ने झपटा मारकर उसके पैसे छिनतई कर ली। उन्होंने कहा कि सूचना देने और गिरफ्तारी में मदद करने वालों को इनाम की राशि दी जाएगी। उनकी पहचान भी गुप्त रखी जायेगी।

# एनडीपीएस मामले में तीन दोषियों को दस-दस साल की सजा, एक-एक लाख जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद स्थित एनडीपीएस स्पेशल कोर्ट ने अम्बा थाना कांड संख्या 73/22 में सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी करते हुए तीनों दोषियों को दस-दस वर्ष के कठोर कारावास तथा एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने यह फैसला दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद भरी अदालत में सुनाया। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि अभियुक्त नंद कुमार भारद्वाज (चेनारी), धीरज पाठक (शिवसागर) एवं रोशन कुमार (चेनारी) को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी(2) एवं 25 के तहत दोषी ठहराया गया। इससे पूर्व 29 जनवरी 2026 को अदालत ने तीनों अभियुक्तों को दोषसिद्ध करार दिया था। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। प्राथमिकी सूचक अम्बा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर एक स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी ली थी, जिसमें 29 पैकेट गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का कुल वजन 138.750 किलोग्राम पाया गया था, जिसके साथ तीनों अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया था। सजा की बिंदु पर बचाव पक्ष ने न्यूनतम सजा की मांग की, जबकि अभियोजन ने बरामदगी की मात्रा को देखते हुए अधिकतम सजा की मांग रखी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने तीनों दोषियों को कठोर कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई।

# डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सदर प्रखंड परिसर स्थित वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का अलग (सेग्रिगेशन) कर सुरक्षित रखने हेतु ईवीएम गोदाम (वेयर हाउस) निर्धारित प्रक्रिया के तहत खोला गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधान सभा आम निर्वाचन - 2025 के क्रम में 219- गोह विधान सभा एवं 221- नबीनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में दायर निर्वाचन वाद से संबंधित ईवीएम और वीवी पैट मशीनों को वेयर हाउस में अलग (सेग्रिगेशन) कर सुरक्षित रखने हेतु ईवीएम गोदाम (वेयर हाउस) निर्धारित प्रक्रिया के तहत खोला गया। इस अवसर पर



वेयर हाउस खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप, सुरक्षा मानकों एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए संपन्न कराई गई। संबंधित ईवीएम और वीवी पैट मशीनों की पहचान, मिलान एवं आवश्यक अभिलेखीकरण के उपरांत उन्हें पृथक रूप से सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान निर्वाची पदाधिकारी-221 (नबीनगर)-सह-भूमि सुधार उप समाहर्त्ता श्वेतांक लाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, वेयर हाउस प्रभारी-सह-सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं 219-गोह विधान सभा के प्रत्याशी प्रतिनिधि पंकज कुमार, जनता दल यू से गुड्डू सिंह, जयप्रकाश कुमार, आरजेडी से अमोद कुमार चंद्रवंशी, डॉ रमेश यादव, शशि सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छापेमारी में छह वारंटी गिरफ्तार

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** कुटुंबा और अंबा थाना की पुलिस ने बुधवार की रात्रि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान ने बताया कि छापेमारी के दौरान ढीबर गांव से छठु चौहान और मुकेश मेहता को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि थानाक्षेत्र के बुधुआ बरियावां टोले कुम्हार बिगहा गांव से रामानंद साव, चिल्हकी बिगहा से सुरेश शर्मा, आजाद बिगहा से विनोद भुईयां तथा पांडेय बिगहा से राकेश कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उक्त सभी के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानतीय वारंट निर्गत किया गया था। गिरफ्तारी के पश्चात आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मौर्य एवं भीम आर्मी ने निकाली रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** यूजीसी एक्ट लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को शहर में ओबीसी, एससी-एसटी समाज के लोगों ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च निकाल। मार्च का आयोजन मौर्य आर्मी एवं भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। पैदल मार्च की शुरुआत गांधी मैदान से हुई। गांधी मैदान से निकलकर जुलूस मुख्य बाजार, होते हुए रमेश चौक पहुंचा। पूरे मार्ग में मार्च के दौरान शहर का माहौल नारों से गूंजता रहा। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने जुलूस का समर्थन भी किया। रमेश चौक पहुंचकर सभा का आयोजन किया गया जहां वक्ताओं ने यूजीसी एक्ट को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौर्य आर्मी के संयोजक विकास मेहता और संचालन भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष करण पासवान ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विकास मेहता ने कहा कि यूजीसी एक्ट को प्रभावी रूप से लागू करना समय की मांग है। इससे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों को उच्च शिक्षा में समान अवसर मिल सकेगा और शैक्षणिक व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक पहल करनी चाहिए। करण पासवान ने कहा कि ओबीसी, और एससी-एसटी समाज शिक्षा के क्षेत्र में बराबरी का हक चाहता है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा में समान भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक सामाजिक न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने सभी समुदायों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने की अपील की। आयोजकों ने आगामी दिनों में जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान सम्राट राहुल मौर्य, श्रवण मेहता, संजीव कुशवाहा, मोहन राम, दिगंबर भुइयां, रोहित कुमार, निशार अहमद, करण भुइयां, अतुल कुशवाहा, अरुण मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


